वार्षिक रिपोर्ट
1987–88

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

विषय सूची

आभार ज्ञापन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् अपने अध्यक्ष, केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार, द्वारा मार्गदर्शन दिए जाने के लिए उनकी ऋणी है। परिषद् अपने शासी निकाय के अन्य विशिष्ट सदस्यों के प्रति भी आभारी है जिन्होंने परिषद् के मामलों में गहरी रुचि और सहायता प्रदान की । परिषद् उन विशेषज्ञों को भी धन्यवाद देती है जिन्होंने इसकी विभिन्न समितियों में काम करने के लिए अपना बहुमूल्य समय दिया और कई अन्य तरीकों से भी सहायता की । राज्य शिक्षा विभागों व राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों/संस्थानों/राज्य शिक्षा संस्थानों सहित वे सभी संगठन व संस्थाएं धन्यवाद की पात्र हैं जिन्होंने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के साथ सहयोग किया तथा उनकी गतिविधियां चलाने में पूरी सहायता दी । यू०एन०डी०पी०, यूनेस्को, यूनीसेफ, यू०एन०एफ०पी०ए०, जी०टी०जेड०, तथा ब्रिटिश काउंसिल द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु प्राप्त सहयोग के लिए भी परिषद् अपना आभार व्यक्त करती है । परिषद् अपने स्टाफ के सभी स्तरों के सदस्यों द्वारा किए गए कार्य की भी प्रशंसा करती है जिनके योगदान व निष्ठा के अभाव में इसके कार्यक्रम सफलतापूर्वक कार्यान्वित न हो पाते । परिषद् उन हज़ारों अध्यापकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों व जनता के सदस्यों के प्रति भी आभार ज्ञापित करती है जिन्होंने वर्ष 1987–88 में परिषद् के प्रकाशनों व कार्यक्रमों के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए परिषद् के विभिन्न घटकों को पत्र भेजे जो कि और बेहतर कार्य-निष्पादन के लिए सतत् प्रेरणास्रोत सिद्ध हुए ।

1987-88

एक

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् : भूमिका और संरचना

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्(रा०शै०अनु०प्र०परि०) जिसकी स्थापना 1 सितंबर, 1961 को की गई, संस्था पंजीकरण अधिनियम (1860) के अन्तर्गत एक स्वायत्त संगठन है ।

भूमिका और प्रकार्य

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (रा०शै०अनु०प्र०परि०) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के एक अकादमिक सलाहकार के रूप में कार्य करती है । शिक्षा क्षेत्र में और विशेषकर स्कूली शिक्षा में रा०शै०अनु०प्र०परि० मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सहायता तथा सलाह प्रदान करती है । स्कूली शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा में नीतियों तथा कार्यक्रमों के प्रतिपादन और कार्यान्वयन में मंत्रालय बहुधा रा०शै०अनु०प्र०परि० की विशेषज्ञता पर निर्भर रहता है । परिषद् की सारी धनराशि भारत सरकार वहन करती है ।

स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना रा०शै०अनु०प्र०परि० का एक प्रमुख लक्ष्य है । शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के अपने प्रयास के लिए परिषद् :

- स्कूली शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान करती है, उसमें सहायता पहुंचाती है, उसे प्रोन्नत करती है और उसे समन्वित करती है :
- मुख्यतः उच्चस्तर पर सेवापूर्व और सेवा–दौरान प्रशिक्षण आयोजित करती है :
- शैक्षिक पुनर्निर्माण में रत संस्थाओं, संगठनों व अभिकरणों के लिए विस्तार सेवाएं व्यवस्थित करती है :
- परिष्कृत शैक्षिक प्रविधियों, अभ्यासों और खोजों से विकास व प्रयोग करती है :
- शैक्षिक सूचना को एकत्र, संकलित, संसाधित तथा प्रसारित करती है :
- स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए वह राज्यों, राज्यस्तर की संस्थाओं, संगठनों और अभिकरणों के कार्यक्रम कार्यान्वित एवं विकसित करने के लिए सहायता प्रदान करती है:
- यूनेस्को, यूनीसेफ आदि अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों तथा अन्य देशों की राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक संस्थाओं से वह सहयोग स्थापित करती है :
- वह दूसरे देशों के शैक्षिक कार्मिकों को प्रशिक्षण व अध्ययन की सुविधाएं प्रदान करती है, और
- वह राष्ट्रीय अध्यापक परिषद् एवं एशिया व प्रशांत शैक्षिक विकास खोज कार्यक्रम के राष्ट्रीय विकास दल, यूनेस्को, बैंकाक के लिए अकादमिक सचिवालय के रूप में कार्य करती है ।

कार्यक्रम और गतिविधियां

अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु परिषद् निम्नलिखित कार्यक्रमों और गतिविधियों को हाथ में लेती है :

अनुसंधान

स्कूली शिक्षा के अनुसंधान में एक शिखर राष्ट्रीय संस्था होने के नाते रा०शै०अनु०प्र०परि० अनुसंधान को संगठित करने तथा उसे समर्थन प्रदान करने एवं शैक्षिक अनुसंधान में कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रकार्य निष्पादित करती है ।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभागों, क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों तथा केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान ने पाठ्यचर्या योजना व विकास संबंधी अनुसंधान, अनुदेशी सामग्रियों का विकास, बाल विकास, शैक्षिक मनोविज्ञान और मार्गदर्शन, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, शिक्षण सहायक सामग्रियां, अध्यापक शिक्षा और शैक्षिक मूल्यांकन, इत्यादि कार्यक्रमों को हाथ में लिया है ।

व्यक्तियों और संगठनों को वित्तीय सहायता तथा अकादमिक आदान–प्रदान द्वारा रा०शै०अनु०प्र०परि० अनुसंधान कार्यक्रमों को बल प्रदान करती है । पी–एच० डी० शोधप्रबंधों को प्रकाशित करने के लिए विद्वानों को सहायता प्रदान की जाती है । परिषद् कनिष्ठ और वरिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियां भी प्रदान करती है ताकि शैक्षिक समस्याओं की जांच–पड़ताल की जा सके और योग्य अनुसंधान कार्यकर्ताओं का एक दल सृजित किया जा सके । देश में शिक्षा के अनेक पहलुओं पर आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए यह शैक्षिक सर्वेक्षण भी समय–समय पर संचालित करती है । आकड़ों को जमा करने, उन्हें पुनः प्राप्त करने तथा उन्हें संसाधित करने के लिए परिषद् के पास एक टर्मिनल कम्प्यूटर है । अन्तर्देशीय अनुसंधान परियोजनाओं में यह अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों से भी सहयोग स्थापित करती है ।

विकास

स्कूली शिक्षा में विकासात्मक गतिविधियों का परिषद् के प्रकार्यों में एक महत्वपूर्ण स्थान है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति (रा० शि० नी० 1986) के कार्यान्वयन के लिए यह प्रकार्य और अधिक दायित्वपूर्ण हो गया है ।

इनमें उल्लेखनीय हैं स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर पाठ्यक्रमों व अनुदेशी सामग्रियों का विकास तथा उनसे संबंधित समाज और बच्चों की बदलती तथा बढ़ती हुई आवश्यकताएं । परिषद् की खोजपरक विकासात्मक गतिविधियों में अनौपचारिक शिक्षा, शिक्षा व्यवसायीकरण और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्रों में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्रियों का विकास भी शामिल है । विकासात्मक गतिविधियां शैक्षिक प्रौद्योगिकी, जनसंख्या शिक्षा, अपंग शिक्षा क्षेत्रों में भी हाथ में ली जाती है ।

प्रशिक्षण

विभिन्न स्तरों जैसे प्राथमिक-पूर्व, प्रारंभिक और माध्यमिक स्तरों पर और ऐसे क्षेत्रों में भी जैसे व्यावसायिक शिक्षा, मार्गदर्शन और विशिष्ट शिक्षा में सेवा-पूर्व और सेवा-दौरान प्रशिक्षण प्रदान करना परिषद् की गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है । क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों में सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों में कुछ खोजपरक विशिष्टताएं सम्मिलित की गई हैं, जैसे विषयवस्तु का एकीकरण और शिक्षण क्रियाविधि, वास्तविक क्लासरूम सेटिंग में अध्यापक-प्रशिक्षणार्थियों की दीर्घकालिक स्थानबद्धता तथा समुदाय कार्य में विद्यार्थियों व संकायों की सहभागिता । राज्यों तथा राज्यस्तर संस्थाओं के मूल कार्मिकों तथा अध्यापक शिक्षकों व सेवा-दौरान अध्यापकों के प्रशिक्षण पर भी बल दिया जाता है ।

विस्तार

शिक्षा-विस्तार में रा०शै०अनु०प्र०परि० का एक वृहत् कार्यक्रम है जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभाग, क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान तथा राज्यों के क्षेत्र सलाहकारों के अधिकारी अनेक प्रकारों से रत हैं । राज्यों में परिषद् विभिन्न अभिकरणों तथा संस्थाओं से निकट सहयोग स्थापित करके कार्य करती है और विभिन्न श्रेणियों के कार्मिकों, जैसे अध्यापकों, शैक्षिक प्रशासकों, प्राश्निकों और पाठ्यपुस्तक लेखकों आदि को सहायता प्रदान करने हेतु विस्तार सेवा विभागों और स्कूलों व कालेजों के अध्यापक प्रशिक्षण केन्द्रों के साथ विस्तारपूर्वक कार्य करती है । सम्मेलन, संगोष्ठियां, कार्यशालाएं और प्रतियोगिताएं नियमित रूप से चलने वाले कार्यक्रमों की भांति आयोजित किये जाते हैं । अनेक कार्यक्रम ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में आयोजित किये जाते हैं जहां कि अपनी विशेष समस्याएं हैं और जहां विशेष प्रयासों की आवश्यकता है । विकलांगों तथा समाज के लाभवंचित वर्गों की शिक्षा हेतु परिषद् के पृथक कार्यक्रम हैं । परिषद् के विस्तार कार्यक्रम देश के सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के लिए हैं ।

प्रकाशन तथा प्रसार

रा०शै०अनु०प्र०परि० पहली से बारहवीं कक्षाओं के लिए विभिन्न स्कूली विषयों में पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित करती है । वह कार्यपुस्तकें, अध्यापक मार्गदर्शिकाएं, पूरक पाठमालाएं, अनुसंधान प्रतिवेदन आदि भी प्रकाशित करती हैं । इनके अतिरिक्त परिषद् अध्यापक शिक्षकों, अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों और सेवा-दौरान अध्यापकों के प्रयोग के लिए अनुदेशी सामग्रियां भी प्रकाशित करती है । अनुसंधान और विकासात्मक कार्य के बाद तैयार अनुदेशी सामग्रियां राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों के विभिन्न अभिकरणों के लिए आदर्श सामग्री का कार्य करती है । फिर इन्हें राज्यस्तर अभिकरणों को ग्रहण व रूपांतरण हेतु उपलब्ध कराया जाता है । पाठ्यपुस्तकों को अंग्रेज़ी, हिंदी और उर्दू में प्रकाशित किया जाता है ।

शैक्षिक सूचना के प्रसार हेतु रा०शै०अनु०प्र०परि० पांच पत्रिकाएं प्रकाशित करती है : (1) प्राथमिक अध्यापक पत्रिका (अंग्रेज़ी और हिंदी दोनों में प्रकाशित) का लक्ष्य है क्लासरूम में सीधे प्रयोग के लिए प्राथमिक स्कूल अध्यापकों को अर्थपूर्ण और प्रासंगिक सामग्री प्रदान करना, (2) स्कूल साइंस पत्रिका: यह विज्ञान-शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हेतु एक खुला मंच प्रदान करती है, (3) जरनल आफ इंडियन एजुकेशन: यह चर्चा द्वारा वर्तमान शैक्षिक समस्याओं पर मौलिक और समीक्षात्मक सोच विचार के लिए मंच प्रदान करता है, (4) दि इंडियन एजुकेशनल रिव्यू में अनुसंधान लेख होते हैं और अनुसंधान कार्यकर्ताओं के लिए मंच प्रदान करता है, (5) आधुनिक भारतीय शिक्षा पत्रिका (हिंदी में प्रकाशित) समकालीन समस्याओं पर शिक्षा विषयक समीक्षात्मक सोचविचार को प्रोत्साहन देने के लिए मंच प्रदान करती है तथा शैक्षिक समस्याओं एवं प्रक्रियाओं के लिए विचारों को प्रसारित करती है । इनके अलावा एक कार्यालय पत्रिका, जिसे समाचार-पत्र कहा जाता है, भी हर मास प्रकाशित की जाती है । इनके साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा कालेज अपनी-अपनी पत्रिका स्वयं प्रकाशित करता है ।

शैक्षिक मूल्यांकन

विशेषकर राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण से पाठ्यपुस्तकों और दूसरी सामग्रियों का मूल्यांकन निरंतर चलने वाली प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है । इसी उद्देश्य से प्रक्रियाओं, उपकरणों और प्रविधियों को विकसित किया गया है । स्कूली पाठ्यपुस्तकों के अकादमिक व भौतिक पक्षों के मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतों और प्रक्रियाओं को भी निर्मित किया गया है । स्कूल प्रयोक्ताओं से प्राप्त फीडबैक पाठ्यपुस्तकों के संशोधन में सहायक सिद्ध होती है ।

विनिमय कार्यक्रम

विशिष्ट शैक्षिक समस्याओं के अध्ययन तथा विकासशील राष्ट्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यवस्थित करने के लिए रा०शै०अनु०प्र०परि०, यूनेस्को, यूनीसेफ, यू०एन०डी०पी० और यू०एन०एफ०पी०ए० जैसे अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ पारस्परिक आदान-प्रदान करती है । बैंकाक में यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ए०पी०ई०आई०डी० के तहत प्रायोजित सहचारी केंद्रों में से यह एक है । यह एशियाई शैक्षिक खोज और विकास केंद्र के राष्ट्रीय विकास दल के सचिवालय के रूप में भी कार्य करती है । परिषद् सामान्यतः कार्यशालाओं में अपने को सम्बद्ध करके या सहभागिता द्वारा विकासशील देशों के शैक्षिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण सुविधाएं देती रही है ।

स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में भारत सरकार और दूसरे देशों के मध्य किए जानेवाले द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु रा०शै०अनु०प्र०परि० मुख्य अभिकरण के रूप में कार्य

करती है और इस प्रकार भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप विशिष्ट शैक्षिक समस्याओं के अध्ययन हेतु शिष्ट मंडल भेजती है तथा दूसरे देशों से आने वाले विद्वानों के लिए अध्ययन यात्राएं व प्रशिक्षण की व्यवस्था करती है। परिषद् दूसरे देशों के साथ शैक्षिक सामग्रियों का विनिमय भी करती है। अनुरोधों के प्राप्त होने पर परिषद् अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, बैठकों, परिसंवादों आदि में भाग लेने हेतु अपने संकाय सदस्यों को नामित करती है।

संरचना और प्रशासन

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रा०शै०अनु०प्र०परि० की महापरिषद् के अध्यक्ष हैं। सभी राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों के शिक्षा मंत्री महापरिषद् के सदस्य हैं। महापरिषद् के अन्य सदस्य हैं — विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि० अनु० आ०) के अध्यक्ष, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग के सचिव, विश्वविद्यालयों के चार कुलपति (प्रत्येक क्षेत्र से एक), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के अध्यक्ष, केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त, कार्यकारिणी के सभी सदस्य (जो ऊपर सम्मिलित नहीं हैं) और ऐसे व्यक्ति (बारह से अधिक नहीं) जिन्हें अध्यक्ष समय-समय पर नामित (कम से कम चार स्कूल अध्यापक होने चाहिए) करें।

रा०शै०अनु०प्र०परि० की मुख्य शासी परिषद् कार्यकारिणी समिति है जिसके केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री अध्यक्ष (पदेन) हैं और जिसमें सम्मिलित हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति राज्यमंत्री (पदेन उपाध्यक्ष के रूप में), मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग के सचिव, परिषद् के निदेशक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, स्कूली शिक्षा में रुचि रखने वाले चार शिक्षाविद (जिनमें दो स्कूल अध्यापक होंगे), परिषद् के संयुक्त निदेशक, परिषद् के संकाय के तीन सदस्य (जिनमें कम-से-कम दो प्रोफेसर और विभागाध्यक्षों के स्तर के होंगे) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक प्रतिनिधि तथा वित्त मंत्रालय का एक प्रतिनिधि (जो परिषद् का वित्तीय सलाहकार होगा)।

कार्यकारिणी समिति को अपने कार्य में सहायता देने के लिए निम्नलिखित स्थायी समितियां हैं :-

1. वित्त समिति
2. स्थापना समिति
3. भवन और निर्माण समिति
4. क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों की प्रबंध समिति
5. कार्यक्रम सलाहकार समिति
6. शैक्षिक अनुसंधान और खोजपरक समिति

परिषद् के मुख्यालय में हैं :-

1. परिषद् का सचिवालय
2. लेखा शाखा

चार वरिष्ठ पदाधिकारी जो सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं, वे हैं निदेशक, संयुक्त निदेशक, सी०आई०ई०टी० के संयुक्त निदेशक तथा सचिव। संदर्भाधीन वर्ष में निम्नलिखित अधिकारियों ने ये पद संभाले :-

डा० पी० एल० मल्होत्रा, निदेशक
डा० ए० के० जलालुद्दीन, संयुक्त निदेशक
डा० एम० एम० चौधरी, संयुक्त निदेशक, सी०आई०ई०टी०
श्री ओ० पी० केलकर, आई०ए०एस०, सचिव

अकादमिक कार्यों में निदेशक के सहायतार्थ तीन डीन हैं :-

डीन (अकादमिक) :	प्रो० पी० एन० दवे (दिसम्बर 1987 तक) डा० एच० एस० श्रीवास्तव (दिसंबर 1987 से)
डीन (अनुसंधान) :	प्रो० ए० के० शर्मा (सितम्बर 1987 तक) बाकर मेहदी (दिसंबर 1987 से)
डीन (समन्वयन) :	प्रो० बी० मेहदी (दिसंबर 1987 तक) प्रो० ए० के० शर्मा (दिसंबर 1987 से)

डीन अकादमिक एन० आई० ई० के विभागों के अकादमिक कार्य का समन्वय करते हैं। डीन अनुसंधान अनुसंधान कार्यक्रमों का समन्वय करते हैं तथा शैक्षिक अनुसंधान और खोजपरक समिति ई०आर०आई०सी० के कार्य को देखते हैं। डीन समन्वयन सेवा/उत्पादन विभागों, क्षेत्र कार्यालयों तथा क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों की गतिविधियों का समन्वय करते हैं।

1987-88 में परिषद् निम्नलिखित का संचालन कर रही थी :-
राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान एन०आई०ई०
केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान सी०आई०ई०टी०
चार क्षेत्रीय शिक्षा कालेज आर०सी०ईज़०
17 क्षेत्र एकक

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान एन०आई०ई०

वर्ष 1987-88 में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान एन०आई०ई नई दिल्ली, अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, विस्तार, मूल्यांकन और प्रसार संबंधी अपने-अपने विशिष्ट क्षेत्रों में निम्नलिखित विभाग/एकक रखती थी :-

1. सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग डी०ई०एस० एस०एच०
2. विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग डी०ई०एस० व एम०
3. स्कूलपूर्व और प्रारंभिक शिक्षा विभाग डी०पी०एस०ई०ई०
4. शिक्षा व्यवसायीकरण विभाग डी०वी०ई०
5. अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और प्रसार सेवा विभाग डी०टी० ई०एस०ई० व ई०एस०
6. मापन, मूल्यांकन, सर्वेक्षण औरआंकड़ा संसाधन विभाग डी०एम० ई०एस० व डी०पी०
7. शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन विभाग डी०ई०पी० सी० व जी०
8. क्षेत्र सेवाएं, विस्तार और समन्वय विभाग डी०एफ०एस०ई० सी०
9. नीति अनुसंधान, नियोजन और कार्यक्रम विभाग डी०पी०आर० पी० पी०

10. पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना विभाग (डी०एल०डी०आई०)
11. प्रकाशन विभाग (पी०डी०)
12. कार्यशाला विभाग (डब्ल्यू०डी०)
13. पत्रिका प्रकोष्ठ (जे०सी०)
14. अन्तर्राष्ट्रीय संबंध एकक (आई०आर०यू०)
15. महिला अध्ययन एकक (डब्ल्यू०एस०यू०)

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी०आई०ई०टी०)

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में पर्याप्त स्वायत्तता के साथ रा०शै०अनु०प्र०परि० के एक अंग के रूप में कार्य करता है । अपने कार्यक्रमों व गतिविधियों के बारे में संस्थान के मार्गदर्शन के लिए एक सलाहकार परिषद् है । सी०आई०ई०टी० के निम्नलिखित प्रमुख प्रभाग हैं :

1. शैक्षिक प्रौद्योगिकी व प्रशिक्षण प्रभाग, टी०वी० प्रभाग और सुदूर शिक्षा प्रभाग (ई०टी०टी०डी०)
2. अनुसंधान, शिक्षा और समन्वय प्रभाग (आर०ई०सी०डी०)
3. तकनीकी नियोजन, संचालन और रखरखाव प्रभाग (टी०पी० ओ०एम०डी०)
4. लेखाचित्र कला, प्रदर्शनी और मुद्रण प्रभाग (जी०ई०पी०डी०)
5. पुरालेख, सूचना व प्रलेखन प्रभाग (ए०आई०डी०डी०)
6. फिल्म और फोटो प्रभाग (एफ०पी०डी०)
7. श्रव्य-रेडियो प्रभाग (ए०आर०डी०)

क्षेत्रीय शिक्षा कालेज (आर०सी०ई़ज़०)

क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित हैं । रा०शै०अनु०प्र०परि० के नियमों के अन्तर्गत प्रबंध समिति कालेज के कार्यों के सामान्य सर्वेक्षण के लिए उत्तरदायी है । प्रबंध समिति के अध्यक्ष उस विश्वविद्यालय के कुलपति हैं जिसके साथ कालेज सम्बद्ध है । प्रिंसिपल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं । प्रबंध समिति की बैठकें वर्ष में कम-से-कम दो बार होती हैं और अध्यक्ष चाहे तो आवश्यकतानुसार किसी भी समय विशेष बैठक भी बुला सकते हैं । निर्देशों के डीन अकादमिक प्रकार्यों में कालेज प्रिंसिपल की सहायता करते हैं ।

ये कालेज आवासीय संस्थाएं हैं और उनमें प्रयोगशाला, पुस्तकालय और अन्य सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था है । प्रत्येक कालेज के साथ एक निदर्शन बहुद्देश्य स्कूल सम्बद्ध है जहां विकसित क्रियाविधियों को वास्तविक कक्षा स्थितियों में परीक्षित किया जाता है ।

क्षेत्र सलाहकार (रा०शै०अनु०प्र०परि०कार्यालय) एफ० एज़०

राज्य शिक्षा प्राधिकारियों तथा राज्यस्तर संस्थाओं, जिन्हें शिक्षा प्रणाली में अकादमिक और प्रशिक्षण निवेश प्रदान करने हेतु स्थापित किया गया है, के साथ प्रभावी तालमेल रखने के लिए निम्नलिखित स्थानों पर 17 क्षेत्र कार्यालय स्थापित किये गये हैं :

1. अहमदाबाद
2. इलाहाबाद
3. बेंगलूर
4. भोपाल
5. भुवनेश्वर
6. कलकत्ता
7. चंडीगढ़
8. गुवाहाटी
9. हैदराबाद
10. जयपुर
11. मद्रास
12. पटना
13. पुणे
14. शिलांग
15. शिमला
16. श्रीनगर
17. त्रिवेन्द्रम

एन०सी०ई०आर०टी की संरचना
सामान्य परिषद्
कार्यकारी समिति
निदेशक, एन सी ई आर टी
संयुक्त निदेशक, एन सी ई आर टी
सचिव, एन सी ई आर टी
राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान
संयुक्त निदेशक, सी आई ई टी
प्रशासन
लेखा और लेखा परीक्षा
जनसंपर्क
अकादमिक समन्वय
अकादमिक विभाग
सेवा उत्पादन
एकक/सैल
प्रभाग
उपसचिव–3
सी०ए०ओ० और आई०एफ०ए०
पी०आर०ओ०
डी०पी०आर० पी०पी०
डी०एफ०सी०सी०
स्थापना
नियुक्ति
केम्पस और कल्याण
समिति और संसद
पूर्ति और सेवा
आर०सी०ई०ज़ और एफ० एज़०
सतर्कता और कानूनी कार्य
पी०सी०ई०यू०
कार्यक्रम अनुभाग
आर०सी० इज़–4
एफ०एज़०–17
अजमेर
भोपाल
भुवनेश्वर
मैसूर
अहमदाबाद
भोपाल
चंडीगढ़
जयपुर
पूना
श्रीनगर
इलाहाबाद
भुवनेश्वर
गुवाहाटी
मद्रास
शिलांग, त्रिवेन्द्रम, बंगलौर, कलकत्ता,
हैदराबाद, पटना, शिमला
डी०आई०एस०एस०एच०
डी०आई०एस०एस०
डी०पी०एस०ई०ई०
डी०टी०एस०ई०ई०एस०
डी०आई०पी०सी०जी०
डी०एम०ई०एस०डी०पी०
डी०वी०ई०
पी०डी०
डब्ल्यू०डी०
डी०एल०डी०आई०
जे०सी०
आई०आर०
एस०ई०पी०
हिन्दी सैल
ई०टी०टी०डी०
आर०ई०सी०डी०
टी०पी०ओ०
एम०डी०
जी०ई०पी०डी०
ए०आई०डी०डी०
एफ०पी०डी०
ए०आर०डी०

1987-88

दो

वर्ष 1987–88 की गतिविधियों पर एक विहंगम दृष्टि

संदर्भाधीन अवधि में परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–1986 के कार्यान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की तथा देश में स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए सतत और नियोजित प्रयास किए । वर्ष 1987–88 में परिषद् के कार्यक्रमों और परियोजनाओं के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण पहलू इस प्रकार थे — शैशवकालीन शिक्षा, प्रारंभिक शिक्षा का सर्वीकरण, स्कूल स्तर पर विषयवस्तु तथा शिक्षा प्रक्रियाओं का अभिविन्यास, स्कूलों में विज्ञान शिक्षा का सुधार, कम्प्यूटर साक्षरता और स्कूल अध्ययन, उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा का व्यवसायीकरण, अध्यापक शिक्षा का पुनर्गठन एवं पुनर्संरचना, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए समान शैक्षिक अवसर प्रोन्नत करना, विकलांगों के लिए समेकित शिक्षा, शैक्षिक प्रौद्योगिकी का प्रभाव उपयोग, नवोदय विद्यालयों की स्थापना एवं प्रबंध, शैक्षिक नियोजन के लिए डेटाबेस का सृजन, प्रतिभा की पहचान व संवर्धन, शैक्षिक अनुसंधान और शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्ग–दर्शन की प्रोन्नति । शिक्षा सेक्टर में विभिन्न राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही यूनीसेफ–सहायता प्राप्त परियोजनाओं, राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना, विज्ञान उपकरण निर्माण तथा कम्प्यूटर साक्षरता और स्कूल अध्ययन (क्लास) हेतु इंडो–एफ० आर० जी० परियोजना तथा साथ ही इन्हीं परियोजनाओं के तहत सभी गतिविधियों को समन्वित तथा अनुवीक्षित करने के लिए परिषद् ने तकनीकी सहायता प्रदान करना जारी रखा । परिषद् ने अपने क्षेत्र सलाहकारों और क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के विभागों/शिक्षा निदेशालयों (एस०सी०ई०आर०टीज) तथा इसी प्रकार के अन्य अभिकरणों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पूरा सहयोग देकर सभी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों की सरकारों से निकट सम्पर्क बनाए रखा ।

शैशवकालीन शिक्षा

शैशवकालीन शिक्षा कार्यक्रम को मज़बूत करने की दिशा में परिषद् ने कई गतिविधियों को हाथ में लिया । शिशु माध्यम प्रयोगशाला (सी० एम० एल०) परियोजना के अन्तर्गत 3 से 8 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों में शैक्षिक व मनोरंजक मूल्यवाली सामग्रियों के विकास से संबंधित गतिविधियां जारी रखी गईं । शैशवकालीन शिक्षा (ई०सी०ई०) परियोजना के अन्तर्गत ; शैशवकालीन शिक्षा एककों की स्थापना और उन्हें मज़बूत बनाने, अध्यापक शिक्षकों व स्कूलपूर्व अध्यापकों के प्रशिक्षण तथा शैशवकालीन शिक्षा के लिए सीखने व खेलने की सामग्री के विकास के लिए दस राज्यों को सहायता प्रदान की गई । शैशवकालीन प्रेरणा की एक वैकल्पिक कार्य नीति विकसित करने के प्रयास के रूप में बाल विकास में एक गृह–आधारित कार्यक्रम उड़ीसा के जनजातीय और शहरी गंदी बस्तियों में परीक्षित किया गया । बाल–बालकार्यक्रम संबंधी गतिविधियों के तहत बड़े बच्चों को उचित ज्ञान द्वारा स्वस्थ रहने की शिक्षा प्रदान करके फिर उन्हें परिवार व समुदाय के छोटे बच्चों में शिक्षकों की भूमिका अदा कर उन्हें स्वस्थ रहने के बारे में शिक्षित करते हैं । इनके अतिरिक्त स्कूल–पूर्व तथा आरंभिक प्राथमिक स्टेजों पर अध्यापकों के मध्य खिलौनों की महत्ता और शैक्षिक खेलों और खेल द्वारा शिक्षण–विधि की जागृति विकसित करने के लिए खिलौने बनाने संबंधी एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में वे स्कूलपूर्व और प्राथमिक स्कूल के अध्यापक उपस्थित थे जो परिषद् द्वारा आयोजित खिलौना बनाना प्रतियोगिताओं में राज्यस्तर पर प्रथम पुरस्कार विजेता थे ।

प्रारंभिक शिक्षा

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा चालू की गई "आप्रेशन ब्लैक बोर्ड" योजना के अधीन देश में प्राथमिक स्कूलों को दी जाने वाली अनिवार्य वस्तुओं के मानदंडों और विनिर्देशनों के विकास का दायित्व परिषद् ने अपने हाथ में लिया । विभिन्न वस्तुओं से संबंधित मानदंड और विनिर्देशन रा० शै०अनु०प्र०परि० द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से विकसित किए गए और उन्हें "प्राथमिक स्तर पर अनिवार्य सुविधाएं–– मान–दंड और विनिर्देशन" नामक प्रलेख के रूप में किया गया । परिषद् ने प्राथमिक स्कूल भवनों के विनिर्देशनों पर एक दिन की संगोष्ठी भी आयोजित की । इनके अतिरिक्त, केन्द्र प्रायोजित आप्रेशन ब्लैकबोर्ड योजना के अन्तर्गत धन प्राप्त करने के लिए परिषद् ने राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को परियोजना प्रस्तावों को प्रतिपादित करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की ।

प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या पुनर्नवीकरण परियोजना के अधीन लिए गए "नामांकन, अवरोधन, प्रगतिरोध और शिष्य उपलब्धि अध्ययन" के अंग के रूप में 22 राज्यों से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया गया और प्राथमिक स्तर पर शिष्य उपलब्धि पर एक अंतरिम तकनीकी रिपोर्ट तैयार की गई ।

राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में कार्यान्वित पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा व पर्यावरण स्वच्छता (एन०एच०ई०ई०एस०) नामक परियोजना के अधीन "शिष्य उपलब्धियों का अध्ययन" तथा "सामुदायिक सम्पर्क कार्यक्रम के प्रभाव का अध्ययन" पर आंकड़ा–संकलन का कार्य पूरा किया गया ।

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम से संबंधित अनुसंधान और विकास गतिविधियों तथा इन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में रत कार्मिकों का प्रशिक्षण/अभिविन्यास परिषद् का एक महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्र रहा है । परिषद् ने केंद्र प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम में सहायक होने के लिए कई गतिविधियों को हाथ में लिया । इन गतिविधियों का मुख्य बल अनुदेशी सामग्रियों तथा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के अनुकूल उचित

1987-88

शिक्षण/अधिगम मूल्यांकन कार्यनीतियों का विकास रहा है । शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए नौ राज्यों में अनौपचारिक शिक्षा के अकादमिक पक्षों के अध्ययन का कार्य पूरा किया गया तथा अंतिम जांचें दर्शाते हुए मानव संसाधन विकास मंत्रालय को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । हाथ में ली गई अन्य गतिविधियों में सम्मिलित हैं अनौपचारिक शिक्षा केंद्रों में नामांकित किए गए बच्चों की उपलब्धियों का मूल्यांकन करने के लिए मानकीकृत उपकरणों और प्रविधियों का निर्माण और अनौपचारिक शिक्षा की प्रशासनिक संरचनाओं का अध्ययन और पर्यवेक्षण व अनुवीक्षण की योजना ।केन्द्र प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए तथा विचारों और अनुभव के विनिमय के लिए परिषद् ने राज्यों के अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के प्रभारियों की एक बैठक भी की तथा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम में रत कार्मिकों के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए ।

स्कूली शिक्षा में विषयवस्तु तथा प्रक्रियाओं का पुनरभिविन्यास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप परिषद् ने स्कूली शिक्षा में विषयवस्तु तथा प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास हेतु अनेक समन्वित उपाय हाथ में लिए। इन उपायों का मुख्य दबाव था—समान कोर अवयवों वाले पाठ्यचर्या ढांचे का विकास, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा आधारित पाठ्यचर्या मार्गदर्शन सिद्धांतों और पाठ्यविवरणों का विकास, स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्टेजों के लिए न्यूनतम अधिगम स्तरों के मानदंडों को लागू करना, संशोधित पाठ्यविवरणों पर आधारित संशोधित पैकेजों का विकास, बाल–केंद्रित अधिगम कार्यनीतियों और खेल–खेल में तथा गतिविधि आधारित शिक्षण–पद्धतियों का विकास, व्यावसायिक सक्षमता सुधारने के लिए अध्यापकों तथा अन्य शैक्षिक कार्मिकों का प्रशिक्षण और परीक्षा सुधार तथा शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया सुधारने के लिए सतत और व्यापक मूल्यांकन लागू करना । स्कूल स्तर पर शिक्षा में विषयवस्तु तथा प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास के लिए रा०शै०अ०प्र०परि० द्वारा लिए गए मुख्य पग निम्न प्रकार हैं :

(क) "प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या—एक ढांचा" जिसे परिषद् ने 1986 में शिक्षा विभागों/निदेशालयों, एस०सी०ई०आर०टीज़/एस०आई०ईज़०, स्कूल/माध्यमिक शिक्षा मंडलों, विश्वविद्यालय के शिक्षा विभागों तथा राज्यस्तर के अन्य अभिकरणों की सहायता से विकसित किया गया था, उसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के प्रकाश में संशोधित किया गया । संशोधित प्रलेख "प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एक ढांचा" 11 – 12 मार्च 1988 को हुई केंद्रीय शिक्षा परामर्श मंडल (सी०ए०बी०ई०) की बैठक में परिचालित किया गया । उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए भी पाठ्यचर्या संबंधी ढांचे का एक प्रारूप तैयार किया गया था । इस पाठ्यचर्या प्रारूप पर 1987 में हैदराबाद में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में चर्चा की गई । सम्मेलन में दिए गए सुझावों के आधार पर पाठ्यचर्या प्रारूप को संशोधित किया गया ।

(ख) परिषद् द्वारा 1986–87 में तैयार प्राथमिक स्टेज के पाठ्यचर्या विकास के लिए अंतिम मार्गदर्शी सिद्धांतों को देश के विभिन्न अभिकरणों से प्राप्त सुझावों के प्रकाश में संशोधित किया गया । संशोधित प्रलेख "प्राथमिक स्टेज पर न्यूनतम अधिगम स्तर — समान कोर अवयवों सहित पाठ्यविवरण" में प्राथमिक स्टेज की सभी कक्षाओं एवं प्रत्येक पाठ्यचर्या क्षेत्र के बारे में न्यूनतम अधिगम स्तर निर्दिष्ट किये गए हैं । इनके अलावा पाठ्यचर्या मार्गदर्शी सिद्धांत और पाठ्यविवरण उच्च प्राथमिक व माध्यमिक स्टेज के सभी पाठ्यचर्या क्षेत्रों के लिए विकसित किए गए । परिषद् द्वारा विकसित पाठ्यचर्या मार्गदर्शी सिद्धांतों और पाठ्यविवरणों को राज्य–स्तर के अभिकरणों को भेजा गया ताकि वे विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्रों में आसानी से अनुदेशी पैकेजों को विकसित कर सकें ।

(ग) वर्ष 1987 में पहली, तीसरी ओर छठी कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकों सहित संशोधित अनुदेशी पैकेज प्रकाशित किए गए और अकादमिक सत्र 1987–88 में स०बी०एस०ई० से संबद्ध स्कूलों और केंद्रीय विद्यालयों में इन्हें लागू किया गया । अकादमिक सत्र 1988–89 में केंद्रीय विद्यालयों में लागू करने के लिए दूसरी, चौथी, सातवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षाओं के लिए नई पाठ्यपुस्तकें भी तैयार की गई थीं । पाठ्यपुस्तकों के विन्यास, डिजाइन, चित्रों और जिल्दबंदी में पर्याप्त सुधार लाया गया ताकि छोटे बच्चे उनकी साज–सज्जा से आकर्षित हो सकें । विज्ञान और गणित में उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्टेजों की पाठ्यपुस्तकें एक टीम, जिसमें विश्वविद्यालयों, रा०शै०अनु०प्र०परि० और अन्य राष्ट्रीय तथा राज्यस्तर की संस्थाओं के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और गणितज्ञ सम्मिलित थे, ने तैयार की । पाठ्यपुस्तकों की पाण्डुलिपियों को प्रकाशित करने से पहले इनका प्रसिद्ध विद्वानों, कार्यरत अध्यापकों, अध्यापक शिक्षकों और पाठ्यचर्या विशेषज्ञों के दलों से बड़ी बारीकी से पुनरीक्षण कराया गया ।

(घ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में निर्दिष्ट समान कोर अवयवों के आधार पर उत्कृष्ट अनुदेशी सामग्रियों के विकास के लिए विशेष प्रयास किये गये । समान कोर अवयवों से संबंधित विषयों पर कुछ उत्कृष्ट अनुदेशी सामग्रियां तैयार तथा प्रकाशित की गई । इनके अलावा, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के शिक्षण हेतु स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों के लिए पाठ्यविवरण व मार्गदर्शी सिद्धांत विकसित किए गए । स्कूली शिक्षा में मूल्य अभिविन्यास को बढ़ावा देने के लिए दो पूरक पाठमालाएं "थिंकिंग टुगेदर" और "कान्टूर आफ करेज" एक प्रयास के रूप में प्रकाशित की गई ।

(ङ) स्कूलों में संशोधित कार्य अनुभव कार्यक्रम शुरू करने के लिए कृषि, वाणिज्य, गृह विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी 20 कार्य अनुभव गतिविधियों पर अनुदेशी समितियां विकसित की गई । इनमें से पांच शिक्षा के उच्च प्राथमिक स्टेज से संबंधित हैं और 15 माध्यमिक स्टेज से । परिषद् ने कार्य अनुभव पर राज्य कर्मचारियों/प्रिंसिपलों/शिक्षा अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए । नवोदय विद्यालयों को विशेष रूप से संदर्भित करते हुए परिषद् ने कार्य अनुभव कार्यक्रम तथा शिष्य

मूल्यांकन के कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत भी विकसित किए तथा राज्यों/संघशासित क्षेत्रों से स्कूलों के प्रिंसिपलों, शिक्षा अधिकारियों तथा अन्य मूल व्यक्तियों के लिए 11 अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए ।

(च) स्कूल स्टेज पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं को पुनरभिविन्यस्त करने के प्रयास के रूप में स्कूलों में मूल्यांकन अभ्यासों को सुधारने हेतु उपाय शुरू किए गए । शिशु संवर्धन और विकास के सभी पहलुओं को समाविष्ट करते हुए सतत और व्यापक मूल्यांकन की योजना की रूपरेखा निर्मित की गई। परीक्षाओं में अनुमापन और श्रेणीकरण लागू करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत भी तैयार किए गए और जुलाई 1987 में परिषद् द्वारा अनुमापन और श्रेणीकरण पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई । इनके अतिरिक्त, स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्टेजों पर छात्रों के रिकार्डों को बनाने हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतों और प्रक्रियाओं को तैयार करने का कार्य भी शुरू किया गया। स्कूलों में मूल्यांकन अभ्यासों को सुधारने हेतु परिषद् ने शैक्षिक मूल्यांकन संबंधी संकल्पनात्मक सामग्रियों के विकास, प्रक्रिया संदर्भित परीक्षणों की तैयारी और विभिन्न विषय क्षेत्रों में लेखकीय विषय परीक्षण का कार्य भी हाथ में लिया ।

(छ) परिषद् द्वारा विकसित पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी सामग्रियों को संबंधित राज्य स्तर के अभिकरणों को ग्रहण/रूपांतरण/संशोधन हेतु परिचालित किया गया ताकि राज्य चरणबद्ध पद्धति से स्कूल प्रणाली में संशोधित अनुदेशी सामग्रियों को लागू कर सकें । राज्यों/संघशासित क्षेत्रों से विशिष्ट अनुरोधों के प्राप्त होने पर परिषद् ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे पर आधारित पाठ्यविवरणों और अनुदेशी सामग्रियों के विकास के लिए राज्य स्तर के अभिकरणों को तकनीकी सहायता प्रदान की ।

(ज) केन्द्र प्रायोजित स्कूल अध्यापक जन अभिविन्यास कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की दिशा में अध्यापकों की अभिप्रेरणा तथा व्यावसायिक क्षमता बढ़ाने के लिए तथा स्कूली शिक्षा में विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास प्रक्रिया में अपनी भूमिका अधिक कुशलतापूर्वक अदा करने के लिए 1986 से रा०शै०अनु०प्र०परि० तथा राज्य सरकारों द्वारा लगभग पांच लाख स्कूली अध्यापकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । 1987 में इस कार्यक्रम के तहत 4.55 लाख अध्यापकों को अभिविन्यस्त किया गया ।

1986 और 1987 से प्राप्त अनुभव के आधार पर अभिविन्यास कार्यक्रमों की विषयवस्तु को पुनरीक्षित किया गया । फीडबैक की प्राप्ति के आधार पर स्कूल स्टेज संबंधी शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के अभिविन्यास की ओर विशेष ध्यान देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विचारित मुख्य दबावों के बारे में भी जागरूकता उत्पन्न करने संबंधी अवयवों के अतिरिक्त विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्रों में शैक्षणिक व्यावसायिक क्षमताओं को बढ़ाने संबंधी अवयवों को सम्मिलित करने के लिए भी कार्यक्रम को पुनर्डिज़ाइन किया गया । इसी प्रयोजन के लिए प्राथमिक स्कूल अध्यापकों और माध्यमिक स्कूल अध्यापकों के लिए अलग-अलग खंडों वाले संशोधित प्रशिक्षण पैकेज तैयार किए गए । इनके अतिरिक्त अभिविन्यास प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन में सम्मिलित किये जानेवाले संकाय/स्रोत व्यक्तियों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत भी तैयार किए गए । उदित पाठ्यचर्या चिंताओं के कुछ नये कार्यक्रमों को शामिल करके इस कार्यक्रम को टेलीविज़न सहायता और ज़्यादा मज़बूत कर दी गई ।

(झ) पहली और दूसरी कक्षाओं के लिए अनुदेशी सामग्रियों का नया सेट समुचित रूप से कार्यान्वित करने के लिए केंद्रीय विद्यालयों के लगभग 1400 प्राथमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण-कार्य परिषद् ने अपने हाथ में लिया । अगस्त-अक्तूबर 1987 में केंद्रीय विद्यालय संगठन के सहयोग से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बालकेंद्रित और गतिविधि-आधारित शिक्षण कार्यनीतियां इसलिए प्रदर्शित की गई ताकि यह दर्शाया जा सके कि अधिगम को बालकों के लिए कैसे हर्षप्रद अनुभव बनाया जा सकता है ।

शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया के पुनरभिविन्यास हेतु राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता

स्कूल स्टेज पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास संबंधी कार्यान्वयन कार्यों को आसान बनाने के प्रयास के रूप में परिषद् ने योजना प्रतिपादित की जिसके तहत विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्रों में अनुदेशी सामग्रियों सहित पाठ्यपुस्तकों के विकास तथा पाठ्यचर्या के पुनर्नवीकरण संबंधी गतिविधियों को हाथ में लेने के लिए राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई । इस योजना के तहत 16 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल को (क) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान पाठ्यचर्या के संशोधन हेतु विशेषज्ञों/पाठ्यचर्या समितियों की बैठक (ख) अनुदेशी पैकेजों सहित पाठ्यपुस्तकों और अध्यापक मैनुअलों के विकास हेतु कार्यशालाओं (ग) पाठ्य पुस्तकों और अध्यापक मैनुअलों की पाण्डुलिपियों के पुनरीक्षण के लिए कार्यशालाओं (घ) कार्य अनुभव, कला शिक्षा और स्वास्थ्य व शारीरिक शिक्षा संबंधी अनुदेशी सामग्रियों के विकास हेतु कार्यशाला के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई । 1987-88 वर्ष में आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, उड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल राज्यों को तथा संघशासित दिल्ली को वित्तीय सहायता प्रदान की गई । संवर्द्धन और सहायक सामग्रियों के विकास संबंधी गतिविधियों को हाथ में लेने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल को भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई । राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे पर आधारित पाठ्यचर्या नवीकरण और अनुदेशी सामग्रियों के विकास संबंधी गतिविधियों को हाथ में लेने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल को भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई । राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे पर आधारित पाठ्यचर्या नवीकरण और अनुदेशी सामग्रियों के विकास संबंधी गतिविधियों को सम्पन्न करने के लिए परिषद् ने राज्यों/संघशासित क्षेत्रों को तकनीकी सहायता भी प्रदान की ।

1987-88

स्कूलों में विज्ञान शिक्षा को मज़बूत करना

1988 में परिषद् ने स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर विज्ञान शिक्षा में सुधार हेतु एक कार्ययोजना डिज़ाइन करने के लिए एक कार्यदल जिसमें सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक और विज्ञानशिक्षक सदस्य के रूप में थे और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष इसके अध्यक्ष थे, की स्थापना की । कार्यदल की सिफ़ारिशों के आधार पर स्कूलों में विज्ञान शिक्षा के सुधार हेतु एक केंद्र प्रायोजित योजना मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा तैयार की गई । योजना में प्रस्तावित था, उच्च माध्यमिक स्कूलों को विज्ञान किट प्रदान करना, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक में विज्ञान प्रयोगशालाओं को उच्च स्तर देना तथा मज़बूत करना, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में पुस्तकालय सुविधाएं सुधारने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना, विज्ञान अध्यापकों को प्रशिक्षण देना, विज्ञान अध्यापकों के प्रशिक्षण तथा अनुदेशी सामग्रियों के विकास के लिए विज्ञान शिक्षा संबंध जिला स्रोत केंद्रों की स्थापना तथा विज्ञान शिक्षा में खोजपरक परियोजनाओं और स्रोत सहायता गतिविधियों को हाथ में लेने हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान करना । योजना संबंधी कार्य के रूप में उच्च माध्यमिक स्कूलों के लिए परिषद् ने एक कार्यसाधक विज्ञान किट डिज़ाइन किया तथा विज्ञान किटों के प्रयोग के लिए एक मार्गदर्शिका तैयार की । परिषद् ने स्कूल पुस्तकालयों को उच्चस्तर प्रदान करने के लिए राज्यों के लिए संस्तुत पुस्तकों की एक सूची मार्गदर्शी सिद्धांत के रूप में तथा इन स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं को मज़बूत करने के लिए योजना के अधीन माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को दिए जाने हेतु एक उपकरण सूची तैयार की । योजना के कार्यान्वियन हेतु विभिन्न कार्यों को देखने के लिए परिषद् ने एक शीर्ष दल स्थापित किया तथा योजना के अन्तर्गत संचालित किए जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक मैनुअल तैयार किया ।

स्कूलों में विज्ञान शिक्षण को मज़बूत करने के अपने प्रयास के रूप में परिषद् ने अध्यापक मार्गदर्शिकाएं, प्रयोगशाला मैनुअल तथा पूरक पाठ सामग्रियां विकसित कीं । अन्य गतिविधियां जो परिषद् ने सम्पन्न कीं, उनमें शामिल थीं -- विज्ञान में रुचि बढ़ाने तथा वैज्ञानिक मिज़ाज उत्पन्न करने हेतु लोकप्रिय विज्ञान सामग्रियों का विकास, विज्ञान और गणित में प्रतिभा विकसित करने के लिए स्कूल के बाहर विज्ञान और गणित संबंधी गतिविधियों का आयोजन, स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं के प्रभावी उपयोग का अध्ययन, तथा "विज्ञान सब के लिए" संदर्भ में मुक्त सक्षमता विकसित करने के लिए विज्ञान अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों की अनुवर्ती शिक्षा पर यूनेस्को प्रायोजित उच्चस्तरीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन ।

जबलपुर में रा०शै०अनु०प्र०परि० द्वारा मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित 16वीं राष्ट्रीय बालविज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 नवम्बर 1987 को राष्ट्रपति श्री आर० वेंकटरामन द्वारा किया गया । प्रदर्शनी का सार था "विज्ञान तथा जीवन का गुण" । प्रदर्शनी में लगभग 2000 वस्तुएं भिन्न-भिन्न राज्यों/संघशासित क्षेत्रों की शामिल की गईं ।

स्कूलों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन

"स्कूलों में कम्प्यूटर साक्षरता और अध्ययन (क्लास)" परियोजना के अंतर्गत रा०शै०अनु०प्र०परि० तथा अन्य स्रोत केंद्रों द्वारा स्कूली अध्यापकों के लिए अनेक उच्चस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए । 1987-88 वर्ष में इस परियोजना का विस्तार कर 685 स्कूलों को इसके अधीन लाया गया । परिषद् ने पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और इन कार्यक्रमों के द्वारा 103 स्कूली अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया । क्लास परियोजना के अंतर्गत न आनेवाले स्कूलों के अध्यापकों को बी० बी० सी० माइक्रो साफ्टवेयर पैकेज दिखाने के लिए परिषद् ने पांच अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित किए । परियोजना में सहभागी स्कूलों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए अजमेर, भोपाल और भुवनेश्वर क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों में तीन और स्रोत केन्द्र स्थापित किए गए । इस परियोजना के अधीन सभी स्रोत केंद्रों ने अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए और स्कूलों को तकनीकी सहायता प्रदान की । कुल मिलाकर स्रोत केंद्रों द्वारा 1300 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया । 1987-88 वर्ष में क्लास परियोजना में सहभागी स्कूलों और स्रोत केंद्रों को नई देशज तकनीक से विकसित साफ्टवेयर प्रेषित किए गए ।

शिक्षा का व्यावसायीकरण

उच्चतर माध्यमिक स्टेज पर शिक्षा-व्यवसायीकरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के नियोजन और कार्यान्वियन हेतु परिषद् ने राज्यों को आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए अनेक गतिविधियों को हाथ में लिया । राज्यों के उन मूल कार्मिकों के लिए जो उच्चतर माध्यमिक स्टेज पर पहले से ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम लिए हुए हैं तथा उन राज्यों के मूल कार्मिकों के लिए जो उच्चतर माध्यमिक स्टेज पर शिक्षा के व्यवसायीकरण हेतु कार्यक्रम शुरू करने के लिए योजना बना रहे हैं, इन सबके लिए 13 अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए । इन अभिविन्यास कार्यक्रमों के माध्यम से गुजरात, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी बंगाल राज्यों के 450 मूल व्यक्तियों को उच्चतर माध्यमिक स्टेज के शिक्षा-व्यवसायीकरण संबंधी कार्यक्रमों के कार्यान्वियन के विभिन्न पहलुओं में अभिविन्यस्त किया गया । परिषद् ने विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु न्यूनतम व्यावसायिक सक्षमता आधारित पाठ्यचर्याओं के विकास तथा शिक्षा-व्यवसायीकरण के कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं के कार्यान्वियन हेतु व्यापक मार्गदर्शी सिद्धांतों के विकास संबंधी अपनी गतिविधियों को जारी रखा । शिक्षा-व्यवसायीकरण संबंधी समस्याओं और मसलों की पहचान हेतु तथा उच्चतर माध्यमिक स्टेज के शिक्षा-व्यवसायीकरण के कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वियन हेतु समुचित कार्यनीतियां विकसित करने के लिए शिक्षा के व्यवसायीकरण पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की गई ।

अध्यापक शिक्षा

अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में परिषद् ने बी०एड० छात्रों के मूल्य अभिविन्यास से संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं, आत्म-धारणा प्रवृत्तियों का अध्ययन, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व गैर-अनुसूचित जाति/गैर अनुसूचित जनजाति के अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों की उपलब्धि के साथ प्रवृत्ति

व समायोजना, भारत में अध्यापकों की स्थिति का अध्ययन तथा शिक्षा कालेजों में छात्र शिक्षक तथा अन्य प्रायोगिक कार्य के पर्यवेक्षण के लिए, उपकरणों का विकास नामक अपनी गतिविधियां जारी रखीं। अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान को बढ़वा देने के प्रयास के रूप में परिषद् ने अनुसंधान परियोजनाओं के नियोजन व रूपांकन पर एक कार्यशाला, प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए मूल व्यक्तियों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम तथा प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा में अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु विशेषज्ञों की एक बैठक आयोजित की। अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां थीं – अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या के पुनर्नवीकरण संबंधी मसलों की पहचान तथा अध्यापक शिक्षकों और अध्यापक प्रशिक्षणार्थियों के प्रयोग के लिए अनुदेशी सामग्रियों का विकास। परिषद् ने अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अध्यापक शिक्षकों के लिए छः अभिविन्यास पाठ्यक्रम भी आयोजित किए। इन पाठ्यक्रमों में 191 अध्यापक शिक्षकों ने भाग लिया। परिषद् ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् सचिवालय के रूप में कार्य करना जारी रखा तथा एन०सी०टी० ई० की सामान्य परिषद् की बैठक एवं एन०सी०टी०ई० की अकादमिक स्थायी समितियों की बैठकों संबंधी गतिविधियों के समन्वित किया। परिषद् ने अध्यापकों के लिए व्यावसायिक आचारशास्त्र संहिता के विकास के लिए, अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या ढांचे के विकास के लिए, अध्यापकों की जवाबदेही, सामाजिक और व्यावसायिक उत्तरदायित्वों के अनुमापन के लिए मानदंडों और उपकरणों के विकास के लिए तथा एन०सी०टी०ई० को स्वायत्त संस्था का दर्जा दिलाने हेतु संकल्प का प्रारूप तैयार करने के लिए एन०सी०टी०ई० को तकनीकी सहायता भी प्रदान की।

परिषद् द्वारा चलाए जा रहे चार क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने चार वर्षीय समेकित अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम बी०ए० एड्० या बी०ए०बी०एड्० डिग्री और बी०एस-सी० एड्० या बी०एस-सी० (आनर्स/पास) बी०एड्० डिग्री प्राप्त करने हेतु तथा एक वर्षीय बी० एड्० पाठ्यक्रम और एक-वर्षीय एम० एड्० पाठ्यक्रम जारी रखा। भुवनेश्वर और मैसूर के क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने दो वर्षीय एम० एस-सी० एड् पाठ्यक्रम प्रदान किए। अकादमिक सत्र 1987-88 में चार-वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम में कुल नामांकन संख्या अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर तथा मैसूर के क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों में क्रमशः 217, 385, 542 और 366 थी जबकि बी०एड्० कोर्स में कुल नामांकन संख्या क्रमशः 174, 140, 202 और 78 थी। एम० एड् कोर्स में नामांकन संख्या अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों में क्रमशः 19, 14, 22 और 30 थी। एम० एस-सी (जीव विज्ञान) में नामांकन संख्या क्षेत्रीय शिक्षा कालेज भुवनेश्वर में 42 थी जबकि भौतिकी, रसायन और गणित विषयों के एम० एस-सी० एड् कोर्स के क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, मैसूर में नामांकन संख्या 111 थी। इनके अतिरिक्त ग्रीष्म स्कूल व पत्राचार कोर्स में बी० एड्० डिग्री प्राप्त करने हेतु भोपाल और भुवनेश्वर क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों में क्रमशः नामांकन संख्या 320 और 377 थी जबकि क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, भुवनेश्वर, द्वारा सहायता प्राप्त इम्फाल के उपकेंद्र में 220 प्रत्याशी नामांकित किए गए।

क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनेक विस्तार कार्यक्रम/कार्यशालाएं/बैठकें/संगोष्ठियां भी आयोजित कीं। अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने क्रमशः कुल 9, 26, 12 और 26 कार्यक्रम आयोजित किए। इनके अतिरिक्त प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा कालेज ने स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा संबंधी अनुसंधान अध्ययन भी हाथ में लिए। क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने अनेक विद्वानों को विज्ञान शिक्षा की पी-एच० डी० डिग्री के अनुसंधान कार्य में मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा

परिषद् ने अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा संबंधी अनुसंधान और विकासात्मक गतिविधियों को जारी रखा। अनुसंधान अध्ययन जो रिपोर्टाधीन वर्ष में जारी रखे गए उनमें शामिल हैं – उत्तर प्रदेश में दसवीं कक्षा के अनुसूचित जाति तथा गैर अनुसूचित जाति विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन, क्षीण और सबल बिन्दुओं के निर्धारण हेतु प्राथमिक स्टेज पर जनजातीय विद्यार्थियों का विषयवार कार्यनिष्पादन का अध्ययन तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हेतु मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना का मूल्यांकनकारी अध्ययन/परिषद् ने आंध्र प्रदेश में गोंडी जनजातीय बच्चों के लिए पहली कक्षा के प्राइमर को तैयार करने हेतु एक कार्यदल की बैठक आयोजित की। तेलुगू लिपि को प्रयुक्त करते हुए गोंडी जनजातीय बोली में लिखित प्राइमर को बैठक में अंतिम रूप दिया गया। परिषद् ने जन-जातीय क्षेत्रों में स्थित प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के अध्यापक शिक्षकों के लिए जनजातीय शिक्षा की समस्याओं पर दो प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तथा जनजातीय क्षेत्रों में अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम में रत मूल व्यक्तियों के लिए एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम भी आयोजित किया।

शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों की शिक्षा

शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ी जातियों, विशेषकर मुसलमानों और नवबौद्धधर्मियों, द्वारा प्रबंधित स्कूलों में शैक्षिक मानकों को सुधारने के लिए परिषद् ने तकनीकी तथा वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु कई पग उठाए। परिषद् तथा क्षेत्रीय स्रोत केंद्रों (चुने हुए विश्वविद्यालयों में स्थापित) ने शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा कायम स्कूलों के प्रिंसिपलों व प्रबंधकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम इन स्कूलों के अध्यापकों के लिए पेशा मार्गदर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम, विभिन्न विषय क्षेत्रों से संबंधित शिक्षण क्रियाविधि पर कार्यशाला तथा क्षेत्रीय स्रोत केंद्रों के अवैतनिक निदेशकों तथा स्रोत व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण क्रियाविधि पर कार्यशाला आयोजित की। परिषद् द्वारा किए गए कार्यक्रमों में सम्मिलित हैं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा कायम स्कूलों के अध्यापकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा क्षेत्रीय स्रोत केंद्रों के अवैतनिक निदेशकों तथा स्रोत व्यक्तियों हेतु प्रशिक्षण क्रियाविधि पर एक कार्यशाला। शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा कायम स्कूलों में शैक्षिक मानकों के सुधारोन्मुख विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया और ओस्मानिया विश्वविद्यालय में स्थित क्षेत्रीय स्रोत केंद्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

1987-88

महिला समानता संबंधी शिक्षा

सेक्स–पक्षपात के निवारण के दृष्टिकोण से परिषद् स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्टेजों पर विहित पाठ्यपुस्तकों और पूरक पाठ्मालाओं के मूल्यांकन संबंधी अपनी गतिविधियों को जारी रखा। एक दो–दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम जोधपुर में महिला समानता और स्कूल पाठ्यचर्या पर आयोजित किया गया। 65 अध्यापकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा सेक्स–पक्षपात निवारण हेतु 85 हिंदी में लिखित पुस्तकों का मूल्यांकन तथा पुनरीक्षण किया गया। भाषा की पाठ्यपुस्तकों में सेक्स–पक्षपात के निवारण के दृष्टिकोण से एक पांच दिवसीय कार्यशाला दयावती मोदी अकादमी, मोदीपुरम में आयोजित की गई ताकि अकादमी के अध्यापकों को पाठ्य सामग्रियों के मूल्यांकन की क्रियाविधि में प्रशिक्षित किया जा सके। परिषद् ने विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञानों के शिक्षण द्वारा महिला अधिकार–शक्ति संबंधी अपनी गतिविधियों को भी जारी रखा। "महिलाओं की छवियां और मातृभाषा में पाठ्यचर्या" नामक पुस्तक के निर्माण के अपने कार्य के एक अंग के रूप में दो कार्यशालाएं पुस्तक की पाण्डुलिपि के सम्पादन तथा इसे अंतिम रूप देने हेतु आयोजित की गई। पाठ्य सामग्रियों में महिला समानता और स्थिति के अनुरूप मूल्यों को सम्मिलित करने के दृष्टिकोण से परिषद् ने अंग्रेजी की आदर्श स्रोत सामग्रियों के विकास संबंधी विभिन्न गतिविधियों को भी अपने हाथ में लिया। दो सात–दिवसीय कार्यशालाएं इन आदर्श स्रोत सामग्रियों के विकास हेतु आयोजित की गई। पूर्व आयोजित कार्यशालाओं के सहभागियों द्वारा विकसित पाठों से सामग्रियों के चयन हेतु मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद, में निरीक्षण दल की एक बैठक भी आयोजित की गई।

महिला समानता संबंधी शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के प्रयास के अंश के रूप में दक्षिणी क्षेत्र के राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के मूल व्यक्तियों के लिए महिला समानता संबंधी शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एक क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन एककों के विशेषज्ञों, शैक्षिक प्रशासकों और स्कूलों के प्रिंसिपलों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान महिला समानता की शिक्षा पर कार्य अनुसंधान परियोजनाएं विकसित की गई। इनके अतिरिक्त परिषद् ने अनौपचारिक शिक्षा कर्यक्रमों हेतु पाठ्यचर्या समृद्ध करने के उद्देश्य से और इसे लड़कियों की आवश्यकताओं के लिए प्रासंगिक बनाते हुए 6 – 14 वर्ष के आयुवर्ग की लड़कियों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पहचान हेतु एक अध्ययन भी शुरू किया।

परिषद् ने अक्तुबर 1987 में महिला समानता की शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु एक अलग महिला अध्ययन एकक की स्थापना की। वर्ष 1988–89 में शिक्षा माध्यम से महिलाओं की अधिकार–शक्ति संबंधी अनेक कार्यक्रमों/परियोजनाओं को कार्यान्वयन के लिए प्रतिपादित किया गया। इन कार्यक्रमों/परियोजनाओं के प्रतिपादन के लिए महिला अध्ययन क्षेत्र के स्रोत व्यक्तियों और विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त किया गया।

विकलांगों की शिक्षा

विकलांग बालकों के लिए समेकित शिक्षा के कार्यक्रम के कार्यान्वयन संबंधी अनेक कार्यों को हाथ में लिया। समेकित और विशेष स्कूलों के श्रवण–विकृत बालकों की भाषा वैज्ञानिक सक्षमताओं के अन्वेषण पर एक अध्ययन–कार्य के अंश के रूप में श्रवण–विकृत बच्चों के लिए एक व्यापक उपकरण विकसित किया गया। विकलांगों हेतु विशेष रूप से समेकित शिक्षा संबंधी शिक्षण–क्षमता की पहचान के लिए एक परियोजना हाथ में ली गई। विशेष शिक्षा में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञों की एक कार्यशाला आयोजित की गई ताकि विशेष शिक्षा में अनुसंधान क्षेत्रों की पहचान की जा सके। परिषद् ने समेकित सेटिंग में विकलांग बालकों को पढ़ाने वाले प्राथमिक स्कूल अध्यापकों के लिए एक गुटका तथा सामान्य शीर्षक "दिशाएं" के अन्तर्गत वीडियो कार्यक्रमों की एक श्रृंखला विकसित की। विकलांगों के लिए समेकित शिक्षा पर राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के मूल व्यक्तियों के लिए एक तीन मास का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इसने आयोजित किया। इस पाठ्यक्रम में बिहार, गुजरात, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के 18 मूल व्यक्ति उपस्थित थे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण आवश्यकताओं संबंधी एक सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इनके अलावा एक त्रैमासिक समाचार पत्र "विकलांगों के लिए संचार समान शैक्षिक अवसर" भी प्रकाशित किया गया ताकि इस प्रकार विकलांगों हेतु समेकित शिक्षा के कार्यक्रम रखने वालों स्कूलों से सूचना का आदान–प्रदान हो सके।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी का उपयोग

राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थाओं के सहयोग से केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान ने शैक्षिक प्रौद्योगिकी की उपयोगिता संबंधी अनेक गतिविधियां, जिनमें शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने हेतु रेडियो तथा टेलीफोन का प्रयोग तथा शिक्षा के प्रति व्यापक पहुंच शामिल हैं, हाथ में ली गई। अप्रैल 1987 से इनसेट– 1 बी सुविधाओं के उपयोग द्वारा संचारण हेतु ई०टी०वी० कार्यक्रमों के उत्पादन का दायित्व सरासर सी०आई०ई०टी० और एस०आई०ई०टीज० का है। सी०आई०ई०टी० और एस०आई०ई०टीज० वर्ष में 210 कार्यदिवसों पर प्रातः 3 घंटे 45 मिनट अपने कार्यक्रमों का संचारण करते हैं। हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) अहमदाबाद (गुजरात) पटना (बिहार) लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और पुणे (महाराष्ट्र) में स्थित पांच एस०आई०ई०टीज ने संचारण हेतु अपने कार्यक्रम दिए। भुवनेश्वर (उड़ीसा) स्थित एस०आई०ई०टी० वर्ष 1988–89 में संभवतः ई०टी०वी० कार्यक्रम निर्मित करने शुरू कर देगा।

सी०आई०ई०टी० ने वर्ष 1987–88 में 80 ई०टी०वी० कार्यक्रम निर्मित किए। इनमें से 13 कार्यक्रम 5–8 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के लिए थे, 35 कार्यक्रम 9–11 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के लिए थे, 10 कार्यक्रम अध्यापकों के लिए तथा 33 सामान्य कार्यक्रम थे। ई०टी०वी० कार्यक्रम पांच भाषाओं में सभी कार्य दिवसों में लगभग 3 घंटे 45 मिनट संचारित किए जाते हैं। इस परियोजना में मूलतः समाविष्ट छः राज्यों के अतिरिक्त हरियाणा, मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान और चण्डीगढ़ ये सभी एच०पी०टीज और एल०पी०टीज द्वारा ई०टी०वी० कार्यक्रम रिले किए जाते हैं। संध्या में बालकों के कार्यक्रम के प्रसारण के अंश के रूप में सी०आई०ई०टी० द्वारा निर्मित कुछ ई०टीवी० कार्यक्रम दूरदर्शन केंद्र दिल्ली तथा दूरदर्शन के अन्य केंद्रों से संचारित किए गए। सी०आई०ई०टी०

1987-88

द्वारा 9 – 11 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के लिए निर्मित एक कार्यक्रम "एयर अराउंड अस" ने 1987 में टोकियो में एन०एच० के द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक फिल्म प्रतियोगिता में एक विशेष पुरस्कार जीता । इन कार्यक्रमों के अतिरिक्त यूनेस्को, बैंकाक द्वारा प्रायोजित एक परियोजना जो माध्यमिक स्कूल अध्यापकों के लिए पर्यावरणीय शिक्षा पर बहुसंचार पैकेज निर्माण से संबंधित है, के अन्तर्गत सी०आई०ई०टी० द्वारा चार वीडियो कार्यक्रम निर्मित किए गए । इन कार्यक्रमों में से दो दूरदर्शन द्वारा राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रदर्शित किए गए ।

सी०आई०ई०टी० ने 63 श्रव्य कार्यक्रम भी निर्मित किए । इनमें समान कोर अवयवों वाले श्रव्य कार्यक्रम भी शामिल हैं जैसा कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचे में दर्शाया गया है । इनके अतिरिक्त 35 श्रव्य आलेख और 102 नर्सरी तुकांत कविताएं विकसित की गईं । क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, मैसूर द्वारा भी कुछ श्रव्य कार्यक्रम विकसित किए गए । राजस्थान के दो रेडियो स्टेशनों द्वारा संचारित सी०आई०ई०टी० का भाषा शिक्षण रेडियो कार्यक्रम को मध्यप्रदेश तक विस्तृत कर दिया गया ताकि प्राथमिक स्टेज पर हिंदी को प्रथम भाषा के रूप में पढ़ाया जा सके । टु–इन–वन सेट तथा श्रव्य कैसेटों का सेट, जिनमें पहली कक्षा के लिए श्रव्य कार्यक्रम थे, मध्यप्रदेश में होशंगाबाद जिले के 450 स्कूलों को प्रदान किए गए । सी० आई०ई०टी ने राज्य स्तर के कार्मिकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर 11 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए । 1987–88 वर्ष में आयोजित किए गए कार्यक्रमों में सम्मिलित थे टी०वी० कैमरा संचालन संबंधी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, ई०टी०वी० उपकरण रखरखाव, इ०टी०वी० उत्पादन व तकनीकी संचालन शैक्षिक रेडियो कार्यक्रमों के निर्माण हेतु आलेख लेखन, दूरदर्शन लेखचित्र आदि । इनके अतिरिक्त समेकित दूरस्थ अधिगम सामग्रियों के डिज़ाइन और विकास पर एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम और अध्यापक शिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी पर एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम भी आयोजित किया गया ।

नवोदय विद्यालयों को तकनीकी सहायता

परिषद् ने नवोदय विद्यालयों में छात्रों को प्रवेश देने के लिए चयन परीक्षण आयोजित किए तथा नवोदय विद्यालयों के अध्यापकों के लिए अभिविन्यास/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए । 1987–88 में कुल 209 नवोदय विद्यालय थे । चयन परीक्षण 26 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के 2789 सामुदायिक विकास खंडों के 209 जिलों में आयोजित किए गए । परीक्षा की कुल संख्या 2656 थी । परीक्षण 18 भाषाओं में किए गए तथा 262591 प्रत्याशी परीक्षण में बैठे । कुल मिलाकर 13804 प्रत्याशी नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चुने गए । इनमें से 10934 (79 प्रतिशत) प्रत्याशी ग्रामीण क्षेत्रों से जबकि 2870 (21 प्रतिशत) शहरी क्षेत्रों से थे । चुने हुए प्रत्याशियों में से 11298 (82 प्रतिशत) लड़के और 2506 (18 प्रतिशत) लड़कियां थीं । नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चुने गए 3804 प्रत्याशियों में से 2360 (17 प्रतिशत) अनुसूचित जातियों के थे जबकि 1602 (12 प्रतिशत) अनुसूचित जनजातियों के थे । परिषद् ने नवोदय विद्यालयों के लिए नए भर्ती किए गए अध्यापकों के लिए चार सामान्य अधिष्ठापन पाठ्यक्रम भी आयोजित किए, अंग्रेजी और हिंदी अध्यापकों के लिए दो अभिविन्यास पाठ्यक्रम, विज्ञान और गणित के शिक्षण हेतु दो अभिविन्यास पाठ्यक्रम तथा नवोदय विद्यालयों के प्रिंसिपलों के लिए दो अभिविन्यास पाठ्यक्रम । इनके अतिरिक्त रा०शै०अनु०प्र०परि० के क्षेत्रीय कार्यालयों ने राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के विभिन्न ज़िलों में नवोदय विद्यालयों की स्थापना हेतु स्थानों के चयन संबंधी कार्यों में सहायता प्रदान की ।

शैक्षिक सर्वेक्षण

पाँचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण संबंधी अनेक गतिविधियों को परिषद् ने अपने हाथ में लिया । सर्वेक्षण में हर जिले में वास सहित हर एक गाँव की गणना तथा प्राथमिक स्टेज से उच्चतर माध्यमिक स्टेज तक के हर स्कूल की गणना शामिल थी । आंकड़ा संकलन पूरा किया गया । खंड स्तर पर आंकड़ों की आरंभिक तालिका बनाई गई तथा समेकित तालिकाएं जिला स्तर पर तैयार की गईं । राज्य स्तर पर समेकित तालिकाएं तैयार करने का कार्य भी शुरू किया गया । मार्च 1988 के अंत तक अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, मिज़ोरम और सिक्किम राज्यों तथा संघशासित अण्डमान निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के लिए समेकित तालिकाएं तैयार करने का कार्य पूरा किया गया । पांचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के अतिरिक्त परिषद् ने कुछ अनुसंधान परियोजनाओं संबंधी गतिविधियां जारी रखीं । इनमें सम्मिलित थीं पुस्तकालय सुविधाओं का नमूना अध्ययन तथा चार चुने हुए राज्यों के माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में उनकी उपयोगिता, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं का गहन अध्ययन, चार चुने हुए राज्यों के माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूल भवनों का गहन अध्ययन तथा उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में शिक्षण सहायक सामग्रियों का गहन अध्ययन ।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज

परिषद् ने 10 मई 1987 को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने के संबंध में द्वितीय स्तर परीक्षा आयोजित की । प्रथम स्तर परीक्षा राज्यों/संघशासित क्षेत्रों द्वारा आयोजित की गई । सारे भारत में फैले हुए 29 केंद्रों में द्वितीय स्तर परीक्षा की गई । परिषद् द्वारा आयोजित द्वितीय स्तर परीक्षा में 3065 विद्यार्थी बैठे । इनमें से 750 विद्यार्थी, जिनमें से 70 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाती के थे, छात्रवृत्ति के लिए चुन लिए गए ।

शैक्षिक अनुसंधान

रा०शै०अनु०प्र०परि० की शैक्षिक अनुसंधान व खोजपरक समिति (ई० आर०ई०सी) ने स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान के अग्रता क्षेत्रों की पहचान तथा अनुसंधान परियोजनाओं के संचालन एवं प्रायोजन संबंधी अपना कार्य जारी रखा । वर्ष 1987–88 में ई०आर०आई०सी० द्वारा प्रायोजित दो अनुसंधान अध्ययन पूरे किए गए और 13 अनुसंधान परियोजनाओं की मसौदा रिपोर्टें प्राप्त हुईं। ई०आर०आई०सी० द्वारा दो अनुसंधान परियोजनाएं वित्तीय सहायता के लिए

1987-88

अनुमोदित की गई । ई०आर०आई०सी० ने शिक्षा में अनुसंधान के प्रबंध व प्रोन्नति के लिए एक विशेषज्ञ दल स्थापित किया तथा शिक्षा व्यवसायीकरण में दबाव क्षेत्रों की पहचान एवं समस्याओं संबंधी एक संगोष्ठी व कार्यशाला आयोजित की ।

देश में सक्षम अनुसंधानकर्ताओं का निकाय सृजित करने के लिए परिषद् ने तीन अनुसंधान क्रियाविधि पाठ्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 69 प्रतिभागी उपस्थित थे । परिषद् ने इस वर्ष चुने हुए पी-एच०डी० शोधप्रबंधों/ प्रबंधों के प्रकाशन हेतु अपनी वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली योजना को भी जारी रखा ।

शैक्षिक व व्यावसायिक मार्गदर्शन

परिषद् ने शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन क्षेत्र में अपनी गतिविधियां जारी रखीं । रिपार्टधीन वर्ष में पूरे किए गए अनुसंधान अध्ययनों में शामिल हैं माध्यमिक स्टेज पर अनुसूचित जाति बच्चों की मनोवैज्ञानिक विशेषताओं और साथ-ही-साथ शैक्षिक और व्यावसायिक नियोजन संबंधी अध्ययन एवं माध्यमिक स्टेज पर जनजातीय विद्यार्थियों के बारे में शैक्षिक और व्यावसायिक नियोजन, अकादमिक उपलब्धि और चुनी हुई मनोवैज्ञानिक और गृह-परिप्रेक्ष्य अस्थिरताओं संबंधी अध्ययन । 29 व्यक्तियों, जिनमें चार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं, को शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन में नौ मास डिप्लोमा पाठ्यक्रम द्वारा शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इनमें से 8 प्रशिक्षणार्थी बिहार, कर्नाटक, नागालैंड और पंजाब और चण्डीगढ़ प्रशासन द्वारा भेजे गए थे ।

जन-संख्या शिक्षा

परिषद् ने राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय शुरू किए । वर्ष 1987-88 में अनेक विकासात्मक और प्रशिक्षण गतिविधियां सम्पन्न की गईं । इनमें शामिल हैं आदर्श सामग्रियों का तैयार किया जाना, उच्चतर माध्यमिक स्टेज तथा प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रमों हेतु जनसंख्या शिक्षा संबंधी पाठ्यचर्या का विकास, अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों में प्रयोग के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्रियों का तैयार किया जाना, जनसंख्या शिक्षा संबंधी सारों पर राष्ट्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन तथा अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में रत मूल व्यक्तियों के लिए जनसंख्या शिक्षा पर राष्ट्र स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन ।

अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रमों के प्रावधानों के कार्यान्वयन में परिषद् ने एक प्रमुख अभिकरण के रूप में अपनी भूमिका जारी रखी । वर्ष 1987-88 में 18 देशों के शिष्टमंडलों और विशेषज्ञों ने रा०शै०अनु०प्र०परि० को देखा । परिषद् ने अफ़गानिस्तान, मालद्वीप, मारिशस, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और सोमालिया के कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए । इसने चार यूनेस्को प्रायोजित परियोजनाओं/अध्ययनों/कार्यक्रमों को अपने हाथ में लिया और एशिया व प्रशांत शैक्षिक खोज विकास कार्यक्रम के सह केंन्द्र के रूप में तथा राष्ट्रीय शैक्षिक खोज विकास दल के सचिवालय के रूप में मुख्य भूमिका अदा की । रिपोर्टाधीन वर्ष में परिषद् द्वारा लिए यूनेस्को प्रायोजित परियोजनाओं/अध्ययनों में शामिल हैं ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर माड्यूल तैयार करने की एक परियोजना, अन्तर्राष्ट्रीय मेलमिलाप, सहयोग और शांति शिक्षा संबंधी शिक्षा हेतु प्रायोगिक मार्गदर्शिकाओं के विकास की परियोजना, सार्वभौम प्राथमिक शिक्षा के संदर्भ में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने संबंधी कार्यशाला का आयोजन तथा माध्यमिक शिक्षा की नई प्रवृत्तियों और प्रक्रियाओं संबंधी ए०पी०ई०आई०डी० बैठक की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में सामान्य माध्यमिक शिक्षा के समेकित संतुलन तथा प्रासंगिकता संबंधी एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन ।

वर्ष 1987-88 में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभागों तथा रा० शै०अनु०प्र०परि० के संघटक एककों द्वारा सम्पन्न की गई गतिविधियों/कार्यक्रमों के विवरण आगामी अध्यायों में दिए गए हैं ।

1987-88

तीन

स्कूल पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा

प्राथमिक स्टेज पर शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाना स्कूलपूर्व और प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी०पी०एस०ई०ई०) का प्रमुख कार्य रहा है । वर्ष 1987–88 में यह विभाग प्राथमिक स्टेज पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं का अभिविन्यास, अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम का कार्यान्वयन, क्षेत्र–गहन शैक्षिक कार्यक्रमों का विकास तथा शैशवकालीन शिक्षा कार्यक्रमों के सुधार संबंधी अनेक गतिविधियों में कार्यरत रहा । विभिन्न राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में प्रारंभिक शिक्षा के सर्वीकरण के कार्यक्रम के संदर्भ में शिक्षा सेक्टर में कार्यान्वित की जा रही यूनीसेफ – सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए इस विभाग ने केंद्रीय, तकनीकी और समन्वय अभिकरण के रूप में अपना कार्य जारी रखा ।

प्राथमिक स्टेज पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं का पुनरभिविन्यास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986 में निर्दिष्ट शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास के प्रयासों के संदर्भ में पहली से पांचवीं कक्षाओं हेतु पाठ्यचर्या के विकास एवं पहली व दूसरी कक्षाओं के लिए अनुदेशी सामग्रियों को तैयार करना इस विभाग की प्रमुख गतिविधियों में से हैं । यूनीसेफ – सहायता प्राप्त परियोजना "प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या पुनर्नवीकरण (पी०ई०सी०आर०) " के अन्तर्गत औपचारिक स्कूल शिक्षा की प्रासंगिकता और गुण में सुधार लाने के लिए प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या तथा अनुदेशी सामग्रियों के नवीकरण संबंधी गतिविधियां जारी रखी गईं । इनके अतिरिक्त यूनीसेफ – सहायता प्राप्त परियोजना "पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणीय सफाई" के अंतर्गत पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा संबंधी सहायक गतिविधियां भी जारी रखी गईं ।

पहली और दूसरी कक्षाओं के लिए अनुदेशी सामग्रियों का विकास

स्कूल स्टेज पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं के पुनरभिविन्यास के प्रयास के अंग के रूप में इस विभाग ने 1986–87 में प्राथमिक स्टेज पर पाठ्यचर्या के विकास के लिए मसौदा मार्गदर्शी सिद्धांत विकसित किए । देश की विभिन्न संस्थाओं और अभिकरणों से प्राप्त सुझावों के आधार पर मार्गदर्शी सिद्धांतों को संशोधित किया गया और मार्च 1988 में एक संशोधित प्रलेख "प्राथमिक स्टेज पर अधिगम के न्यूनतम स्तर – समान कोर अवयवों सहित पाठ्यविवरण" प्रकाशित किया गया । इस प्रलेख में विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्रों में अधिगम के न्यूनतम स्तर, जैसे प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा (प्रथम भाषा) गणित, पर्यावरणीय अध्ययन, कला शिक्षा तथा कार्य अनुभव का विस्तारपूर्वक विवरण उपलब्ध है जैसा कि प्राथमिक स्टेज के प्रत्येक ग्रेड/कक्षा के नौसिखियों के लिए न्यूनतम अधिगम उपलब्धियों के संदर्भ में अपेक्षा की जाती है ।

वर्ष 1987–88 में इस विभाग का प्रमुख कार्य संशोधित पाठ्यविवरण के आधार पर दूसरी व चौथी कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकों सहित अनुदेशी सामग्रियों का विकास था । दूसरी व चौथी कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकों और अध्यापक मैनुअलों की पाण्डुलिपियों के विकास एवं पुनरीक्षण के लिए कई बैठकें/ कार्यशालाएं आयोजित की गई । इन बैठकों/कार्यशालाओं के विवरण तालिका 3.1 में दिए गए हैं ।

मार्च 1988 के अंत तक हिंदी, गणित, पर्यावरणीय अध्ययन कार्य अनुभव तथा कला शिक्षा की 17 पाठ्यपुस्तकों और अध्यापक मार्ग–दर्शिकाओं की पाण्डुलिपियों को अंतिम रूप दिया गया, इनमें शामिल हैं:

1. भाषा किरण (दूसरी कक्षा के लिए हिंदी में पाठ्यपुस्तक)
2. भाषा किरण (चौथी कक्षा के लिए हिंदी में पाठ्यपुस्तक)
3. लेट अस लर्न मैथमैटिक्स बुक–2 (दूसरी कक्षा के लिए गणित में पाठ्य पुस्तक)
4. आइए गणित सीखें – किताब दो (दूसरी कक्षा के लिए गणित में पाठ्यपुस्तक का हिंदी रूपांतरण)
5. लेट अस लर्न मैथमैटिक्स बुक – 4 (चौथी कक्षा के लिए गणित में पाठ्यपुस्तक)
6. आइए गणित सीखें – किताब चार (चौथी कक्षा के लिए गणित में पाठ्यपुस्तक का हिंदी रूपांतरण)
7. हमारा देश भारत (पर्यावरणी अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक का हिंदी रूपांतरण – चौथी कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययन)
8. एक्सप्लोरिंग एन्वायरनमेंट (पर्यावरणीय अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक – बुक– 2 चौथी कक्षा के लिए विज्ञान)
9. परिवेश अन्वेषण किताब दो (पर्यावरणीय अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक का हिंदी रूपांतरण – चौथी कक्षा के लिए विज्ञान)
10. टीचर्स गाइड – दूसरी कक्षा के लिए पर्यावरणीय अध्ययन
11. अध्यापक दर्शिका – परिवेश अध्ययन (दूसरी कक्षा के लिए पर्यावरणीय अध्ययनों में टीचर्स गाइड का हिंदी रूपांतरण)
12. चौथी और पाँचवी कक्षाओं के लिए, रिसोर्स बुक इन वर्क एक्सपीरिएंस
13. शिक्षक संसाधन पुस्तक – कार्य अनुभव (चौथी और पांचवी कक्षाओं के लिए रिसोर्स बुक इन वर्क एक्सपीरिएंस का हिंदी रूपांतरण)
14. आर्ट एजुकेशन – दूसरी कक्षा के अध्यापकों के लिए हैंड बुक
15. कला शिक्षा की शिक्षक पुस्तिका (दूसरी कक्षा के लिए टीचर्स हैंडबुक इन आर्ट एजुकेशन का हिंदी रूपांतरण)

1987-88

तालिका 3.1

अनुदेशी सामग्रियों के विकास के संबंध में आयोजित बैठकें/कार्यशालाएं

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	तिथियां/अवधि	सहभागियों की संख्या	
1.	गणित सलाहकार समिति की बैठक	24 व 25 अगस्त 1987 (दो दिन)	एन० सी० ई० आर० टी०	5
2.	दूसरी कक्षा के लिए हिंदी की पाठ्पुस्तक की विस्तृत रूपरेखाओं पर चर्चा हेतु सलाहकार समिति की बैठक	17 व 18 सितम्बर 1987 (दो दिन)	एन० सी ई० आर० टी०	5
3.	सृजनात्मक अभिव्यक्ति में अध्यापक मार्गदर्शिका की सलाहकार समिति की बैठक	19 से 23 सितम्बर, 1987 (पांच दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	5
4.	चौथी कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययनों की सलाहकार समिति की बैठक	28 व 29 सितम्बर, 1987 (दो दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	3
5.	चौथी और पांचवीं कार्य अनुभव कक्षाओं के लिए अध्यापक स्रोत पुस्तक हेतु सलाहकार समिति की बैठक	5 व 6 अक्तूबर, 1987 (दो दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	6
6.	चौथी कक्षा की हिंदी पाठ्यपुस्तक की रूपरेखाओं को अंतिम रूप देने हेतु सलाहकार समिति की बैठक	6 व 7 अक्तूबर, 1987 (दो दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	2
7.	चौथी कक्षा के लिए पर्यावरणीय अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक के आकार और डिज़ाइन को अंतिम रूप देने के लिए सलाहकार मंडल की बैठक	5 व 6 अक्तूबर, 1987 (दो दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	12
8.	चौथी और पांचवीं कक्षाओं हेतु कार्य अनुभव में अध्यापक स्रोत पुस्तक के निरीक्षण हेतु पुनरीक्षण समिति की बैठक	6 से 10 अक्तूबर, 1987, (पांच दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	8
9.	चौथी कक्षा में सामाजिक अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक के प्रथम मसौदे को तैयार करने हेतु विशेषज्ञ समिति की बैठक	7 से 16 अक्तूबर, 1987 (10 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	12
10.	चौथी और पांचवी कक्षाओं के लिए कार्य अनुभव के क्षेत्रों की पहचान के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक	7 से 11 अक्तूबर, 1987 (5 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	8
11.	चौथी कक्षा के लिए गणित में पाठ्यपुस्तक की पाण्डुलिपि के पुनरीक्षण के लिए कार्यशाला	12 से 18 अक्तूबर, 1987 (7 दिन)	कोयम्बतूर	9
12.	चौथी ई० वी० एस० (एस–सी०) कक्षा में पाठ्य पुस्तक की पाण्डुलिपि के पुनरीक्षण के लिए सलाहकार समिति और विषय–विशेषज्ञों की बैठक	2 से 6 नवम्बर, 1987 (6 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	16
13.	चौथी कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक के प्रथम मसौदे के पुनरीक्षण के लिए सलाहकार समिति की बैठक	5 से 7 नवम्बर, 1987 (3 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	2
14.	चौथी कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक की पाण्डुलिपि को अंतिम रूप देने के लिए कार्यदल की बैठक	6 से 11 नवम्बर, 1987 (6 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	3
15.	चौथी कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक के प्रथम मसौदे को संशोधित करने हेतु विशेषज्ञ समिति की बैठक	8 से 11 नवम्बर, 1987 (4 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	2
16.	दूसरी कक्षा के लिए हिंदी में पाठ्यपुस्तक के प्रथम मसौदे को पुनरीक्षित करने के लिए विषय विशेषज्ञों की बैठक	3 से 8 दिसम्बर, 1987 (6 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	3
17.	चौथी कक्षा के लिए हिंदी में पाठ्यपुस्तक के प्रथम मसौदे को पुनरीक्षित करने के लिए विषय विशेषज्ञों की बैठक	17 से 22 दिसम्बर, 1987 (6 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	2
18.	चौथी कक्षा के लिए सामाजिक अध्ययनों में पाठ्यपुस्तक की पाण्डुलिपि के पुनरीक्षण के लिए कार्यदल की बैठक	20 से 24 दिसम्बर, 1987 (6 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	5
19.	दूसरी कक्षा के लिए गणित में पाठ्यपुस्तक की पाण्डुलिपि के पुनरीक्षण के लिए कार्यशाला	21 से 26 दिसम्बर, 1987 (6 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	13
20.	दूसरी कक्षा के लिए हिंदी में पाठ्यपुस्तक के मसौदे को पुनरीक्षित तथा अंतिम रूप देने के लिए सलाहकार समिति की बैठक	28 से 30 दिसम्बर, 1987 (3 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	6
21.	चौथी कक्षा के लिए हिंदी में पाठ्यपुस्तक के मसौदे को पुनरीक्षित तथा अंतिम रूप देने के लिए सलाहकार समिति की बैठक	2 से 5 फरवरी, 1988 (4 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	6

तालिका 3.2

केंद्रीय विद्यालयों के स्रोत अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	तिथि/अवधि	स्थान	सहभागियों की संख्या
1.	केंद्रीय विद्यालयों के स्रोत अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	17 से 22 अगस्त, 1987 (6 दिन)	देहली	49
2.	"	28 अगस्त से 2 सितंबर 1987 (6 दिन)	बंगलौर	27
3.	"	9 से 14 सितम्बर, 1987 (6 दिन)	भोपाल	28
4.	"	9 से 14 सितम्बर, 1987 (6 दिन)	कलकत्ता	34

16. आर्ट एजूकेशन चौथी कक्षा के लिए टीचर्स हैंडबुक
17. कला शिक्षा की शिक्षक पुस्तिका
(चौथी कक्षा के लिए टीचर्स हैंडबुक इन आर्ट एजूकेशन का हिंदी रूपांतरण)

केन्द्रीय विद्यालयों के प्राथमिक स्कूल अध्यापकों का प्रशिक्षण

प्राथमिक स्टेज के संशोधित पाठ्यविवरण के आधार पर विकसित अनुदेशी सामग्रियों के नये सेट के समुचित कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय विद्यालयों के अध्यापकों को प्रशिक्षत करने के लिए एक विशेष कार्योन्मुखी कार्यक्रम हाथ में लिया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बालकेन्द्रित और गतिविधि आधारित शिक्षण क्रियाविधियां प्रदर्शित की गई। इस विभाग ने केंद्रीय विद्यालयों के स्रोत अध्यापकों के लिए चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इनके अनुसरण में देश के विभिन्न भागों के केंद्रीय विद्यालयों के प्राथमिक अध्यापकों के लिए तीस प्रशिक्षण कार्यक्रम किए गए। इन कार्यक्रमों में लगभग 1300 अध्यापकों ने भाग लिया। स्रोत अध्यापकों संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम के विवरण तालिका 3.2 में दिए गए हैं।

इनके अतिरिक्त दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए खेल-खेल में तथा गतिविधि आधारित शिक्षण क्रियाविधि संबंधी तीन प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन पाठ्यक्रमों के विवरण तालिका 3.3 में दर्शाए गए हैं।

तालिका 3.3

दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	तिथियां/अवधि	स्थान	सहभागियों की संख्या
1.	दूसरी कक्षा के लिए शिक्षण के प्रति खेल-खेल में और गतिविधि आधारित दृष्टिकोण संबंधी अभिविन्यास कार्यक्रम।	26 से 30 अक्तूबर, 87 (5 दिन)	एम० सी० डी० स्कूल, भीमनगर	29
2.	"	6 से 11 नवम्बर, 87 (6 दिन)	"	29
3.	दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक स्कूलों में पहली कक्षा के अध्यापकों के लिए शिक्षण के प्रति खेल-खेल में और गतिविधि आधारित दृष्टिकोण पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम।	16 से 18 मार्च, 1988, (3 दिन)	एन०आई०ई०कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	27

1987-88

प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या नवीकरण (पी०ई०सी०आर०)

प्राथमिक शिक्षा की प्रासंगिकता और गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रयासों के अंश के रूप में "प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या नवीकरण (पी० ई०सी०आर०)" नामक परियोजना में पाठ्यचर्या का नवीकरण, अनुदेशी सामग्रियों का विकास तथा अध्यापकों और शैक्षिक प्रशासकों की अभिविन्यास संबंधी गतिविधियां जारी रखी गईं । वर्ष 1987 में यह परियोजना 11 राज्यों और एक संघशासित क्षेत्र में चालू थी । इस परियोजना में सहभागी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों ने लगभग 120 कार्यक्रम, जिनमें अध्यापकों और शैक्षिक प्रशासकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम और अनुदेशी सामग्रियों के लेखकों और पुनरीक्षकों की कार्यशालाएं/बैठकें शामिल हैं, आयोजित किए गए । लगभग 2760 सहभागियों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया और राज्यों/संघशासित क्षेत्रों द्वारा लगभग 120 प्रकाशन निकाले गए । 1987 के अंत तक हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी बंगाल राज्यों ने अनुदेशी सामग्रियों के निर्माण का चक्र पूरा किया । इस विभाग ने अनुदेशी सामग्रियों के विकास तथा उनके पुनरीक्षण के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान की ।

वर्ष में पी०ई०सी०आर० परियोजना के अंतर्गत आनेवाले स्कूलों में "नामांकन, अवरोधन, प्रगतिरोध और शिष्य उपलब्धि" संबंधी कार्य जारी रखा गया । 22 राज्यों से प्राप्त आंकड़ों को कम्प्यूटरीकृत किया गया तथा प्राथमिक स्टेज की शिष्य उपलब्धि संबंधी अंतरिम तकनीकी रिपोर्ट तैयार की गई । इसके अतिरिक्त "पी०ई०सी०आर० परियोजना के तहत तैयार हिंदी पाठ्यपुस्तकों में प्रयुक्त शब्द-संग्रह का अध्ययन" नामक कार्य के एक हिस्से के रूप में इस परियोजना में सहभागी सभी हिंदभाषी राज्यों की चौथी कक्षा की पाठ्यपुस्तकों के शब्दसंग्रह का विश्लेषण प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर किया गया तथा शब्दसंग्रह की एक मास्टर कापी सभी राज्यों के लिए तैयार की गई । प्रत्येक शब्द की बारंबारता निर्धारित की गई तथा शब्दसूची का व्याकरणिक तथा अर्थगत विश्लेषण किया गया ।

पी०ई०सी०आर० परियोजना के अन्तर्गत इस विभाग द्वारा आयोजित प्रमुख कार्यक्रम तालिका 3.4 में दिए गए हैं ।

तालिका 3.4

पी०ई०सी०आर० परियोजना के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	अवधि	स्थान	सहभागियों की संख्या
1.	हिंदी में शब्दसंग्रह पढ़ने के अध्ययन के संबंध में कार्यदल की बैठक	6 से 16 अप्रैल, 1987 (8 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	14
2.	सृजनात्मक अभिव्यक्ति में शिष्य मूल्यांकन संबंधी अभिविन्यास कार्यक्रम	28 अप्रैल से 5 मई, 1987 (8 दिन)	एस०सी०ई०आर०टी० मद्रास	13
3.	प्राथमिक स्कूल विद्यार्थियों के हिंदी में शब्दसंग्रह पढ़ने के अध्ययन पर कार्यदल की बैठक ।	22 से 29 सितम्बर, 87 (8 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	20
4.	पी०ई०सी०आर० परियोजना के अंतर्गत हिंदी में शब्दसंग्रह पढ़ने के अध्ययन पर कार्यदल बैठक	3 से 10 नवम्बर, 1987 (8 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	15
5.	1988 के लिए कार्य योजनाएं विकसित करने हेतु समन्वयकर्ताओं की बैठक	30 नवम्बर, से 2 दिसंबर, 1987 (3 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	10
6.	पी० ई०सी०आर० परियोजना के अंतर्गत हिंदी में शब्दसंग्रह पढ़ने के अध्ययन पर कार्यदल की बैठक	22 से 29 दिसम्बर, 1987 (8 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	27

पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणीय सफाई (एन०एच०ई०ई०एस)

चल रही यूनीसेफ – सहायता प्राप्त परियोजना "पोषण स्वास्थ्य शिक्षा और पर्यावरणीय सफ़ाई" के अन्तर्गत दो अनुसंधान अध्ययन "शिष्य उपलब्धियों का अध्ययन" तथा "सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम के प्रभाव का अध्ययन" वर्ष 1987-88 में हाथ में लिए गए । वर्ष 1987 के दौरान एन०एच०ई० ई०एस० परियोजना में सहभागी हर राज्य के 30 प्रतिशत प्रोजेक्ट स्कूलों और 10 प्रोजेक्टविहीन स्कूलों के शिष्य उपलब्धि परीक्षण किए गए । इन शिष्यों के बारे में सामाजिक, आर्थिक सांस्कृतिक आंकड़े भी संकलित किए गए हैं । अधिकतर सहभागी राज्यों ने इन अध्ययनों के बारे में आकड़े संकलन, परीक्षा पत्रों में अंक-प्राप्ति तथा आंकड़ों का समेकन कार्य पूरा कर लिया । वर्ष 1987 के दौरान एन०एच०ई०ई० एस० परियोजना असम, बिहार, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में चालू रही और इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु प्रत्येक राज्य के 100 प्राथमिक स्कूल लिए गए । इस विभाग ने 1987 में परियोजना समन्वयकर्ताओं की दो बैठकें आयोजित कीं, जिनका विवरण तालिक 3.5 में दर्शाया गया है ।

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम

अनौपचारिक और सामुदायिक शिक्षा कार्यक्रम एवं इन कार्यक्रमों में रत कार्मिकों का प्रशिक्षण/अभिविन्यास संबंधी अनुसंधान तथा विकास गतिविधियां इस विभाग का महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्र हैं । सम्पन्न की गई प्रमुख गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल हैं :

तालिका 3.5

एन०एफ०ई०ई०एम० परियोजना के अंतर्गत आयोजित बैठकें

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	तिथियां/अवधि	स्थान	सहभागियों की संख्या
1.	शिष्य उपलब्धियों के अध्ययन हेतु उत्कृष्ट तालिका शीटों को अंतिम रूप देने तथा सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम के प्रभाव संबंधी राज्यों के परियोजना समन्वयकर्ताओं की बैठक ।	21 से 24 जुलाई, 1987 (चार दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	7
2.	वर्ष 1988 के लिए कार्य योजना को अंतिम रूप देने हेतु राज्यों के परियोजना समन्वयकर्ताओं की बैठक ।	30 नवम्बर से 2 दिसम्बर, 1987 (तीन दिन)	एन०आई०ई०कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	9

केंद्र प्रायोजित अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम को सहायता

राज्यों/संघशासित क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए प्रोटोटाइप अनुदेशी सामग्रियों के विकास में यह विभाग कार्यरत है । मिडल स्तर (छठी से आठवीं कक्षाओं के बराबर) के अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के लिए अनुदेशी सामग्रियां एन०एफ०ई० केंद्रों में प्रयोग के लिए विकसित की गई । एन०एफ०ई० केन्द्रों में नौसिखियों तथा अनुदेशकों के प्रयोग के लिए अधिगम पैकेज और सहायक सामग्रियों के रूप में ये सामग्रियां विकसित की गईं । इस विभाग द्वारा विकसित सामग्रियां राज्यों/ संघशासित क्षेत्रों को ग्रहण/अनुकूलन के लिए भेजी गई । एन० एफ० ई० केंद्रों में नामांकित बच्चों का प्रवेश स्तर व्यवहार और उपलब्धि मूल्यांकित करने के लिए इस विभाग ने उपकरण व परीक्षण भी विकसित किए । बच्चों की उपलब्धि के मूल्यांकन हेतु अनुदेशी/प्रशिक्षण सामग्रियां और उपकरण तथा परीक्षण विकसित करने के लिए इस विभाग द्वारा अनेक बैठकें/ कार्यशालाएं आयोजित की गईं । इन बैठकों/कार्यशालाओं के विवरण तालिका 3.6 में दिए गए हैं ।

एन. एफ. ई. कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में संलग्न कार्मिकों के लिए इस विभाग ने कुछ अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए । इन प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों के विवरण तालिका 3.7 में दिए गए हैं ।

इनके अतिरिक्त राज्यों द्वारा कार्यान्वित एन. एफ. ई. कार्यक्रम की समीक्षा के लिए तथा कार्यान्वयन अभिकरणों के सामने पेश आ रही कठिनाइयों के निवारण हेतु उपचारी उपाय विकसित करने हेतु 22 और 23 फरवरी 1988 को अनौपचारिक शिक्षा पर एक वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया ।

"एन. एफ. ई. केंद्रों में नामांकित बच्चों की उपलब्धियों के मूल्यांकन हेतु मानकीकृत उपकरणों और प्रविधियों के निर्माण" नामक परियोजना के अंतर्गत आनेवाली गतिविधियां पूरी की गईं । अनुसंधान परियोजनाओं "एन०एफ०ई० के प्रशासनिक ढांचों तथा पर्यवेक्षण के अनुवीक्षण योजना के अध्ययन" और "नौ शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े राज्यों में एन. एफ. ई. के अकादमिक पहलुओं का मूल्यांकनकारी अध्ययन" संबंधी कार्य भी इसी वर्ष पूरा किया गया ।

प्राथमिक शिक्षा के प्रति व्यापक पहुंच (सी.ए.पी.ई.)

यूनीसेफ सहायता प्राप्त परियोजना "प्राथमिक शिक्षा के प्रति व्यापक पहुंच (सी. ए. पी. ई.)" के अधीन अधिगम सामग्रियों का विकास (अधिगम घटनाएं) और प्रशासन में प्रोजैक्ट टीम सदस्यों का अभिविन्यास तथा अधिगम केंद्रों का अनुवीक्षण संबंधी गतिविधियां जारी रखी गईं । वर्ष 1987–88 में यह परियोजना 17 राज्यों में कार्यान्वित की गई । 1987–88 में इस विभाग ने परियोजना के अंतर्गत 17 कार्यक्रम आयोजित किए । इन कार्यक्रमों के विवरण तालिका 3.8 में दिए गए हैं ।

सी. ए. पी. ई. परियोजना के अंतर्गत इस विभाग ने राज्यों को विभिन्न कार्यक्रमों को चलाने हेतु तकनीकी सहायता प्रदान की । अधिगम सामग्रियों के विकास, अधिगम केंद्रों के सुविधादाताओं के प्रशिक्षण तथा प्रश्न बैंकों के विकास हेतु राज्यों को सहायता प्रदान की गई ।

सामुदायिक शिक्षा और सहभागिता में विकासात्मक गतिविधियां (डी.ए.सी.ई.पी.)

यूनीसेफ सहायता प्राप्त परियोजना "सामुदायिक शिक्षा और सहभागिता में विकासात्मक गतिविधियां" के अंतर्गत 3–6, 6–14 और 15–35 आयुवर्गों के लिए अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम जारी रखे गए । वर्ष 1987 में यह परियोजना 13 राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में चालू थी और इस योजना के तहत 61 सामुदायिक शिक्षा केंद्रों ने कार्य किया । राज्य/संघशासित स्तर पर इस परियोजना के कार्यान्वयन में संलग्न कार्मिकों के लिए इस विभाग ने एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित किया । इस सम्मेलन में राज्यों/संघशासित क्षेत्रों द्वारा अपने साधनों से चलाए जा रहे सामुदायिक शिक्षा केंद्रों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई । राज्यों के अनौपचारिक शिक्षा केंद्रों में इस परियोजना से प्राप्त अनुभव तथा उपलब्धियों की उपयोगिता के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई । राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में कार्यान्वित किए जा रहे अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के बारे में कुछ सहभागी राज्यों ने डी. ए. सी. ई. पी. परियोजना में सामूहिक शिक्षा केंद्रों तथा साथ ही साथ परियोजना की उपलब्धियों के उपयोग के लिए पग भी उठाए ।

तालिका 3.6

एन०एफ०ई० कार्यक्रम के लिए अनुदेशी सामग्रियों के विकास हेतु आयोजित बैठकें/कार्यशालाएं

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	अवधि/तिथियां	स्थान	सहभागियों की संख्या
1.	ज्ञानात्मक पहलुओं (प्रवेश बिन्दु) के मूल्यांकन के लिए उपकरणों के विकास से संबंधित कार्यशाला	15 से 19 जून, 1987 (5 दिन)	एन०सी०ई०आर०टी०	8
2.	एन०एफ०ई० के सेमिस्टर-2 के लिए अनुदेशी सामग्रियों के विकास से संबंधित कार्यशाला	11 से 17 अगस्त, 1987 (7 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	24
3.	एन०एफ०ई० अनुदेशक प्रशिक्षण के लिए सामग्रियों के पुनरीक्षण हेतु कार्यदल बैठक	12 से 16 अक्टूबर, 1987 (5 दिन)	एन०सी०ई०आर०टी०	
4.	मिडल स्तर एन. एफ. ई. के लिए गणित में अनुदेशी सामग्रियों के विकास हेतु कार्यशाला	16 से 22 नवम्बर, 1987 (7 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस एन०सी०ई०आर०टी०	6
5.	एन०एफ०ई० के सेमिस्टर – 2 के लिए अनुदेशी सामग्रियों के विकास हेतु कार्यशाला	14 से 18 दिसम्बर, 1987 (5 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस, एन०सी०ई०आर०टी०	10
6.	प्राथमिक स्तर के लिए प्रवेश व्यवहार तथा आइटम बैंक हेतु परीक्षणों के विकास संबंधी कार्यशाला	21 से 24 दिसम्बर, 1987 (4 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस, एन०सी०ई०आर०टी०	11
7.	ज्ञानात्मक पहलुओं पर परीक्षणों को अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	18 से 22 जनवरी, 1988 (5 दिन)	एन०सी०ई०आर०टी०	5
8.	प्रवेश स्तर व्यवहार के मूल्यांकन हेतु परीक्षणों के विकास संबंधी कार्यशाला	18 से 22 जनवरी, 1988 (5 दिन)	एन०सी०ई०आर०टी०	9
9.	सामाजिक विज्ञान में अध्यापक दर्शिका और गतिविधि पुस्तक के विकास हेतु कार्यशाला	27–31 जनवरी, 1988 (5 दिन)	आर०सी०ई० अजमेर	5
10.	मिडल स्तर की अध्यापक दर्शिका और विज्ञानों की गतिविधि पुस्तक तथा भाषा पुस्तकों के विकास हेतु कार्यशाला	25 फरवरी से 1 मार्च, 1988 (6 दिन)	एस०आई०ई०आर०टी० उदयपुर	10
11.	एन०एफ०ई० के सेमिस्टर-2 के लिए अनुदेशी सामग्रियों के विकास हेतु कार्यशाला	7 से 11 मार्च 1988 (5 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस, एन०सी०ई०आर०टी०	11
12.	मिडल स्तर पर एन. एफ. ई. के लिए गणित पुस्तकों के विकास हेतु कार्यशाला	15 से 18 मार्च, 1988 (4 दिन)	एन०आई०ई० कैम्पस, एन०सी०ई०आर०टी०,	7
13.	प्रवेश स्तर व्यवहार के मूल्यांकन हेतु परीक्षण के विकास संबंधी कार्यशाला	22 से 26 मार्च, 1988 (5 दिन)	लखनऊ	8
14.	मिडिल स्तर पर अध्यापक दर्शिका तथा सामाजिक विज्ञानों की गतिविधि पुस्तक और भाषा पुस्तकों के विकास के लिए कार्यशाला	30 मार्च से 6 अप्रैल 1988 (8 दिन)	आर०सी०ई० भोपाल	10

तालिका 3.7

एन०एफ०ई० कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	अवधि/तिथियां	स्थान	सहभागियों की संख्या
1.	सोमालिया में क्षेत्रीय समन्वयकर्ताओं के लिए अनौपचारिक शिक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	15 फरवरी से 15 अगस्त 1988 (6 महीने)	देहली	4
2.	स्वैच्छिक संस्थाओं के स्रोत व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम	21 से 23 मार्च, 1988 (3 दिन)	जयपुर	35
3.	स्रोत व्यक्तियों (एन०एफ०ई०) राज्य के लिए प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम	28 से 31 मार्च, 1988 (4 दिन)	इलाहाबाद	30

तालिका 3.8

सी०ए०पी०ई० परियोजना के अंतर्गत आयोजित बैठकें/कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	अवधि	स्थान	सहभागियों की संख्या
1.	सी०ए०पी०ई० परियोजना के अधीन स्थापित अधिगम केंद्रों के अनुवीक्षण तथा प्रशासन हेतु उपकरण कार्यनीतियों को पुनरीक्षित करने तथा अंतिम रूप देने हेतु राज्यों के प्रोजेक्ट टीम सदस्यों की बैठक	6 से 9 अप्रैल, 1987 (4 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	23
2.	स्तर-1 के लिए ई०वी० एस० में अधिगम सामग्रियों को विकसित करने हेतु कार्यदल बैठक	10 से 16 अप्रैल, 1987 (7 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	7
3.	गणित में अधिगम सामग्रियों को परिष्कृत करने हेतु कार्यशाला	20 से 24 अप्रैल, 1987 (5 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	5
4.	स्तर -1 के लिए ई. वी. एस. में अधिगम सामग्रियों के परिष्कार हेतु कार्यदल बैठक	4 से 11 मई, 1987 (8 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस, एन.. सी. ई. आर. टी.	5
5.	सी. ए. पी. ई. अधिगम केंद्रों के अनुवीक्षण और प्रशासन हेतु उपकरण तथा कार्यनीतियां पुनरीक्षित और अंतिम रूप देने हेतु टीम सदस्यों की बैठक	12 से 14 मई 1987 (3 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	8
6.	शैक्षिक चार्टों को अंतिम रूप देने हेतु कार्यदल बैठक	22 से 26 जून, 1987 (5 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	6
7.	जम्मू व कश्मीर राज्य के सहयोग से विकसित साक्षरता सामग्रियों हेतु चित्रों और सुलेखन कार्य को अंतिम रूप देने संबंधी कार्यशाला	6 से 9 जुलाई, 1987 (4 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	4
8.	स्तर-II के लिए हिंदी में माड्यूलों को अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	10 से 14 अगस्त, 1987 (5 दिन)	एन. आई.. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	8
9.	शैक्षिक चार्टों को अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	31 अगस्त से 11 सितम्बर, 1987 (12 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	4
10.	एस. सी. ई. आर. टी. पुणे, द्वारा विकसित साक्षरता और गणन सामग्री को अंतिम रूप देने हेतु बैठक	11 से 18 सितम्बर 1987 (5 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	7
11.	एस. सी. ई. आर. टी., राजस्थान द्वारा तैयार किए गए माड्यूलों पर आधारित कोश के विकास के लिए कार्यदल बैठक	29 सितम्बर 1987 (1 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	2
12.	स्तर-1 के लिए ई. वी. एस. में अधिगम सामग्रियों के विकास हेतु विशेषज्ञ दल की बैठक	12 से 16 अक्टूबर, 1987 (5 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	7
13.	जम्मू व कश्मीर राज्य के सहयोग से विकसित उर्दू में कार्य पुस्तक को अंतिम रूप देने हेतु समन्वयकर्ताओं की बैठक	26 से 31 अक्टूबर, 1987 (6 दिन)	श्रीनगर	19
14.	1988 के बजट अनुमानों तथा वार्षिक कार्ययोजना को अंतिम रूप देने हेतु समन्वयकर्ताओं की बैठक	17 से 19 नवम्बर, 1987 (3 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	23
15.	बजट अनुमानों और वार्षिक कार्य योजना को अंतिम रूप देने हेतु एस. सी. ई. आर. टी. उदयपुर के प्रोजेक्ट समन्वयकर्ताओं की बैठक	8 से 9 दिसंबर, 1987 (2 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	3
16.	गणन में अधिगम सामग्रियों को अंतिम रूप देने हेतु कार्यशाला	28 जनवरी से 3 फरवरी, 1988 (7 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस, एन. सी. ई. आर. टी.	5
17.	हिंदी में तैयार किए गए माड्यूलों के पुनरीक्षण के लिए विशेषज्ञ दल बैठक	28 से 30 मार्च, 1988 (3 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	5

मानव संसाधन विकास संबंधी क्षेत्र-गहन शिक्षा (ए०आई०ई०पी०)

1986 में इस विभाग ने एक नई यूनीसेफ-सहायता प्राप्त परियोजना "मानव संसाधन विकास संबंधी क्षेत्र-गहन शिक्षा" शुरू की। राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक अभिकरणों द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न शैक्षिक परियोजनाओं का समेकन तथा समन्वयन इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य है। क्षेत्र में कुल जनसंख्या की सामाजिक तथा विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति संबंधी एक व्यापक शैक्षिक दृष्टिकोण यह परियोजना प्रस्तावित करती है। समुदाय में स्कूलपूर्व, प्राथमिक, अनौपचारिक तथा प्रौढ़ अधिगम गतिविधियों के समेकन को बढ़ावा देना तथा प्रारंभिक शिक्षा का सर्वीकरण प्राप्त करना इस परियोजना का ध्येय है। केंद्रीय और राज्य सरकारों के सभी सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक निवेशों के अभिकरण, सामुदायिक सहभागिता के लिए विकास

और परीक्षण पद्धतियों का प्रचार तथा परियोजना के अनुभवों को दीर्घकालिक विश्वव्यापी कार्यनीतियों में समाविष्ट करने पर भी यह परियोजना बल देती है । औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा मार्गों द्वारा तथा शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए यह परियोजना 9–14 वर्ष के आयुवर्ग की लड़कियों की शिक्षा के लिए विशेष बल देती है ।

परियोजना कार्यान्वयन के मूल अवयवों में शामिल हैं क्षेत्र–गहन दृष्टिकोण, गतिविधियों और स्रोत निवेशों का अभिसरण, विकेन्द्रीकृत नियोजन और प्रबंध में सामुदायिक सहभागिता, कार्यान्वयन के सभी पहलुओं में इसकी लोचशीलता तथा शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों और जनसंख्या सैक्टरों को प्राथमिकता । 1987 में यह परियोजना 7 खंडों में शुरू की गई और 1988 इस परियोजना को 6–10 और खंडों में पहुंचाने का प्रस्ताव है । समुदाय के शैक्षिक पिछड़ेपन को देखते हुए खंडों का चयन किया गया है ।

1987–88 में "परियोजना प्रलेख" तैयार किया गया तथा सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों को भेजा गया ताकि उनके द्वारा ली जाने वाली परियोजना को वे विकसित कर सकें ।

चूंकि राज्यों और संघशासित क्षेत्रों द्वारा विकसित परियोजना प्रस्ताव पर्याप्त सूचना प्रदान नहीं कर रहे थे, इसलिए प्रलेखों के संशोधन हेतु विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत उन्हें भेजे गए । सितंबर 1987 में संशोधित प्रलेख जांचे गए और एक बैठक में उन पर चर्चा की गई । इस बैठक में आठ राज्यों, एक संघशासित क्षेत्र, यूनीसेफ, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और एन०सी०ई०आर०टी० के 28 व्यक्ति उपस्थित थे ।

पांच राज्यों और एक संघशासित क्षेत्र मिजोरम, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दादर व नगर हवेली के प्रोजैक्ट प्रलेखों को एन०सी०ई०आर०टी० में संशोधित किया गया तथा संबंधित राज्यों/संघशासित क्षेत्र को भेजा गया । इस विभाग ने खंडों के सर्वेक्षण हेतु उपकरण विकसित किए । ये उपकरण बाद में एक कार्यशाला में अंतिम किए गए परियोजना के कार्यान्वयन हेतु सहभागी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों ने आवश्यक आधारिक संरचना की स्थापना हेतु समुचित कार्रवाई शुरू की ।

शैशवकालीन शिक्षा

यूनीसेफ सहायता प्राप्त परियोजनाओं "बाल संचार प्रयोगशाला (सी. एम. एल.)" और "शैशवकालीन शिक्षा" (ई०सी०ई०.) के अंतर्गत शैशवकालीन शिक्षा कार्यक्रमों में संलग्न स्कूलपूर्व अध्यापकों और अध्यापक शिक्षकों और पर्यवेक्षण कार्मिकों के प्रयोग के लिए शैशवकालीन शिक्षा संबंधी अनुदेशी सामग्रियों के विकास का कार्य जारी रखा गया । वर्ष 1987–88 में 10 राज्यों में ई०सी०ई० परियोजना कार्यान्वित की गई । वर्ष 1987–88 में सी०एम०एल० और ई०सी०ई० परियोजनाओं के अंतर्गत इस विभाग ने अनेक गतिविधियां सम्पन्न कीं। इन गतिविधियों के विवरण तालिका 3.9 में दर्शाए गए हैं ।

तालिका 3.9

सी. एम. एल. और ई. सी. ई. परियोजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्यक्रम

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	अवधि	स्थान	सहभागियों की संख्या
1.	राज्यों में ई. सी. ई. परियोजना के समन्वयकर्ताओं की बैठक	21 अप्रैल, 1987 (एक दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	8
2.	शैशवकालीन शिक्षा पर राष्ट्रीय अध्ययन दल की बैठक	22 से 24 अप्रैल, 1987 (3 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	61
3.	छोटे बच्चों के लिए श्रव्य कार्यक्रमों पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी	8 से 10 सितम्बर, 1987 (3 दिन)	आर. सी. ई. मैसूर	35
4.	राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में ई. सी. ई. परियोजना के समन्वय–कर्त्ताओं की बैठक	2 से 4 नवम्बर, 1987 (3 दिन)	एन. सी. ई. आर. टी.	10
5.	दिल्ली के प्राथमिक स्कूल तथा स्कूलपूर्व अध्यापकों द्वारा प्रदर्शनी एवं खिलौने बनाने की प्रतियोगिता	14 से 15 जनवरी, 1988 (दो दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	45
6.	खिलौना बनाने पर राष्ट्रीय कार्यशाला	25 से 29 जनवरी, 1988 (5 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	8
7.	स्कूलपूर्व शिक्षा पर वीडियो कार्यक्रमों संबंधी कार्यशाला	25 से 26 फरवरी, 1988 (दो दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	10
8.	बालकों के लिए खिलौनों/खेलों के फोल्डर तैयार करने पर कार्यशाला	27 फरवरी से 2 मार्च, 1988 (3 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	5
9.	स्कूलपूर्व प्रसारण हेतु आकाशवाणी प्राधिकारियों से बैठक	1 मार्च, 1988 (1 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	3
10.	छोटे बच्चों से निपटने हेतु वीडियो खेल तैयार करना	14 मार्च, 1988 (1 दिन)	एन. आई. ई. कैम्पस एन. सी. ई. आर. टी.	8

ई०सी०ई० परियोजना के कार्यान्वयन की प्रगति का लेखा–जोखा लेने तथा कार्यन्वयन अभिकरणों के सामने आ रही समस्याओं के समाधान हेतु ई०सी०ई० परियोजना के समन्वयकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई । राज्यों में ई. सी. ई. की वर्तमान स्थिति का पुनरीक्षण करने तथा राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में ई. सी. ई. कार्यक्रमों को मजबूत करने हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत विकसित करने तथा ई. सी. ई. कार्यक्रमों में पोषण और स्वास्थ्य अवयवों को प्रेरित करने हेतु राष्ट्रीय अध्ययन दल की बैठक आयोजित की गई ।

1986 में शुरू की गई दो अनुसंधान परियोजनाओं "बाल–विकास में गृह आधारित कार्यक्रम का एक परीक्षण" तथा "बाल–से–बाल कार्यक्रम" पर कार्य जारी रखा गया ।

बाल विकास में गृह आधारित कार्यक्रम का ध्येय है शैशवकालीन प्रेरणा हेतु एक वैकल्पिक कार्यनीति विकसित करना । बाल अधिगम को बढ़ाने हेतु यह परिवार (बड़े सदस्य – माता, पिता या दादी आदि) में अपेक्षित विश्वास करता है ताकि वह शिक्षक की भूमिका अदा कर सके । अभिभावकों में एक सशक्त शिक्षक की जागृति को बढ़ावा देने तथा उनमें आवश्यक कौशलों के विकास संबंधी गृह–आधारित अनुदेशी पैकेज में बच्चों का स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा शामिल है । इस कार्यक्रम ने भागबतीपुर जनजातीय क्षेत्र के 65 गृहों को तथा भुवनेश्वर (उड़ीसा) की शहरी गंदी बस्तियों के 100 गृहों को समाविष्ट किया । वर्ष 1987–88 में हाथ में ली गई गतिविधियों में शामिल हैं – अनुदेशी पैकेज को अंतिम रूप देना, बालसेविकाओं का प्रशिक्षण, माताओं से मध्यस्थता कार्यक्रम का आयोजन, सहयोगी अभिकरणों तथा निधिदाता अभिकरण (यूनीसेफ) (रूचिका और रीच) के साथ बैठक का आयोजन तथा स्लाइडों, श्रव्य टेपों, रिपोर्टों, आदि द्वारा अध्ययन का प्रलेखन ।

बाल–से–बाल कार्यक्रम एक कार्य अनुसंधान अध्ययन है जो दिल्ली नगर निगम के 14 प्राथमिक स्कूलों में किया जाता है । प्राथमिक रूप से यह एक स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा अध्ययन है जिसमें अध्यापकों तथा चौथी और पांचवीं कक्षा के बच्चों को सम्मिलित किया जाता है जो फिर पारी में पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों के साथ कार्य करते हैं । 1987–88 में ली गई गतिविधियों में सम्मिलित थीं पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा हेतु खेलों, कठपुतली खेलों, गानों आदि को डिज़ाइन करना, स्कूलों में समुदाय उत्सवों को आयोजित करना तथा एक प्रयोगात्मक नियंत्रित समूह डिज़ाइन प्रयुक्त करते हुए सहभागी स्कूलों के बच्चों द्वारा अर्जित ज्ञान के अध्ययन का आयोजन करना ।

अन्य गतिविधियां

दिसंबर 1987 तक डीन (अकादमिक) के कार्यालय विभाग से अपना कार्य करना जारी रखा । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के प्रकाश में पहली से दसवीं कक्षाओं के पाठ्यचर्या के विकास हेतु रा०शै०अनु०प्र०परि० की गतिविधियों का समन्वयन जारी रखा गया । 1988–89 वर्ष हेतु रा०शै०अनु०प्र०परि० के अकादमिक कार्यक्रमों पर चर्चा करने के लिए तथा उन्हें अनुमोदन प्रदान करने के लिए डीन के कार्यालय ने अकादमिक समिति की बैठक भी आयोजित की । अरूणाचल प्रदेश के सहयोगी अभिकरणों तथा निधिदाता अभिकरण (यूनीसेफ) (रूचिका और रीच)एस०सी० ई०आर०टी० अकादमिक स्टाफ के लिए डीन के कार्यालय ने एक सप्ताह का विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया ।

तालिका 3.10

क्र० सं०	पुस्तक का शीर्षक	प्रकाशन मास	प्रतियों की संख्या
शैशवकालीन शिक्षा			
1.	अतिथि कौन	–	5000
2.	बंदर जी की दुम	सितंबर, 1987	5000
3.	प्री–नंबर कानसेप्ट किट	सितंबर, 1987	5000
4.	कलर सेलेक्शन किट	सितंबर, 1987	5000
5.	15 आडियो टेप्स डुप्लीकेटड	सितंबर, 1987	–
6.	3 स्लाइड टेप्स प्रेग्राम	सितंबर, 1987	–
7.	ई. सी. ई. अनुदेशी सामग्री शैशवकालीन शिक्षा का महत्त्व	अगस्त, 1987	3000
अनौपचारिक कार्यक्रम			
8.	जीवन और विज्ञान, पुस्तक– 3	जून, 1987	5000
9.	उर्दू पुस्तक – 2	–	–
10.	मार्गदर्शी पुस्तक – 2 (उर्दू)	–	–
प्राथमिक शिक्षा के प्रति व्यापक दृष्टिकोण			
11.	हमारे शरीर के अंग तथा दैनिक उपयोग की कुछ वस्तुएं । हमारे घर तथा हमारे घर की कुछ वस्तुएं ।	मई, 1987	40,000
12.	कुछ संयुक्ताक्षर पढ़ना–लिखना सीखें	नवंबर, 1987	40,000
13.	कुछ और संयुक्ताक्षर पढ़ना–लिखना सीखें	मई, 1987	40,000
14.	चित्र बनाएं, लिखना सीखें	मई, 1987	20,000
15.	हम और हमारा परिवार	अप्रैल, 1987	30,000
16.	हमारे पास–प्रदेश का जनजीवन	जून, 1987	30,000

1987-88

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुरोध पर "आप्रेशन ब्लैक बोर्ड" योजना के अधीन इस विभाग ने "प्राथमिक स्कूलों को प्रदान किए जानेवाले अनिवार्य विषयों के मानदंडों और विनिर्देशनों का दायित्व अपने ऊपर लिया। भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से एक प्रलेख "प्राथमिक स्टेज पर अनिवार्य सुविधाएं – मानदंड और विनिर्देशन" तैयार किया गया। इस विभाग ने प्राथमिक स्कूल भवनों के विनिर्देशनों" पर एक दिन की संगोष्ठी भी आयोजित की। इस संगोष्ठी में वरिष्ठ वास्तुकारों, इंजीनियरों और शिक्षाविदों ने भाग लिया।

प्रकाशन

वर्ष 1987–88 में डी०पी०एस०ई० द्वारा निकाले गए प्रकाशन तालिका 3.10 में उल्लिखित हैं।

उपर्युक्त प्रकाशनों के अतिरिक्त रिपोर्टाधीन अवधि में केप परियोजना के अंतर्गत छः माड्यूल मुद्रित तथा प्रकाशित किए गए। बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश में स्थापित अधिगम केंद्रों को इन माड्यूलों की लगभग 12–12 हजार प्रतियां भेजी गईं।

केप परियोजना के अधीन विकसित की गई अधिगम सामग्रियां छः प्रसिद्ध स्वैच्छिक संस्थाओं को भी भेजी गई ताकि एन. एफ. ई. द्वारा चलाए जा रहे केंद्रों के इन संगठनों द्वारा इनका प्रयोग हो सके। वर्ष 1987–88 में प्रकाशित इन माड्यूलों की चार–चार हज़ार प्रतियां इन संगठनों को भेजी गईं।

परामर्श

इस विभाग ने निम्नलिखित संस्थाओं/अभिकरणों के सम्मुख दर्शाए गए क्षेत्रों में उन्हें परामर्श प्रदान किया :

शैशवकालीन शिक्षा

1. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल + 2 स्टेज पर नर्सरी प्रशिक्षण और क्रेश में व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेतु पाठ्यविवरण तैयार करना।
2. राष्ट्रीय लोक सहयोग तथा बाल विकास संस्थान–शैशवकालीन शिक्षा और प्रेरणा।
3. महिला तथा बाल विकास मंत्रालय–शैशवकालीन शिक्षा और आई. सी. डी. एस.

अनौपचारिक शिक्षा

1. दिल्ली विश्वविद्यालय – प्रौढ़ तथा अनौपचारिक शिक्षा संबंधी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में व्याख्यान।
2. प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान नैनीताल (उ. प्र.) – डी. ई. ओज़, क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशकों, मौलिक शिक्षा अधिकारियों, इंटरमीडिएट कालेजों के प्रिंसिपलों तथा प्रदेशीय सिविल सेवा परिवीक्षकों संबंधी आयोजित पाठ्यक्रमों में मार्गदर्शन।
3. स्वैच्छिक संस्थाएं बनवासी सेवा आश्रम, उ. प्र., कार्यरत बच्चों की संस्था, कर्नाटक चिथड़ा–लत्ता शिक्षा और विकास सोसाइटी, कर्नाटक समन्वय आश्रम, बिहार चेतना विकास, महाराष्ट्र, गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर, राजस्थान।
4. शैक्षिक परामर्शदाता इंडिया लि०, सोमाली क्षेत्रीय समन्वयकर्ताओं का प्रशिक्षण।
5. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, – प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (उ. प्र.) महिला निरक्षरता उन्मूलन अखिल भारतीय समिति, संजय गांधी दलित उद्धार शिक्षा समिति (जयपुर) और राष्ट्रीय साक्षरता मिशन में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन दल – एन. एफ. ई. में कार्यक्रमों का विकास।

पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा

1. राज्यों/संघशासित क्षेत्रों की परियोजना टीमों – मार्गदर्शन
2. कम्पूचिया, लाउस, नेपाल, मारिशस से प्रतिनिधि – ई. बी. एस. में परियोजना गतिविधियों, पाठ्यचर्या विकास और अनुदेशी सामग्री संबंधी अभिविन्यास्त होना तथा परिचय प्राप्त करना।

चार

सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा

स्कूली शिक्षा की सभी स्टेजों पर सामाजिक विज्ञान और मानविकी संबंधी विभिन्न विषय–क्षेत्रों में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्रियों का विकास तथा स्कूल स्टेज पर पाठ्यचर्या के कार्यान्वयन में रत अध्यापकों और अध्यापक शिक्षकों का प्रशिक्षण सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग (डी० ई० एस० एस० एच०) की वर्ष 1987 – 88 में प्रमुख गतिविधियां रही हैं। यह विभाग कुछ विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन में भी संलग्न रहा है तथा राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के कार्यान्वयन में एक केंद्रीय तकनीकी समन्वयकारी और अनुवीक्षण अभिकरण के रूप में कार्य करता रहा है।

पाठ्य विवरण और अनुदेशी सामग्री का विकास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के प्रस्तावानुसार स्कूल स्टेज पर शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रियाओं को पुनरभिविन्यास करने के प्रयासों के अंश के रूप में इस विभाग ने दूसरी, चौथी, सातवीं, नौवीं, और ग्यारहवीं कक्षाओं के पाठ्य विवरण, पाठ्यपुस्तकों, पूरक पाठमालाओं तथा अन्य अनुदेशी सामग्रियों और अध्यापक मैनुअलों के विकास संबंधी अनेक गतिविधियों को अपने हाथ में लिया।

इस वर्ष "सीखने के लिए पढ़ना" परियोजना के अंतर्गत अनुदेशी सामग्रियों के निर्माण संबंधी कार्य को जारी रखा गया। इस परियोजना के तहत 14 शीर्षकों को अंतिम रूप दिया गया तथा प्रकाशनार्थ भेजा गया तथा 10 और प्रकाशनों की मसौदा पाण्डुलिपियों को विकसित किया गया। इस विभाग ने पाठ्यपुस्तकों सहित विशेष अनुदेशी सामग्रियां नवोदय विद्यालयों के लिए तैयार कीं।

इस विभाग द्वारा ली गई दूसरी महत्वपूर्ण गतिविधि भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में उल्लिखित समान कोर अवयवों पर आदर्श अनुदेशी सामग्रियां तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा तैयार करना। "कुछ कोर पाठ्यचर्या क्षेत्रों संबंधी आदर्श सामग्रियां" नामक प्रकाशन निकाला गया तथा विभिन्न राज्य स्तर अभिकरणों को ग्रहण/अनुकूलन के लिए भेजा गया ताकि राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में विकसित अनुदेशी सामग्रियों में समाविष्ट समान कोर अवयवों संबंधी विचारों से अनुप्राणित किया जा सके। आदर्श सामग्रियां सारांशों से संबंध रखती हैं जैसे भारत का स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रीय चिह्न, राष्ट्रीय त्यौहार, राष्ट्रीय उद्देश्य, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण बचाव, सेक्स समानता तथा छोटे परिवार के मापदंड का पालन आदि।

इस विभाग ने पाठ्य विवरण, पाठ्यपुस्तकों, पूरक पाठमालाओं, अध्यापक मैनुअलों तथा अन्य अनुदेशी सामग्रियों के विकास तथा उन्हें अंतिम रूप देने हेतु अनेक बैठकें/कार्यशालाएं आयोजित कीं। इन कार्यशालाओं/बैठकों के विवरण तालिका 4.1 में दिए गए हैं।

इनके अतिरिक्त विभाग ने 21 से 23 दिसंबर 1987 तक सामान्य माध्यमिक शिक्षा के संतुलन तथा प्रासंगिकता पर यूनेस्को प्रायोजित अध्ययन के तहत एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। इसने बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों के लिए सृजनात्मक सप्ताह तथा क्लब भी स्थापित किया। जून–जुलाई 1988 में क्लब द्वारा अनेक कला शिक्षा गतिविधियां आयोजित की गईं।

उच्चतर माध्यमिक शिक्षा हेतु एक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा तैयार करने का काम शुरू किया गया। 22 और 23 अगस्त 1987 को हैदराबाद में हुई उच्चतर माध्यमिक शिक्षा हेतु पाठ्यचर्या संबंधी राष्ट्रीय संगोष्ठी में पाठ्यचर्या ढांचे के मसौदे पर चर्चा हुई। संगोष्ठी में प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रलेख का अंतिम मसौदा "उच्चतर माध्यमिक शिक्षा हेतु पाठ्यचर्या – एक ढाँचा" तैयार किया गया।

स्कूल स्टेज पर पाठ्यचर्या कार्यान्वयन में रत अध्यापकों तथा अध्यापक शिक्षकों के लिए चार अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम इस विभाग ने आयोजित किए। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में संलग्न मूल कार्मिकों के लिए भी दो अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल अध्यापकों के जन अभिविन्यास कार्यक्रम (पी०एम०ओ०एस०टी०) के अंतर्गत प्रशिक्षण अध्यापकों के लिए एन०सी०ई०आर०टी० द्वारा विकसित प्रशिक्षण पैकेज के लिए विभाग ने अनेक माड्यूल प्रदान किए। राज्यों/संघशासित क्षेत्रों से आए मूल कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए इस विभाग के संकाय सदस्यों ने स्रोत व्यक्तियों के रूप में कार्य किया तथा पी०एम०ओ०एस०टी० के अंतर्गत राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में आयोजित प्रशिक्षण शिविरों के मूल्यांकन कार्य में भी शामिल हुए। इस विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों के विवरण तालिका 4.2 में दिए गए हैं।

1987-88

तालिका 4.1

पाठ्य विवरण तथा अनुदेशी सामग्रियों के विकास हेतु आयोजित कार्यशालाएं/बैठकें

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	तिथियां/अवधि	स्थान
1.	नौवीं कक्षा के लिए हिंदी पाठ्यपुस्तक तैयार करने हेतु कार्यशाला	18 से 22 अप्रैल, 1987 (5 दिन)	हैदराबाद
2.	अरुण भारती भाग–4 हेतु कार्य पुस्तक तैयार करने के लिए कार्यशाला	20 से 26 अप्रैल, 1987 (7 दिन)	हैदराबाद
3.	सातवीं कक्षा हेतु हिंदी में पाठ्यपुस्तक तैयार करने के लिए कार्यशाला	27 अप्रैल से 1 मई, 1987 (5 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी
4.	नौवीं कक्षा के लिए हिंदी में पाठ्यपुस्तक तैयार करने हेतु कार्यशाला	11 से 15 मई, 1987 (5 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी
5.	दूसरी कक्षा के लिए अंग्रेजी में अध्यापक मैनुअल के विकास के लिए कार्यशाला	11 से 16 मई 1987 (6 दिन)	भुज
इन कार्यक्रमों के अतिरिक्त विभाग ने राज्य अधिकारियों/प्रधानाचार्यों/शिक्षा अधिकारियों तथा अन्य प्रधान कार्यकर्ताओं के लिए कार्य अनुभव कार्यक्रमों को लागू करने के विभिन्न पहलुओं पर 11 अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए । सारणी 6.4 में इन कार्यक्रमों के ब्यौरे दिए गए हैं ।

बैठक/संगोष्ठी

यह विभाग शिक्षा की इन योजनाओं से संबंधित एजेन्सियों को व्यावसायिक शिक्षा और कार्य अनुभव के बारे में सूचना प्रदान करने में एक प्रधान एजेन्सी के रूप में कार्य कर रहा है । इस संबंध में विभाग ने 1987-88 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय संगोष्ठियों और कार्यकारी समूह बैठकों का आयोजन किया जैसा कि सारणी 6.5 में दर्शाया गया है ।

परामर्श सेवा

परिचर्चा कराने, बैठक आयोजित करने और संगोष्ठियों तथा सम्मेलनों आदि में भाग लेने जैसे निरंतर कार्य करके इस विभाग ने विभिन्न राज्य सरकारों तथा अन्य एजेन्सियों को परामर्श सेवा प्रदान की । आलोच्य वर्ष में इस विभाग ने विभिन्न एजेन्सियों से परामर्श-सेवा प्रदान की जिसका ब्यौरा सारणी 6.6 में दिया गया है ।

सारणी 6.5

1987-88 में आयोजित की गई बैठकें/संगोष्ठियाँ

क्र०सं०	बैठक/संगोष्ठी का नाम	अवधि	स्थान	भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या
1.	एशिया की औद्योगिक शिक्षा में पर्यावरण शिक्षा के निगमन पर यूनेस्को उपक्षेत्रीय प्रशिक्षण संगोष्ठी	20 से 27 अप्रैल 1988	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	25
2.	कार्य अनुभव का वित्तीय आकलन तैयार करने के लिए कार्यकारी समूह बैठक	12 से 16 अक्तूबर, 1987	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	6
3.	शिक्षा के व्यवसायीकरण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	16 से 18 मार्च 1988	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	11

सारणी 6.6

उपलब्ध करायी गई परामर्श सेवा

क्र०सं०	संगठन का नाम	अवधि	परामर्श
1.	राज्य शिक्षा संस्थान, गोवा	11 से 15 अप्रैल 1987	पहली से दसवीं कक्षाओं की कार्य अनुभव पाठ्यचर्या के विकास की कार्य-शाला में भाग लिया ।
2.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय	25 और 26 अप्रैल 1987	विज्ञान भवन में आयोजित शिक्षा सचिवों और शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लिया । इस सम्मेलन में शिक्षा के व्यवसायीकरण के लिए केन्द्रीयतः प्रायोजित विषय पर एक प्रारूप लेख प्रस्तुत किया गया
3.	राष्ट्रीय जन सहयोग तथा बाल विकास संस्थान, नई दिल्ल	1 मई, 1987	एक संगोष्ठी में भाग लिया और आवासिक विद्यालयों में बच्चों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के विषय पर एक व्याख्यान दिया गया ।
4.	सी०एच०ई०बी०, नई दिल्ली	5 से 7 मई, 1987	ग्लूकोमा पर विशेष बल देते हुए समुदाय नेत्र स्वास्थ्य शिक्षा के प्रशिक्षण पर विश्व स्वास्थ्य संगठन क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से सी०एच०ई०बी० द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया ।
5.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय	11 मई 1987	विभाग ने शिक्षा के व्यवसायीकरण की केन्द्रीयतः प्रयोजित योजना के संदर्भ में शिक्षक प्रशिक्षण और पाठ्यचर्या विकास कार्यक्रम के वित्तीय आकल विकसित किया।
6.	इलेक्ट्रानिकी व्यापार एवं प्रौद्योगिकी विकास निगम, नई दिल्ली	14 मई, 1987	व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विशेष संदर्भ में ई०टी० एण्ड टी० द्वारा विकसित किए गए कुछ वीडियो कार्यक्रमों का पुनरीक्षण ।
7.	इलाहाबाद विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश	14 से 18 मई, 1987	वाणिज्य की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पाठ्यचर्या विकास समिति की बैठक में भाग लिया ।
8.	केन्द्रीय समाज कल्याण परिषद्, नई दिल्ली	19 मई, 1987	महिलाओं के हित के लिए, सी०एस०डब्लू०बी० द्वारा देश में चलाए जा रहे संघटित एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का पाठ्यचर्या विकास ।
9.	राजस्थान सरकार, जयपुर	21 से 22 मई 1987	राजस्थान में व्यावसायिक शिक्षा के विषय पर आयोजित की गई संगोष्ठी में भाग लिया ।
10.	केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली	23 मई, 1987	इंजीनियरी पर आधारित पांच व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के पाठ्यविवरणों के प्रारूप को अंतिम रूप दिया गया ।
11.	केन्द्रीय समाज कल्याण परिषद्, नई दिल्ली	मई, 1987	महिलाओं की व्यावसायिक शिक्षा पर आयोजित की गई बैठक में भाग लिया।

क्र०सं०	संगठन का नाम	अवधि	परामर्श
12.	यूनेस्को, बैंकाक	23 जून से 2 जुलाई,	महिलाओं की व्यावसायिक शिक्षा पर 1987 तक आयोजित की गई ए० पी० आई० ई० डी० योजना बैठक ।
13.	इलाहाबाद विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश	25 से 27 जून 1987	वाणिज्य में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पाठ्यचर्या का विकास ।
14.	पंजाब शिक्षा बोर्ड	25 जून, 1987	पंजाब में व्यावसायीकरण योजना का विकास ।
15.	शिक्षा निदेशालय, दिल्ली	2 जुलाई, 1987	व्यावसायिक शिक्षा और कार्य अनुभव के विशेष संदर्भ में संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली द्वारा एन० ई० पी० को लागू करना
16.	महानिदेशालय	7 जुलाई, 1987	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों संबंधन पर एन० सी० वी० टी० उप समिति में भाग लेना ।
17.	आर्मी पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली	7 जुलाई, 1987	गृह विज्ञान में पी०जी०टी० का चयन ।
18.	इलेक्ट्रानिकी व्यापार एवं प्रौद्योगिकी विकास निगम, नई दिल्ली	14 जुलाई, 1987	शिक्षा के व्यावसायीकरण के क्षेत्र में वीडियो निर्माण ।
19.	ई० टी० एण्ड० टी० डी० निगम, नई दिल्ली	20 जुलाई 1987	शिक्षा के व्यवसायीकरण के क्षेत्र में वीडियो निर्माण को अनुवर्त्तन ।
20.	एन० आई० ई० पी० ए०, नई दिल्ली	27 से 31 जुलाई 1987	माध्यमिक शिक्षा पर यूनेस्को द्वारा प्रायोजित योजना समूह की बैठक ।
21.	इलाहाबाद विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश	28 जुलाई से 9 अगस्त 1987	वाणिज्य में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पाठ्यचर्या का विकास ।
22.	सी० बी० एस० ई०, नई दिल्ली	3 अगस्त, 1987	इलेक्ट्रानिकी प्रौद्योगिकी में पाठ्य विवरण के प्रारूप को अंतिम रूप देना ।
23.	एस० आई० ई०, जम्मू और कश्मीर, श्रीनगर	17 से 21 अगस्त 1987	कार्य अनुभव और व्यवसायीकरण पर अभिविन्यास कार्यक्रम।
24.	डा० जान निकोलस, अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा विभाग, कैनबरा उच्च शिक्षा कालेज, आस्ट्रेलिया	19 अगस्त, 1987	कार्य अनुभव और व्यावसायीकरण की समीक्षा ।
25.	नीपा, नई दिल्ली	15 अगस्त, 1987	देश में चल रहे व्यवसायीकरण कार्यक्रम के बारे में देश के 45 विद्यालयों की महिला प्रिंसिपलों को बताया गया।
26.	शिक्षा सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार		पाठ्यक्रमों के चयन और निरूपण के विशेष संदर्भ में हिमाचल प्रदेश के पाठ्यक्रमों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम का समावेश करने के विषय पर चर्चा ।
27.	डी० आई० ई० टी० का कृतिक बल, विज्ञान भवन और एन० सी० ई० आर० टी०	1 से 2 सितंबर 1987	बैठक में भाग लेना ।
28.	विद्या भारती, नई दिल्ली	28 सितंबर, 1987	कार्य अनुभव के कार्यकलाप ।
29.	शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश	15 से 17 अक्टूबर 1987	कार्य अनुभव के क्षेत्र में अधिकारियों का प्रशिक्षण।
30.	डी० जी० ई० एण्ड० टी० नई दिल्ली	29 अक्टूबर, 1987	महिलाओं के प्रशिक्षण और रोजगार पर एन० सी० ई० टी० समिति की बैठक।
31.	दिल्ली पाठ्यपुस्तक ब्यूरो	4 नवंबर, 1987	कार्य अनुभव की निर्देशक रेखाओं और उदाहरणों का मुद्रण ।
32.	भारतीय आयुर्विज्ञान शिक्षा-उन्नति संघ	23 से 25 नवंबर, 1987	आयुर्विज्ञान शिक्षा पर दक्षिण पूर्व क्षेत्रीय सम्मेलन ।
33.	क्षेत्रीय शिक्षा कालेज	4 दिसंबर, 1987	व्यावसायिक शिक्षा पर संगोष्ठी
34.	केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली	11 दिसंबर, 1987	कार्य अनुभव की निर्देशक रेखाओं का विकास ।
35.	विज्ञान केन्द्र निदेशालय का कार्य अनुभव एकक, वसंत विहार, नई दिल्ली	22 दिसंबर 1987	कार्य अनुभव कार्यकलापों पर कुशलता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ।
36.	हिमाचल प्रदेश का राज्य व्यावसायिक शिक्षा परिषद, शिमला	4 जनवरी, 1988	व्यावसायिक शिक्षा पर राज्य के प्रधान कार्यकर्त्ताओं की बैठक ।
37.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन नई दिल्ली	25 जनवरी, 1988	अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन के 41वें सत्र के लिए रोजगार के संबंध में माध्यमिकोत्तर शिक्षा के विविधीकरण' के विषय पर यूनेस्को प्रश्नावली के कार्यकारी समूह की बैठक ।
38.	शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश	1 फरवरी, 1988	कार्य अनुभव के कार्यक्रमों के विशेष सभों को देखने के लिए वाराणसी की दो संस्थाओं, क्वीन्स इण्टर कालेज और गवर्नमेंट गर्ल्स इण्टर कालेज का दौरा ।

1987-88

क्र०सं०	संगठन का नाम	अवधि	परामर्श
39.	राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली	4 फरवरी, 1988	शैक्षिक योजना और प्रशासन में चौथे अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रमों में भाग लेने वालों के लिए बैठक आयोजित की गई।
40.	एच० आर० डी० द्वारा नियुक्त की गई बालिकाओं और महिलाओं के लिए एन०सी०ई०आर०टी० में आयोजित व्यावसायिक पाठ्यक्रम का तदर्थ समूह।	8 फरवरी, 1988	तदर्थ समूह की पहली बैठक।
41.	शिक्षा निदेशालय, दिल्ली	10 फरवरी, 1988	दिल्ली में उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण के विषय पर बैठक।
42.	शिक्षा के व्यवसायीकरण पर सी०ए०बी०ई० समिति	15 फरवरी, 1988	ग्रामीण व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर तदर्थ समूह की पहली बैठक।
43.	केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, नई दिल्ली	17 फरवरी, 1988	स्कूली उम्र के बच्चों की स्वास्थ्य शिक्षा पर बैठक– कार्यान्वयन की निर्देशक रेखाएं।
44.	एन० सी० ई० आर० टी० नई दिल्ली में आयोजित एम० एच० आर० डी० द्वारा नियुक्त लड़कियों और महिलाओं के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम पर तदर्थ समूह	1 मार्च, 1988	समूह की दूसरी बैठक।
45.	एन० सी० ई० आर० टी० नई दिल्ली में आयोजित ग्रामीण क्षेत्रों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के निरूपण पर तदर्थ समूह	8 मार्च, 1988	समूह की दूसरी बैठक।
46.	एन० सी० ई० आर० टी०, नई दिल्ली में आयोजित (एम० एच० आर० डी० द्वारा नियुक्त) लड़कियों और महिलाओं के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर तदर्थ समूह की बैठक।	23 मार्च, 1988	समूह की बैठक।
47.	राष्ट्रीय उद्यमवृत्ति और लघु व्यवसाय विकास संस्थान, ओखला, नई दिल्ली	23 से 28 मार्च, 1988	उद्यमवृत्ति विकास पर राष्ट्रीय कार्यशाला।

प्रकाशन

1987–88 में विभिन्न प्रकार के विकास और कार्यकलान करके विभाग ने अनेक प्रकाशन प्रकाशित किए जो कि कार्य अनुभव और व्यावसायिक छात्रों और शिक्षकों और शिक्षा नियोजकों तथा प्रशासकों के लिए उपयोगी हैं। आलोच्य वर्ष में प्रकाशित कुछ प्रकाशन निम्नलिखित हैं :

(क) छठी से दसवीं कक्षाओं तक के लिए कार्य अनुभव में आदर्श शिक्षण सामग्री

1. बेसिक स्किल्स इन कार्पेण्टरी (कक्षा 6)
2. क्रिएटिव प्रिंटिंग (कक्षा 7/8)
3. लेदर वर्क (कक्षा 6, 7, 8)
4. इलेक्ट्रिसीटी एट वर्क (कक्षा 6–8)
5. शीट मेटल वर्क (कक्षा 7–8)
6. मिल्क प्रोडक्शन एण्ड हैंडलिंग (कक्षा 9–10)
7. मिल्क एण्ड मिल्क प्रोडक्ट्स (कक्षा 9–10)
8. वुडक्रैफ्ट (कक्षा 9)
9. जनरल हार्टिकल्चर (कक्षा 9–10)
10. मील्स फार द फेमिली वाल्यूम–1 (कक्षा 9)
11. केयर आफ द हाउसहोल्ड (कक्षा 9–10)
12. इन्ट्रोडक्शन टू हाउस वायरिंग (कक्षा 9–10)
13. प्लांट प्रोटेक्शन (कक्षा 9–10)
14. रिपेयर एण्ड मेंटेनेन्स आफ हाउस–होल्ड इलेक्ट्रिकल एप्लायन्सेज (कक्षा 9–10)
15. इलेक्ट्रानिक्स टेक्नालाजी (कक्षा 9–10)
16. फोटोग्राफी (कक्षा 9)
17. बेसिक आफिस प्रैक्टिस (कक्षा 9–10)
18. इन्ट्रोडक्शन टू प्लबिंग (कक्षा 9–10)

(ख) शिक्षा के व्यवसायीकरण की निम्नतम सक्षमता पर आधारित।

1. फिजियोथिरेपी एण्ड आकुपेशनल थिरेपी
2. हास्पिटल हाउस कीपर
3. फूड प्रेजरवेशन एण्ड प्रोसेसिंग
4. केटरिंग एण्ड रेस्टराण्ट मैनेजमेण्ट
5. टेक्सटाइल डिजाइनिंग
6. इन्स्टीट्यूशन हाउस कीपिंग
7. कामर्शियल गार्मेण्ट डिजाइनिंग एण्ड पैकिंग
8. लाइनमैन

(ग) नवोदय विद्यालयों के लिए कार्य अनुभव में पाठ्यचर्या निर्देशन।

(घ) गाइड–लाइन्स फार डेवलपिंग स्कूल इन्डस्ट्री लिंकेज।

(ङ) सब–रीजनल ट्रेनिंग सेमिनार आन द इनकार्पोरेशन आफ एन्वायरनमेण्टल एजुकेशन इन्टू इन्डस्ट्रीयल एजुकेशन फॉर एशिया।

(च) वर्क एक्सपीरियन्स इन स्कूल एजुकेशन गाइड–लाइन्स (इंग्लिश एण्ड हिन्दी)।

सात अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवा

अध्यापक शिक्षा, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवा विभाग (डी०टी०ई०एस०ई०ई०एस०) का कार्य अध्यापक–शिक्षकों की व्यावसायिक सक्षमता में सुधार लाने के साथ-साथ स्कूल अध्यापकों की सेवा पूर्व और सेवाकालीन शिक्षा में गुणतात्मक सुधार लाना है । विभाग अध्यापक–शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रायोगिक अध्ययन करने, शिक्षण सामग्री तैयार करने और प्रशिक्षण तथा विस्तार–कार्यकलाप करने में, विकलांगों की विशेष शिक्षा में, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों की शिक्षा में और महिलाओं की शिक्षा में कार्यरत है । विभाग राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन०सी०टी०ई०) के एक सचिवालय के रूप में काम करता है ।

अध्यापक शिक्षा

प्रारंभिक और माध्यमिक अध्यापकों के शिक्षा–कार्यक्रमों में सुधार लाने के लिए अनुसंधान एवं प्रायोगिक अध्ययन करना, अध्यापक–शिक्षकों और अध्यापक प्रशिक्षार्थियों के प्रयोग के लिए शिक्षण सामग्री तैयार करना और अध्यापक–शिक्षकों तथा सेवाकालीन अध्यापकों और प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त करना इस विभाग के कुछ मुख्य कार्यकलाप हैं ।

1987–88 वर्ष में अध्यापक–शिक्षा से संबद्ध चार अनुसंधान अध्ययनों के अंतर्गत किए जा रहे कार्यकलापों को जारी रखा गया । ये चार अनुसंधान अध्ययन थे–बी०एड० के छात्रों के मूल्य अभिविन्यास पर एक परियोजना, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और गैर अनुसूचित जाति/गैर अनुसूचित जनजाति के छात्र अध्यापकों की उपलब्धि के साथ संकल्पना, प्रवृत्ति और समायोजन के संबंधों का अध्ययन, भारत में अध्यापकों की स्थिति का अध्ययन और शिक्षा कालेजों में छात्र शिक्षण और अन्य प्रायोगिक कार्य के पर्यवेक्षण के साधनों के विकास की परियोजना । अध्यापक शिक्षा पर किए जा रहे अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाने के लिए विभाग ने तीन कार्यक्रम आयोजित किए जिनके ब्यौरे सारणी–7.1 में दिए गए हैं ।

1987–88 वर्ष में विकास कार्यकलापों का मुख्य लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में उल्लेखित प्रमोद क्षेत्रों के संदर्भ में अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या के नवीकरण से संबद्ध मामलों का पता लगाना और अध्यापक–शिक्षकों तथा अध्यापक–प्रशिक्षार्थियों के लिए शिक्षण–सामग्री विकसित करना रहा है । इस संबंध में विभाग ने अनेक कार्यशालाएं/बैठकें संगोष्ठियां आयोजित की जिनका ब्यौरा सारणी 7.2 में दिया गया है ।

सारणी 7.1

क्र०सं०	कार्यक्रम का नाम	तारीख/अवधि	स्थान	भाग लेने वालों की संख्या
1.	अनुसंधान परियोजनाओं के नियोजन और अभिकल्पना पर कार्यशाला	2 से 7 नवंबर 1987	हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला	21
2.	प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा में अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रधान व्यक्तियों का अभिविन्यास कार्यक्रम	4 से 8 नवंबर, 1987	विद्या भवन टीचर्स कालेज उदयपुर	19
3.	प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा में अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकारी समूह की बैठक	15 और 16 मार्च, 1988	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	6

सारणी 7.2

प्रारंभिक और माध्यमिक अध्यापक शिक्षा की शिक्षण–सामग्री विकसित करने के लिए आयोजित की गई कार्यशाला/बैठक

क्र०सं०	कार्यक्रम का नाम	तारीख/अवधि	स्थान	भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या
1.	गणित के अध्यापकों का मूल्यांकन करने के साधन विकसित पर कार्यशाला	6 से 10 जुलाई 1987 (5 दिन)	डी० ए० वी० कालेज देहरादून	38
2.	प्रारंभिक अध्यापक शिक्षकों को पर्यावरण–अध्ययन का शिक्षण कराने की विषयवस्तु एवं कार्य प्रणाली की गुटिका तैयार करने के लिए कार्यकारी समूह की बैठक ।	31 अगस्त, 1987	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	20
3.	भाषा साधनों को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला	28 से 30 सितंबर, 1987 (3 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	
4.	सामाजिक विज्ञान में विषयवस्तु एवं कार्य–प्रणाली का प्रश्न बैंक विकसित करने के लिए कार्यकारी समूह की बैठक ।	30 नवंबर से 4 दिसंबर, 1987 (5 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	8
5.	अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या ढांचा के पुनरीक्षण का उपागम लेख विकसित करने के लिए विशेषज्ञ समूह की बैठक ।	27 से 29 फरवरी, 1988 (3 दिन)	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	
6.	प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में पर्यावरण अध्ययनों के शिक्षण पर शिक्षण सामग्री विकसित करने के लिए एक कार्यशाला	7 से 9 मार्च 1988	एन० आई० ई० कैम्पस एन० सी० ई० आर० टी०	8
7.	प्रारंभिक अध्यापक–शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान में विषयवस्तु एवं कार्यप्रणाली की गुटिका पर परीक्षण मद विकसित करने पर एक कार्यशाला ।	16 से 19 मार्च, 1988	एन० आई० ई० गोवा	8

आलोच्य वर्ष में अध्यापक–शिक्षकों और स्कूल अध्यापकों को प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त करना विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य रहा है । विभाग ने स्कूल अध्यापकों के सामूहिक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी०एम० ओ०एस०टी०) के अंतर्गत 5 लाख सेवाकालीन अध्यापकों के वार्षिक अभिविन्यास से संबंधित सभी कार्यकलापों को समन्वयित किया । इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार के सहयोग से किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन तीन स्तरों पर किया गया । एन०सी०ई०आर० टी० ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रधान कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षित किया । इन प्रशिक्षित प्रधान कार्यकर्त्ताओं ने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर लगभग 1000 ज्ञान–साधन व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया । प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के सेवाकालीन अध्यापकों का अभिविन्यास करने के उद्देश्य से 10 दिन की अवधि के 9000 से भी अधिक प्रशिक्षण कैम्प आयोजित करने में देश भर में फैले लगभग 2,500 प्रशिक्षण केन्द्रों का सहयोग लिया गया । 1987–88 में इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 4.55 लाख अध्यापक अभिविन्यस्त किए गए ।

एस०आई०ई/एन०सी०ई०आर०टी० ने, जो कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर कार्यक्रम लागू करने की प्रधान एजेन्सियां हैं, अभिविन्यास कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया । इसके अतिरिक्त एन०सी०ई०आर०टी० ने भी एन० आई०ई० में अपने संकाय और क्षेत्रीय शिक्षा–कालेजों की सहायता से कार्यक्रम की प्रमानिता के संबंध में सूचना एकत्रित की । राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर कार्यक्रम के कार्यान्वियन की समीक्षा के लिए आयोजित की गई बैठक में प्राप्त हुए पुनर्भरण के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार किया गया और उस पर चर्चा की गई । 6 से 8 सितंबर, 1987 तक आयोजित की गई समीक्षा बैठक में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर की प्रधान एजेन्सियों के प्रतिनिधि और एन०आई०ई० तथा क्षेत्रीय शिक्षा कालेज के संकाय सदस्यों ने भाग लिया । समीक्षा–बैठक में दिए गए सुझावों के आधार पर 1988–89 में आयोजित किए जाने वाले अध्यापकों के अभिविन्यास की विषय–वस्तु का और सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा के पैकेजों के माड्यूलों का पुनरीक्षण करने का काम शुरू कर दिया गया । कार्यक्रम में प्रचार माध्यम के सहयोग की भी समीक्षा की गई और सेवाकालीन अध्यापकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रमों की विषय–वस्तु के कुछ पहलु से संबद्ध कुछ नए वीडियो कार्यक्रम का निर्माण कार्य शुरू करने का पहल किया गया।

स्कूल अध्यापकों के सामूहिक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी०एम०ओ० एस०टी०) के अंतर्गत आयोजित किए गए कार्यक्रमों के अतिरिक्त विभाग ने अध्यापक शिक्षकों के लिए कुछ अभिविन्यास एवं अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए । इन कार्यक्रमों के ब्यौरे सारणी 7.3 में दिए गए हैं ।

सारणी 7.3

अध्यापक शिक्षकों/अध्यापकों के लिए अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र०सं०	कार्यक्रम का नाम	तारीख/अवधि	स्थान	भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या
1.	पूर्वी प्रदेश के अध्यापक शिक्षकों के लिए सूक्ष्म शिक्षण पर अभिविन्यास पाठ्यक्रम ।	31 अगस्त से 5 सितंबर 1987 (6दिन)	पटना विश्वविद्यालय, पटना	35
2.	उभरते भारतीय समाज में अध्यापक और शिक्षा पर अध्यापक–शिक्षकों के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम ।	16 से 24 नवंबर, 1987 (9 दिन)	अन्नामलाई विश्वविद्यालय तिरुपति	32
3.	उभरते भारतीय समाज में अध्यापक शिक्षा पर अध्यापक शिक्षा के प्रधान कार्यकर्ताओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम ।	24 से 31 नवंबर, 1987 (8 दिन)		28
4.	स्कूल के प्रधानाचार्यों और अध्यापकों के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम ।	24 से 28 नवंबर, 1987	जम्मू	37
5.	सूक्ष्म शिक्षण पर अभिविन्यास पाठ्यक्रम ।	22 से 27 फरवरी, 1988 (6 दिन)	धारवाड़	28
6.	बी० एड० के छात्रों के प्रयोजन अभिविन्यास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम ।	9 से 14 फरवरी, 1988 (6 दिन)	इन्दौर	41

विशेष शिक्षा

विभाग ने विकलांगों की शिक्षा के क्षेत्र में अनेक अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार कार्यकलाप अपने हाथ में लिया । समाकालित और विशेष स्कूलों से लिए गए कम सुनने वाले बच्चों की भाषाई सक्षमताओं का पता लगाने के लिए किए गए अध्ययन के एक भाग के रूप में कम सुनने वाले बच्चों का निर्धारण करने का एक व्यापक साधन विकसित किया गया । इस साधन को स्कूली शिक्षा के प्रारंभिक स्तर के हिन्दी बोलने वाले छात्रों की सहायता से मानवीकृत किया गया । आलोच्य वर्ष में अध्ययन के लिए आंकड़ा एकत्रित करने का काम भी शुरू किया गया । इसके अतिरिक्त विशेष रूप से विकलांगों की समाकालित शिक्षा की शिक्षण–सक्षमताओं का पता लगाने के लिए एक अन्य परियोजना शुरू की गई । विशेष शिक्षा में अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाने के लिए विभाग ने 7 मार्च से 11 मार्च, 1988 तक बड़ौदा में विशेष शिक्षा में अनुसंधान कार्य को बढ़ाने पर एक कार्यशाला का आयोजन किया ।

विशेष शिक्षा के क्षेत्र में विभाग द्वारा हाथ में लिए गए कुछ महत्वपूर्ण विकासशील कार्यकलाप समाकलित व्यवस्था में विकलांग बच्चों को शिक्षित करने वाले प्राथमिक स्कूल के अध्यापकों के लिए एक गुटिका विकसित करना और 'दिशाएं' नामक व्यापक शीर्षक के अंतर्गत धारावाहिक वीडियो कार्यक्रम विकसित करना था । समेकित व्यवस्था में विकलांग बच्चों को शिक्षित करने वाले प्राथमिक स्कूल के अध्यापकों के लिए गुटिका विकसित पर 30 मार्च से 8 अप्रैल 1987 तक उदयपुर में विशेषज्ञों की एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में विकलांगों की समाकालित शिक्षा के 15 विशेषज्ञों ने भाग लिया । 'दिशाएं' नामक व्यापक शीर्षक के अंतर्गत विकसित किए गए वीडियो कार्यक्रमों में विकलांगों की शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है । इस धारावाहिक के पहले वीडियो कार्यक्रम में मुख्यतः चार प्रकार के विकलांगों अर्थात् आर्थोपिडिक, देखने, सुनने और मानसिक विकलांग की समाकलित शिक्षा का निहगावलोकन दिया गया है । 'कहते सुनते स्वर' नामक दूसरे वीडियो कार्यक्रम में समाकलित व्यवस्था के विशेष संदर्भ में कम सुनने वाले छात्रों की शिक्षा के बारे में बतलाया गया है । 'आलोक पथ पार' नामक तीसरे वीडियो कार्यक्रम में सामान्य कक्षाओं में कम देखने वाले बच्चों को समाकलित करने की निर्देशन रेखाएं बताई गई हैं । 'खेल में मेल' नामक एक अन्य वीडियो कार्यक्रम में खेल, नृत्य और संगीत के माध्यम से कम अधिगम वाले बच्चों के समाकलन को दिखाया गया है । पहले तीन वीडियो कार्यक्रम दूरदर्शन से प्रसारित किए गए जिन्हें लोगों ने काफी सराहा । इन वीडियो कार्यक्रमों के साथ विकलांग बच्चों के अध्यापकों के प्रयोग के लिए मुद्रण सामग्री भी विकसित की गई ।

विभाग द्वारा हाथ में लिया गया एक अन्य विकासशील कार्यकलाप विकलांगों के लिए सृजनात्मक कला–कार्यकलापों की एक सूची तैयार करना था । इस कार्य के लिए मार्च 1988 में एस०आई०ई०आर०टी, उदयपुर में एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और तमिलनाडु तथा संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली के सहभागियों ने भाग लिया ।

विभाग ने यूनिसेफ–सहायता प्राप्त "विकलांगों की परियोजना समाकलित शिक्षा (पी०आई०ई०डी०)" के अंतर्गत कार्यकलाप प्रारंभ किया। इस परियोजना में भाग लेने वाले राज्यों में नियोजन बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए । परियोजना के प्रलेख को अंतिम रूप दिया गया और उसे राज्य सरकारों के पास भेज दिया गया ।

विभाग ने 1 जुलाई से 30 सितंबर 1987 तक विकलांगों की समाकालित शिक्षा पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रधान कार्यकर्त्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया । इस पाठ्यक्रम में बिहार, गुजरात, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु उत्तर प्रदेश और दिल्ली के 18 सहभागियों ने भाग लिया । सहभागियों को आर्थोपिडिक, कम सुनने, कम देखने और मानसिक विकलांग की समाकलित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया ।

1987-88

3 माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से 1 से 3 फरवरी 1988 तक विशेष शिक्षा की प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर एक सम्मेलन का आयोजन किया । इस सम्मेलन में विशेष शिक्षा इकाइयों तथा इस तरह की इकाइयां स्थापित करने वाले संस्थानों की शिक्षा विभागों के संकाय अध्यक्षों/अध्यक्षों ने भाग लिया । इस सम्मेलन में भौगोलिक एवं विकलांग की विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर चर्चा की गई । एन० पी० ई–1986 के संदर्भ में विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण आवश्यकताओं की दृष्टि से विशेष शिक्षा इकाइयों की स्थापना के लिए सम्मेलन में निर्देशक रेखाओं के साथ–साथ विशेष शिक्षा की एक प्रोफाइल विकसित की गई ।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की शिक्षा

1987–88 वर्ष में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बच्चों की शिक्षा से संबद्ध अनुसंधान और विकासात्मक कार्यकलाप जारी रखे गए । आलोच्य वर्ष में 'उत्तर प्रदेश में' अनुसूचित जाति और गैर अनुसूचित जाति के दसवीं कक्षा के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धियों का एक तुलनात्मक अध्ययन', 'प्राथमिक स्तर के जनजाति छात्रों के दुर्बल एवं प्रबल तथ्यों के बारे में पता लगाने के लिए उनकी विषयानुसार निष्पत्ति का अध्ययन', और 'अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों की मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति योजना का एक मूल्यात्मक अध्ययन' पर अनुसंधान अध्ययन जारी रखा गया।

विभाग जनजाति के छात्रों के लिए प्राइमर तैयार करने में काफी लगा रहा । 18 से 28 जून 1987 तक जनजातीय सांस्कृतिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में आन्ध्र प्रदेश के गोंडी जनजाति के बच्चों को कक्षा 1 का प्राइमर तैयार करने के लिए कार्यकारी समूह की एक बैठक की गई । एक कार्यशाला में गोंडी जनजाति की बोली और तेलुगु लिपि में लिखे गए प्राइमर को अंतिम रूप दिया गया ।

जनजातीय क्षेत्रों में स्थित प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के अध्यापक शिक्षकों के लिए आलोच्य वर्ष में जनजातीय जीवन और संस्कृति तथा जनजातीय शिक्षा की समस्याओं पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया । इसके अतिरिक्त 9 से 15 सितंबर 1987 तक जनजातीय क्षेत्रों में चलाए जा रहे अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों में लगे प्रधान कार्यकर्त्ताओं के लिए एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में 16 लोगों ने भाग लिया । 10 से 16 नवंबर 1987 तक जनजातीय क्षेत्रों के प्रारंभिक अध्यापक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम में 8 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

महिलाओं की समता की शिक्षा

परिषद् स्कूली शिक्षा के विभिन्न शिक्षा–स्तरों में निर्धारित किए गए पाठ्यपुस्तकों और सप्लीमेन्टरी रीडरों में लिंग भेद को दूर करने के लिए इनके मूल्यांकन से संबद्ध अपना कार्यकलाप जारी रखे हुए हैं । 15 और 16 मार्च 1988 को जोधपुर में महिलाओं की समता और स्कूल पाठ्यचर्या पर एक दो–दिन का अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में 65 अध्यापकों ने भाग लिया और पुस्तकों में लिंग भेद को दूर करने की दृष्टि से हिन्दी में लगभग 85 पुस्तकों का मूल्यांकन एवं पुनरीक्षण किया गया। 30 सितंबर से 4 अक्टूबर 1987 तक दयावती मोदी अकादमी मोदीपुरम में एक 5 दिन की कार्यशाला आयोजित की गई । भाषा की पाठ्यपुस्तकों में लिंग भेद को दूर करने की दृष्टि से पाठ सामग्री का मूल्यांकन करने की कार्य–प्रणाली के बारे में प्रशिक्षित किया गया । परिषद् विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के जरिए महिलाओं के अधिकार से संबद्ध अपने कार्यकलाप को जारी रखे रहा ।

'इमेजेज आफ विमन एण्ड करिकुलम इन मदर टंग' नामक पुस्तक के निर्माण के संबंध में इसकी पांडुलिपि का संपादन करने तथा अंतिम रूप देने के लिए दो कार्यशालाओं का, एक 11 से 17 अक्टूबर 1987 तक और दूसरा 26 से 31 अक्टूबर 1987 तक आयोजन किया गया । परिषद् ने पाठ सामग्री में महिलाओं की अवस्थिति और समता से संबद्ध मूल्यों का निगमन करने की दृष्टि से अंग्रेजी में आदर्श संसाधन सामग्री के विकास से संबद्ध विभिन्न कार्यकलापों को हाथ में लिया । इन आदर्श संसाधन सामग्री के विकास के लिए 7 दिन की दो कार्यशालाएं आयोजित की गई । पहले आयोजित की गई कार्यशालाओं में भाग लेने वाले व्यक्तियों द्वारा विकसित पाठों से सामग्री का चयन करने की दृष्टि से 7 से 12 फरवरी 1988 तक मराठा विश्वविद्यालय में एक छानबीन समूह की बैठक आयोजित की गई।

स्कूल स्तर पर महिलाओं के अध्ययन का समावेश करने के लिए 'दहेज देवातल', 'बेगम हजरत महल' नामक दो सप्लीमेण्टरी रीडर तैयार किए गए । महिलाओं के अध्ययन पर लिखे गए सप्लीमेण्टरी रीडर की पांडुलिपि का पुनरीक्षण करने के लिए 21 और 22 मई 1987 को एक बैठक आयोजित की गई ।

महिलाओं की समता की शिक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने की दृष्टि से दक्षिणी क्षेत्र के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रधान कार्यकर्त्ताओं के लिए इस विषय पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में स्कूलों के प्रधानाचार्य, शिक्षा प्रशासकों और विश्वविद्यालय की महिला अध्ययन इकाइयों के विशेषज्ञों ने भाग लिया । कार्यशाला में महिलाओं की समता की शिक्षा पर क्रिया अनुसंधान परियोजनाएं विकसित की गई । इन कार्यों के अतिरिक्त, परिषद् ने अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए पाठ्यचर्या को समृद्ध बनाने और इसे बालिकाओं की आवश्यकताओं के अनुसार ढालने की दृष्टि से 6–14 आयु वर्ग की बालिकाओं की शैक्षिक आवश्कताओं का पता लगाने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है ।

परिषद् ने महिलाओं की समता की शिक्षा से संबद्ध कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अक्टूबर 1987 में एक अलग महिला अध्ययन इकाई की स्थापना की । 1988–89 में लागू करने के लिए शिक्षा के जरिए महिलाओं के अधिकार के संबंध में अनेक कार्यक्रम/परियोजनाएं निरूपित की गई । इन कार्यक्रमों/परियोजनाओं का निरूपण करने के लिए महिलाओं के अध्ययन–क्षेत्रों के ज्ञान साधन व्यक्तियों और विशेषज्ञों का सहयोग लिया गया ।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन०सी०टी०ई०)

विभाग राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन०सी०टी०ई०) के लिए एक सचिवालय के रूप में काम कर रहा है । राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्

की अपनी साधारण सभा है जिसका अध्यक्ष मानव संसाधन विकास मंत्री है, अपनी समिति है जिसका अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के सदस्य सचिव हैं, और तीन शैक्षिक स्थायी समितियां हैं जिनके अध्यक्ष संबद्ध क्षेत्रों के विशेषज्ञ होते हैं ।

जबकि शैक्षिक समिति की बैठक अध्यापक शिक्षा से संबद्ध मामलों और समस्याओं पर चर्चा करने के लिए अकसर होती रहती है, परिषद् की बैठक स्थायी समिति की सिफारिशों पर विचार करने और नीति के मामलों पर व्यापक निर्देशक-रेखा और सिफारिश करने के लिए साल में केवल एक बार होती है । कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, अभिविन्यास कार्यक्रमों, कार्यकारी समूहों और विशेषज्ञ समूहों की बैठकों आदि की सहायता से पाठ्यचर्या विकास, पाठ्यचर्या सामग्री का निर्माण, प्रवेश नीति और मूल्यांकन आदि जैसे शैक्षिक कार्यक्रमों को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार आयोजित किया जाता है ।

1987-88 वर्ष में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के तत्वावधान में अनेक कार्यकलाप किए गए । इनमें से कुछ कार्यकलाप निम्नलिखित हैं।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की साधारण सभा की बैठक

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की नवीं साधारण सभा की बैठक 21 मार्च 1987 को आयोजित की गई । श्री पी० वी० नरसिंहराव, मानव संसाधन विकास मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की । साधारण सभा ने अध्यापकों के व्यावसायिक आचार नीति संहिता के मसौदे पर विचार किया और यह सिफारिश की कि इस संहिता को टिप्पणी के लिए अध्यापक के प्रतिनिधियों के पास भेज दिया जाए ।

इस बात पर पुनः जोर दिया गया कि प्रारंभिक और माध्यमिक स्तरों पर सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा के लिए पत्राचार पाठ्यक्रम को तुरंत रोक दिया जाए । सभा ने यह सिफारिश की कि चार साल अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम की योजना बनाने के लिए एक समिति बनायी जानी चाहिए ।

आम सभा ने सेवा पूर्व और सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा को पुनः क्रियाशील बनाने के लिए एन०सी०ई०आर०टी० द्वारा नियुक्त दो कार्यकारी समूहों की रिपोर्टों पर भी विचार किया । यह सुझाव दिया गया कि दो रिपोर्टों पर प्राप्त हुई टिप्पणियों को समेकित कर देना चाहिए और यदि आवश्यक समझा जाए तो आवश्यक कार्रवाई के लिए इसकी सूचना एन० सी०ई०आर०टी० को भेज दी जाए ।

शैक्षिक स्थायी समितियों की बैठक

1987-88 वर्ष में एन०सी०ई०आर०टी० के मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की शैक्षिक स्थायी समितियों की निम्नलिखित बैठकें हुई ।

संचालन समिति की बारहवीं बैठक

23 फरवरी 1987 को संचालन समिति की बारहवीं बैठक हुई । इस बैठक में एन०सी०ई०आर०टी० द्वारा नियुक्त की गई दो कार्यकारी समूहों की रिपोर्टों की जिनमें से एक सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा को पुनः क्रियाशील बनाने और दूसरी सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा के संबंध में थी, एन०पी० ई० 1986 के निहितार्थ के साथ चर्चा करने की सिफारिश की गई थी । संचालन समिति ने भी साधारण सभा की बैठक के लिए कार्यसूची को अंतिम रूप दे दिया ।

संचालन समिति की तेरहवीं बैठक

संचालन समिति की तेरहवीं बैठक 10 मई, 1988 को हुई । इसने आगे होने वाली साधारण सभा की बैठक की कार्यसूची के मदों पर विचार किया । साधारण सभा की प्रस्तावित कार्यसूची में प्रस्ताव का मसौदा और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के बिल अध्यापकों की व्यावसायिक नीति संहिता, नई अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या ढांचा और चार-साला अध्यापक शिक्षा ढांचा शामिल है ।

विशेष अध्यापक शिक्षा समिति की नवीं बैठक

विशेष अध्यापक शिक्षा की स्थायी समिति की नवीं बैठक 22 फरवरी 1988 को एन०सी०ई०आर०टी० में हुई । समिति ने आई०ई०डी० योजना में मानसिक विकलांग, अधिगम अपंगता और कुछ चुने हुए बहु विकलांगों को शामिल कर लेने पर संतोष व्यक्त किया । बैठक में यह अनुभव किया गया कि वर्तमान पाठ्य विवरण की जांच करने और संशोधित योजना की आवश्यकताओं के अनुसार उनमें आपरिवर्तन करने के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षा-विभागों और क्षेत्रीय शिक्षा कालेज से अनुरोध किया जा सकता है । समिति ने शिक्षा विशेष शिक्षा के अध्यापक शिक्षकों के अभिविन्यास कार्यक्रम की आवश्यकता, विकलांगों की शिक्षा और पुनर्वास से संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनौपचारिक और वयस्क शिक्षा के अनुदेशकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और विशेष शिक्षा में प्रौद्योगिकी के समावेश और विकलांग बच्चों की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा नियोजकों और प्रशासकों के अति संवेदनशीलन की आवश्यकता पर विचार किया ।

प्राथमिक पूर्व और प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा समिति की दसवीं बैठक

प्राथमिक पूर्व और प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा समिति की दसवीं बैठक 16 फरवरी 1988 को हुई । इस बैठक में प्रारंभिक अध्यापक - शिक्षकों का एक अलग कॉडर बनाने, विश्वविद्यालयों में प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम को संस्थापन करने और स्कूल पूर्व तथा आरंभिक प्राथमिक शिक्षा में समेकित दो साला पाठ्यक्रम की आवश्यकता पर, और प्रायोगिक स्कूलों को प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्था के साथ संलग्न करने जैसे मामलों पर विचार किया । समिति ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के अध्यापकों की अर्हता के प्रश्न पर विचार किया और यह सिफारिश की कि प्रारंभिक स्कूल के अध्यापकों के लिए, निम्नतम अर्हता 12 साल तक स्कूल की पढ़ाई और 2 साल का अध्यापक-प्रशिक्षण होना चाहिए । यह भी सिफारिश की गई कि इस अर्हता वाले वर्तमान अध्यापकों को, जो उच्च प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन करा रहे हैं, राज्य सरकारों द्वारा विषय-वस्तु की समृद्धि में अभिविन्यस्त कर देना चाहिए ।

1987-88

पर्याप्त सुविधाओं और साधनों के होने के बावजूद भी मान्यता रहित नर्सरी स्कूलों की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुए, यह अनुभव किया गया कि इन स्कूलों को मान्यता प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों को कुछ मानक मापदण्ड बना लेना चाहिए और उन्हें लागू करना चाहिए । इस संबंध में यह सुझाव दिया गया कि स्वायत्त एजेन्सियों/ट्रस्टों से +2 स्तर के बाद लिए गए स्कूल पूर्व अध्यापक प्रशिक्षण की और गृह विज्ञान के कालेजों को राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए ।

माध्यमिक और कालेज अध्यापक शिक्षा समिति की विशेष बैठक

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में बी० एड० (पत्राचार) पाठ्यक्रम चलाने के संबंध में 31 अगस्त, 1988 को एन०सी०ई०आर०टी० में माध्यमिक और कालेज अध्यापक शिक्षा समिति की विशेष बैठक हुई । समिति के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए कि अप्रशिक्षित अध्यापकों की भर्ती नहीं होनी चाहिए और अध्यापक शिक्षा में प्रथम डिग्री प्रदान करने वाले पत्राचार पाठ्यक्रम अर्थात् बी०एड० को तुरंत रोक देना चाहिए । समिति ने यह अनुभव किया कि अप्रशिक्षित अध्यापकों की भर्ती केवल एक संरचनात्मक समस्या है और इस समस्या का समाधान प्रभावकारी जनशक्ति नियोजन से करने की आवश्यकता है । लंबी चर्चा के बाद समिति ने 31 अगस्त 1987 को मानव संसाधन विकास मंत्री को देने के लिए ज्ञापन का मसौदा तैयार किया।

माध्यमिक और कालेज अध्यापक शिक्षा समिति की ग्यारहवीं बैठक

माध्यमिक और कालेज अध्यापक शिक्षा समिति की ग्यारवीं बैठक 1 मार्च, 1988 को एन०सी०ई०आर०टी० में हुई । समिति को यह सूचित किया गया कि 'अध्यापक शिक्षा पर एक चर्चा लेख' तैयार किया गया और डी०टी०ई०एस०ई० एण्ड ई०एस० के संकाय के साथ उस पर चर्चा की गई । चर्चा के दौरान कुछ महत्वपूर्ण तथ्य उभर कर सामने आए जिन पर अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या ढांचा की समीक्षा करते समय विचार किया जाएगा । समिति ने (I) + 2 स्तर के अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रकृति, (II) अध्यापक शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश पाने की प्रकृति और बहुलकता, (III) संकाय सुधार कार्यक्रम और (IV) बी० एड० पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर साईंस का एक पेपर रखने की आवश्यकता जैसे मामलों पर विचार किया ।

समिति ने यह सिफारिश की है कि + 2 स्तर के अध्यापकों को तैयार करने से संबद्ध उपयुक्त कार्यक्रम बनाने के लिए एक समिति का गठन किया जाए । यह सुझाव दिया गया कि + 2 स्तर के अध्यापकों के लिए ऐसे पाठ्यक्रमों को पुनः तैयार करने का कार्य क्षेत्रीय शिक्षा–कालेजों को सौंपा जा सकता है । प्रवेश बहुलकता के संबंध में समिति ने यह सिफारिश की है कि विश्वविद्यालयों को प्रवेश के लिए स्वयं अपना परीक्षण लेना चाहिए । फिर भी प्रवेश प्रक्रिया से संबद्ध परीक्षणों और साक्षात्कारों की एक व्यापक कसौटी राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को प्रस्तुत करनी चाहिए क्योंकि बी०एड० में प्रवेश के लिए उचित परीक्षण लेने से पाठ्यक्रम का स्तर उठ जाएगा ।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् ने ऊपर उल्लेख की गई बैठक आयोजित की और इन बैठकों तथा पहले की बैठकों में सुझाई गई उपयुक्त अनुवर्ती क्रिया पर विचार किया । राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा बैठकों में की गई सिफारिशों को लागू करने के लिए राज्य अध्यापक शिक्षा बोर्ड (एस०बी०टी०ई०एस), एस०सी०ई०आर०टी०/सी० आई० ई०, विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभाग और राज्यों/संघ क्षेत्रों के संबद्ध मंत्रालयों से अनुरोध किया गया ।

आयोजित विकासात्मक कार्यक्रम

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की विभिन्न समितियों की बैठकों के अतिरिक्त, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् ने 1987–88 में निम्नलिखित कार्यकलाप भी अपने हाथ में लिए ।

(I) बी०एड० की डिग्री दिलाने वाले पत्राचार पाठ्यक्रम से संबद्ध ज्ञापन को तैयार करना

कालेज और माध्यमिक अध्यापक शिक्षा की स्थायी समिति ने शिक्षा में प्रथम डिग्री प्रदान करने के लिए कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जा रहे बी० एड पत्राचार पाठ्यक्रम को बंद करने के मामले पर विचार करने के लिए 31 अगस्त 1987 को एक विशेष बैठक की । एस०सी०टी०ई० समिति ने ज्ञापन का मसौदा तैयार किया जिसे एन०सी०ई०आर०टी० के फेलो और भूतपूर्व शिक्षा मंत्री डा० के०एल० श्रीमाली के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के सदस्यों के शिष्ट मंडल ने मानव संसाधन विकास मंत्री को प्रस्तुत किया । शिष्ट मंडल ने ज्ञापन 31 अगस्त 1987 को प्रस्तुत किया ।

(II) व्यावसायिक नीति संहिता का विकास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार 'अध्यापक के गौरव को बढ़ाने वाली व्यावसायिक सत्यनिष्ठा को बनाए रखने और व्यावसायिक अविचार को दूर करने में अध्यापक संघ को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। राष्ट्रीय अध्यापक संघ को अध्यापकों के लिए एक व्यावसायिक नीति संहिता तैयार करनी चाहिए और उसका अनुपालन करना चाहिए । ऊपर उल्लेख की गई नीति को ध्यान में रखकर 24 से 26 नवंबर 1986 तक हैदराबाद में आयोजित की गई कार्यशाला में अध्यापकों के लिए व्यावसायिक नीति संहिता विकसित की गई । कार्यशाला में यह सिफारिश की गई कि व्यावसायिक नीति संहिता के मसौदे को व्यापक प्रचार–प्रसार तथा आवश्यक संशोधनों के लिए परिचालित करनी चाहिए । राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के माध्यमिक और कालेज अध्यापक शिक्षा की समिति की एक बैठक में भी व्यावसायिक नीति संहिता के प्रश्न पर चर्चा की गई ।

इन सिफारिशों के अनुवर्तन के लिए संहिता के मसौदा को सभी डी० पी०आई०, एस०सी०ई०आर०टी०/एस०आई०ई० के निदेशक, राज्य अध्यापक शिक्षा बोर्ड, कुछ चुने हुए अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान और एन०सी०ई०

आर०टी० संकाय के पास भेजा गया ।

प्राप्त हुई टिप्पणियों पर विचार करने और संहिता के मसौदे में आवश्यक संशोधन करने के लिए 18 और 19 जनवरी 1988 को एन० आई०ई० कैम्पस में एक राष्ट्रीय सम्मेलन किया गया ।

अखिल भारतीय प्राथमिक अध्यापक संघ, अखिल भारतीय माध्यमिक अध्यापक संघ, और शिक्षा–संघों के अखिल भारतीय महासंघ के पदाधिकारियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया ।

संशोधित संहिता के मसौदे को व्यापक रूप से परिचालित करने का प्रस्ताव किया गया जिससे कि अंतिम संस्करण विकसित करने के लिए राज्य, जिला और स्थानीय स्तरों की संबंधित एजेन्सियों और अध्यापक–संघों में इसकी चर्चा की जा सके ।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की अगली बैठक में अध्यापकों की व्यावसायिक नीति संहिता के मसौदे को रखा जाएगा ।

(III) अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या ढांचा का विकास

नवंबर 1984 में आयोजित की गई राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा संगोष्ठी में यह सिफारिश की गई थी कि कार्यान्वयन अनुभव, नई प्रवृत्ति और विकास की दृष्टि से ढांचे का पुनरीक्षण और संशोधन एक निश्चित समयांतराल पर होते रहना चाहिए । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार एक तरफ तो सभी स्तरों पर अध्यापक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है तो दूसरी तरफ स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने की आवश्यकता है । प्रारंभिक और माध्यमिक स्तर की शिक्षा की एक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा एन०सी०ई०आर०टी० ने एन०पी०ई० के मुख्य प्रमोदों को ध्यान में रखकर तैयार की है । इन विकासों और केन्द्रीयतः प्रायोजित अध्यापक शिक्षा योजनाओं विशेष रूप से डी०आई०ई०टी० की स्थापना और अध्यापक शिक्षा के माध्यमिक कालेजों को प्रबल बनाने और शिक्षा के कुछ उच्च अध्ययन संस्थानों को ऊपर उठाने, से अध्यापकों के व्यावसायिक निर्माण पर पुनः विचार करने और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या ढांचा 1978 की पुनः जांच करने की आवश्यकता है ।

इस संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की पाठ्यचर्या ढांचा के नवीकरण और संशोधन से संबद्ध एक उपागम लेख तैयार करने के लिए फरवरी 1988 में तीन दिनों की विशेषज्ञ समूह की बैठक की गई । उपागम लेख की दृष्टि से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की पाठ्यचर्या ढांचे का संशोधन किया जा रहा है । तब संशोधित ढांचे पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की साधारण सभा में विचार किया जाएगा और चर्चा की जाएगी ।

(IV) अध्यापकों के सामाजिक एवं व्यावसायिक उत्तरदायित्व मापने के मानक और साधन का विकास

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार सभी अध्यापकों को अध्यापन कराना चाहिए और सभी छात्रों को अध्ययन करना चाहिए । इस व्यवस्था से अध्यापकों के उत्तरदायित्व को जाना जा सकता है । इस नीति में अध्यापक की उस निष्पत्ति पद्धति के मूल्यांकन की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई है जो विवृत भाग लेने योग्य और आंकड़ा आधारित है । यह पद्धति स्वमूल्यांकन और सुधार का एक साधन होने के साथ–साथ उच्च श्रेणी में उन्नति करने का आधार भी है ।

अध्यापकों के सामाजिक एवं व्यावसायिक उत्तरदायित्व मापने के मानक और साधन को विकसित करने के लिए 14 से 16 दिसंबर, 1987 तक मद्रास विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में एक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई । यह कार्यशाला उस कार्यशाला की ही एक कड़ी है जो कि 26 से 31 अक्टूबर 1987 तक कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर के शिक्षा विभाग में आयोजित की गई थी ।

इस कार्यशाला में देश भर के छब्बीस व्यक्तियों ने भाग लिया । इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों के सामाजिक एवं व्यावसायिक उत्तरदायित्व मापने के मानक और साधन को विकसित करने के लिए पहले की कार्यशाला में विकसित किए गए साधन को परिष्कृत करना था।

इस संबंध में चार साधन विकसित किए जा चुके हैं और इन साधनों के मदों का मूल्यांकन स्पष्टता, परिशुद्धता, पेयता और प्रासंगिकता की दृष्टि से किया गया है और जहां कहीं भी आवश्यक जान पड़ा है आपरिवर्तन कर दिए गए हैं ।

(V) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को सांविधिक अवस्थिति प्रदान करने वाले प्रस्ताव का मसौदा तैयार करना

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् को सांविधिक अवस्थिति प्रदान करने वाले प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने के लिए प्रो० आर०एन० महरोत्रा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया । इस समिति की लगभग एक दर्जन बैठकें हो चुकी हैं और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के बिल और प्रस्ताव के मसौदे को अंतिम रूप दिया जा चुका है । बिल के मसौदे को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की साधारण सभा की अगली बैठक में प्रस्तुत करने की आशा है ।

अध्यापकों के अनुवर्ती शिक्षा के केन्द्र

यह विभाग अध्यापकों के अनुवर्ती शिक्षा केन्द्र के कार्यकलापों का समन्वयन करता रहा है । ये केन्द्र राज्यों/संघ राज्य–क्षेत्रों के प्रारंभिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में माध्यमिक अध्यापकों और अध्यापक– शिक्षकों को सेवाकालीन शिक्षा प्रदान करने में लगा हुआ है । अनुवर्ती शिक्षा के केन्द्रों के कार्यकलापों का समन्वयन करने के लिए विभाग ने अनुवर्ती शिक्षा केन्द्रों की राज्य सलाहकार समिति की दो बैठकें आयोजित की और हिमाचल प्रदेश तथा पंजाब की सलाहकार समिति की बैठकों में भाग लिया।

प्रकाशन

विभाग ने अध्यापकों की सेवाकालीन शिक्षा के लिए प्रशिक्षण सामग्री, विकलांगों की शिक्षा के लिए साधन सामग्री, अध्यापक–शिक्षकों और छात्र अध्यापकों के लिए शिक्षण सामग्री, पाठ्यचर्या और पाठ्यपुस्तक निर्माताओं के लिए निर्देशक रेखाएं और अनुसंधान रिपोर्ट प्रकाशित की है । इन

प्रकाशनों के ब्यौरे सारणी 7.4 में दिए गए हैं ।

अनुसंधान रिपोर्टों और शिक्षण सामग्री का प्रचार करने के अतिरिक्त विभाग ने निम्नलिखित बुलेटिन प्रकाशित किए ।

1. संचार : विकलांगों को समान शिक्षा सुअवसर (पाक्षिक)
2. नोट : समाचार बुलेटिन (त्रैमासिक)
3. देश में + स्नातकोत्तर शिक्षा कालेजों और विश्वविद्यालय के शिक्षा विभागों की निर्देशिका (वार्षिक)

परामर्श सेवा

विभाग ने राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों, विकलांगों की राष्ट्रीय संस्थानों, विश्वविद्यालय के शिक्षा-विभागों, मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा कार्मिक प्रशिक्षण से संबद्ध अन्य मंत्रालयों को परामर्श सेवा उपलब्ध करायी है । 1987–88 में विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गई परामर्श सेवा का संक्षिप्त विवरण सारणी 7.5 में दिया गया है ।

सारणी 7.4

प्रकाशन (माइक्रोग्राफिक)

क्र०सं०	नाम	प्रकाशन मास	प्रकाशित प्रतिलिपियों की संख्या
1.	प्लानिंग एण्ड मैनेजमेण्ट आफ आई०ई०डी० प्रोग्राम– हैण्ड बुक	जून, 1987	3,000
2.	माड्यूल्स इन इंग्लिश इन III वाल्यूम्स पार्ट I जनरल पार्ट II प्राइमरी पार्ट III सेकेण्डरी	"	
3.	सोर्स बुक–ट्रेनिंग टीचर्स आफ विजुवली इम्पेयर्ड	जून, 1987	3,000
4.	ए टीचर्स हैण्ड बुक आन आई० ई० डी० हेल्पिंग चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स (इंग्लिश एण्ड हिन्दी)	जून, 1988	3,000 3,000

सारणी 7.5

उपलब्ध करायी गई परामर्श सेवा

क्र०सं०	संगठन का नाम	परामर्श की प्रकृति
1.	एस०सी०ई०आर०टी०/एस०आई०ई०	आई०ई०डी० हरियाणा, मध्यप्रदेश, मिजोरम, महाराष्ट्र, नागालैण्ड उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु ।
2.	एन०आई०एच०आई०, सिकंदराबाद	संस्थाओं के अध्यक्षों का प्रशिक्षण ।
3.	एन०आई०एम०एच०, हैदराबाद	व्यावसायिक अध्यापकों के प्रशिक्षण की शिक्षण साम्ग्री का विकास ।
4.	एन०आई०वी० ई०, देहरादून	व्यावसायिक अध्यापकों के प्रशिक्षण की शिक्षण साम्ग्री का विकास ।
5.	यूनिसेफ	विकलांगों की परियोजना समेकित शिक्षा ।
6.	एन०डी०एम०सी०	मानसिक विकलांगों के लिए स्कूल का विकास ।
7.	विश्वविद्यालय का शिक्षा विभाग एम०एस० विश्वविद्यालय, बड़ौदा ।	विशेष शिक्षा कार्यक्रम का विकास ।
8.	विकलांग संस्थान, नई दिल्ली	चिकित्सा के लिए व्यावसायिक अध्यापकों के प्रशिक्षण का विकास ।
9.	भारतीय पुनर्वास परिषद	कम सुनने वालों और मानसिक विकलांगों के क्षेत्र में जनशक्ति उपकरण ।
10.	सी०एस०एस० आर०	विशेष शिक्षा में छानबीन अनुसंधान कार्यक्रम ।
11.	एस०सी०ई०आर०टी, हरियाणा	प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या का विकास ।
12.	दिल्ली प्रशासन	प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या का विकास ।
13.	राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट	डब्लु०बी०एफ० के लिए पुस्तकों का चयन ।
14.	राज्य	राज्य योजनाओं का विकास ।
15.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	एस०सी०डी की स्थापना से सम्बद्ध निर्देशक रेखाओं का विकास ।
16.	केन्द्रीय विद्यालय	स्टाफ का चयन ।

आठ

क्षेत्रीय शिक्षा कालेज

क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों का एक मुख्य कार्यकलाप सेवापूर्व अध्यापक शिक्षा के नवीन प्रक्रियात्मक कार्यक्रमों को विकसित करना रहा है। ये कालेज स्कूल शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबद्ध अनुसंधान, अध्ययन, अध्यापक–शिक्षक, अध्यापक और अध्यापक प्रशिक्षार्थियों के प्रयोग के लिए शिक्षण सामग्री का विकास और स्कूल शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा में गुणतात्मक सुधार लाने के लिए प्रशिक्षण एवं विस्तार कार्यकलाप करने में लगे हुए हैं।

प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा कालेज अपने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। अजमेर का क्षेत्रीय शिक्षा कालेज हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और उत्तर प्रदेश तथा संघ राज्य क्षेत्र चण्डीगढ़ और दिल्ली की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। भोपाल का क्षेत्रीय शिक्षा कालेज गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र तथा संघ राज्य क्षेत्र दादर और नागर हवेली तथा दमन और दियू की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। भुवनेश्वर का क्षेत्रीय शिक्षा कालेज अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैण्ड, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा और संघ राज्य–क्षेत्र अण्डमान और निकोबार द्वीप की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है जबकि मैसूर का क्षेत्रीय शिक्षा कालेज आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु तथा संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप और पाण्डिचेरी की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, अजमेर

अजमेर का क्षेत्रीय शिक्षा कालेज बी०एस–सी० (आनर्स/पास) बी० एड० डिग्री के लिए विज्ञान शिक्षा में चार–वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम, विज्ञान/कृषि/वाणिज्य/भाषा (अंग्रेजी/हिंदी/उर्दू) में विशिष्टीकरण के साथ बी० एड० डिग्री के लिए एक वर्षीय पाठ्यक्रम, विज्ञान/वाणिज्य/भाषा में विशिष्टीकरण के साथ एक वर्षीय एम० एड० पाठ्यक्रम और बी०एड० डिग्री के लिए एक पत्राचार पाठ्यक्रम चलाता है। कालेज में शिक्षा और विज्ञान में पी–एच० डी० के लिए विद्यार्थियों को पंजीकृत कराने की व्यवस्था है।

नामांकन

1987–88 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों के नामांकन का विवरण सारणी 8.1, 8.2 और 8.3 में दिया गया है।

सारणी 8.1

1987–88 वर्ष में सेवापूर्व पाठ्यक्रम में नामांकन

क्र० सं०	पाठ्यक्रम	नामांकन	कुल जोड़
1.	एम० एड०	19	13
2.	बी० एड० विज्ञान	64	64
3.	बी० एड० कृषि	26	26
4.	बी० एड० वाणिज्य	23	23
5.	बी० एड० अंग्रेजी	28	28
6.	बी० एड० हिन्दी	32	32
7.	बी० एड० उर्दू	6	6
8.	प्रथम वर्ष बी० एस–सी. (एच/पी/बी० एड)	59	59
9.	द्वितीय वर्ष बी० एस–सी.	67	67
10.	तृतीय वर्ष बी० एस–सी.	42	42
11.	चतुर्थ वर्ष बी० एस–सी.	43	49
		कुल जोड़ : 415	415

1987-88

सारणी 8.2

1987–88 वर्ष में विभिन्न पाठ्यक्रमों में (राज्यश:) नामांकन

क्र० सं०	पाठ्यक्रम	राजस्थान	उ० प्र०	पंजाब	हि० प्र०	हरियाणा	दिल्ली	चंडीगढ़	जम्मू और कश्मीर	कुल जोड़
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	बी० एड० विज्ञान	13	19	9	–	10	5	2	–	64
2.	बी० एड० कृषि	5	15	1	–	2	2	–	1	26
3.	बी० एड० वाणिज्य	6	7	1	–	3	4	2	–	23
4.	बी० एड० अंग्रेजी	7	8	3	3	3	3	–	1	28
5.	बी० एड० हिन्दी	8	10	2	1	5	4	–	2	32
6.	बी० एड० उर्दू	1	5	–	–	–	–	–	–	6
7.	प्रथम वर्ष, बी०एस–सी (एच/पी/ बी०एड)	22	20	3	3	2	7	2	–	59
8.	द्वितीय वर्ष, बी०एस–सी	किसी भी राज्य में नया दाखिला नहीं किया गया								67
9.	तृतीय वर्ष, बी०एस–सी		〃	〃	〃 〃	〃				42
10.	चतुर्थ वर्ष, बी०एस–सी		〃	〃	〃 〃	〃				49
11.	एम० एड०		〃	〃	〃 〃	〃				19

सारणी 8.3

1987–88 वर्ष में सेवापूर्व पाठ्यक्रम में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों का नामांकन

क्र० सं०	पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या	अनुसूचित जाति के छात्र	अनुसूचित जनजाति के छात्र
1	2	3	4	5
1.	बी० एड०	19	–	–
2.	बी० एड० विज्ञान	64	6	2
3.	बी० एड० कृषि	26	4	2
4.	बी० एड० वाणिज्य	23	3	–
5.	बी० एड० अंग्रेजी	28	4	–
6.	बी० एड० हिन्दी	32	5	–
7.	बी० एड० उर्दू	6	–	–
8.	प्रथम वर्ष बी० एस–सी (एच/पी) बी० एड०	59	4	–
9.	द्वितीय वर्ष बी० एस–सी (एच/पी) बी० एड०	67	1	1
10.	तृतीय वर्ष बी० एस–सी (एच/पी) बी० एड०	42	1	–
11.	चतुर्थ वर्ष बी० एस–सी (एच/पी)	49	–	–
	कुल जोड़	415	28	5

सारणी 8.4

1987 वर्ष के परीक्षा फल

क्र० सं०	पाठ्यक्रम	परीक्षा में बैठे छात्रों की संख्या	उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या
1	2	3	4
1.	प्रथम वर्ष बी० एस–सी० बी० एड०	86	59
2.	द्वितीय वर्ष बी० एस–सी० बी० एड०	44	38
3.	तृतीय वर्ष बी० एस–सी० बी० एड०	50	48
4.	चतुर्थ वर्ष बी० एस–सी० बी० एड०	45	45
5.	बी० एड० (विज्ञान)	58	57
6.	बी० एड० (कृषि)	18	18
7.	बी० एड० (वाणिज्य)	24	20
8.	बी० एड० (अंग्रेजी)	27	25
9.	बी० एड० (हिन्दी)	34	33
10.	बी० एड० (उर्दू)	23	20
11.	बी० एड० (एल. एस. सी. सी.)	102	94
12.	एम० एड०	14	14

परिणाम

शैक्षिक सत्र 1987–88 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों के परीक्षा परिणाम सारणी 8.4 में दिए गए हैं ।

विस्तार सेवा

कालेज के विस्तार सेवा विभाग में अपने अंतर्गत आने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की आवश्यकताओं और माँगों को ध्यान में रखकर स्कूल शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों पर कार्यशालाएँ/बैठकें/संगोष्ठियाँ आयोजित कीं । 1987–88 वर्ष में आयोजित किए गए कार्यक्रमों के ब्यौरे सारणी 8.5 में दिए गए हैं ।

प्रकाशन

कालेज अनुसंधान रिपोर्ट, मोनोग्राफ और जर्नल प्रकाशित करता है। कालेज द्वारा प्रकाशित दो जर्नल निम्नलिखित है :

"द एजुकेशनल ट्रैण्ड" एक अनुसंधान जर्नल है जो अर्धवार्षिक प्रकाशित होता है ।

"स्कूल साइन्स रिसोर्स लैटर" जो त्रैमासिक प्रकाशित होता है।

क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, भोपाल

भोपाल के क्षेत्रीय शिक्षा कालेज में बी०एस–सी० बी०एड० डिग्री के लिए विज्ञान शिक्षा में चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम, बी० ए० बी० एड० डिग्री के लिए अंग्रेजी में चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम, विज्ञान/वाणिज्य में विशिष्टीकरण के साथ एक वर्षीय बी०एड० पाठ्यक्रम, प्रारंभिक शिक्षा में विशिष्टीकरण के साथ एक वर्षीय बी०एड० पाठ्यक्रम, विज्ञान शिक्षा, शैक्षिक प्रशासन और मार्गदर्शन में विशिष्टीकरण के साथ एक वर्षीय एम० एड० पाठ्यक्रम और बी० एड० डिग्री के लिए ग्रीष्मकालीन विद्यालय एवं पत्राचार पाठ्यक्रम की सुविधा उपलब्ध है ।

नामांकन

1987–88 के शैक्षिक सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में किए गए नामांकन का विवरण सारणी 8.6, 8.7, 8.8 और 8.9 में दिया गया है ।

परिणाम

1987–88 के शैक्षिक सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों के परीक्षा फल सारणी 8.10 में दिए गए हैं ।

सारणी 8.5

1987–88 वर्ष में आयोजित की गई कार्यशालाएं/बैठकें/संगोष्ठियां

क्र० सं०	कार्यक्रम का नाम	राजस्थान	उ० प्र०	पंजाब	हरियाणा	हि० प्र०	चंडीगढ़	दिल्ली	जम्मू–कश्मीर	कुल जोड़
11.	विकासात्मक और पेशेवर मार्गदर्शन के लिए श्रव्य साधनों के प्रयोग पर कार्यशाला	22 से 24 मार्च 1988 (3 दिन)	सी. आई. ई. टी कैम्पस एन सी ई आर टी नई दिल्ली	31
12.	शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए अल्पसंख्यक व्यवस्थित स्कूलों के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	23 मार्च से 15 अप्रैल 1988 (24 दिन)	एन आई ई कैम्पस, एन सी ई आर टी	—
13.	एस आई ई/एस सी ई आर टी कार्मिकों के लिए, प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए अधिगम और विकास संबंधी संवर्धन पाठ्यक्रम	31 मार्च से 9 अप्रैल, 1988 (10 दिन)	अमर कंटक (म० प्र०)	37

शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए अल्पसंख्यकों के लिए कार्यक्रम

शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर मुसलमानों और नव–बुद्धि अनुयाइयों द्वारा व्यवस्थित स्कूलों के शैक्षिक उत्थान के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समन्वय हेतु, डी ई पी सी और जी, (क) इस कार्य के लिए स्थापित क्षेत्रीय स्रोत केन्द्रों के कार्यक्रमों के नियोजन, समन्वयन और मोनीटरिंग, (ख) इन स्कूलों के अध्यापकों के लिए पेशेवर मार्गदर्शन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने, (ग) कल्याण मंत्रालय, मानव संसाधान विकास मंत्रालय, केन्द्रीय वक्फ परिषद् और एन सी ई आर टी के अन्य कई घटकों, जैसे – क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, सी आई ई टी और एन आई ई के बीच सम्पर्क कार्य की देखभाल के मामले में केन्द्रीय एजेंसी का काम करता है। अभी तक एन सी ई आर टी ने जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ और उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद नामक तीन स्रोत केन्द्रों के लिए उपलब्ध कराई है। शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा व्यवस्थित स्कूलों के अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण पहले ही सारणी 12.1 में दिया जा चुका है।

विकासात्मक कार्यक्रम

विभाग ने 1987–88 में वृहत् अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए दो माड्यूल विकसित किए। पहला "किशोरों की आवश्यकताएं और समस्याएं" पर और दूसरा "शिक्षा का अधिगामी केन्द्रित रवैया" पर। इस वृहत् अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्रोत व्यक्तियों के प्रशिक्षण में और प्रशिक्षण केन्द्रों से, निर्दिष्ट प्रपत्र में प्राप्त सूचनाओं के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम के मूल्यांकन में, विभाग के कुछ वरिष्ठ संकाय सदस्यों के, अध्यापक शिक्षण, विशेष शिक्षा और विस्तार सेवाएं विभाग का सहयोग मिला।

विभाग ने सीनियर सेकेंडरी चरण की स्कूली शिक्षा के लिए मनोविज्ञान के संबंध में पाठ्यक्रम नवीकरण और अनुदेशी सामग्रियों के विकास से संबंधित कार्य हाथ में लिए हैं । ग्यारहवीं कक्षा के लिए मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक के संशोधन का और बारहवीं कक्षा के लिए मनोविज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक तैयार करने का काम प्रगति पर है । + 2 चरण में मनोविज्ञान के टैस्ट आइटमों में सुधार के बारे में भी एक कार्यशाला आयोजित की गई ।

डी ई पी सी और जी के विकासात्मक कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में आयोजित कार्यशालाओं/बैठकों का विवरण सारणी 12.2 में दिया गया है:–

सारणी 12.2

क्र० सं०	कार्यक्रम का शीर्षक	अवधि/तिथियां	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
1	2	3	4	5
1.	+ 2 चरण में मनोविज्ञान के टैस्ट आइटमों के परिष्करण पर कार्यशाला	23 से 25 नवंबर, (3 दिन)	एन सी ई आर टी, नई दिल्ली	13
2.	ग्यारहवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक "मनोविज्ञान : मानव व्यवहार का परिचय, भाग–1" की पांडुलिपि की समीक्षा के लिए बैठक	13 से 22 जनवरी, 1988 (10 दिन)	एन सी ई आर टी, नई दिल्ली	14
3.	प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों के लिए अधिगम और विकास की हस्तपुस्तिका तैयार करने के बारे में बैठक	2 से 4 फरवरी, 1988 (3 दिन)	एन सी ई आर टी, नई दिल्ली	11
4.	ग्यारहवीं कक्षा की मनोविज्ञान की पठ्यपुस्तक के लिए अध्यापकों की हस्त–पुस्तिका तैयार करने के लिए बैठक	8 से 12 फरवरी, 1988, (5 दिन)	एन सी ई आर टी, नई दिल्ली	18
5.	बारहवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक "मनोविज्ञान : मानव व्यवहार का परिचय, भाग–2" की पांडुलिपि की समीक्षा के लिए बैठक	21 से 25 मार्च, 1988 (5 दिन)	एन सी ई आर टी, नई दिल्ली	21

सांख्यिकी में कुछ चुने हुए विषयों में सी बी एल पैकेजों का विकास

सांख्यिकी में कुछ चुनिदा विषयों पर अनेक सी बी एल पैकेजों के विकास के लिए "एप्सन एच एक्स– 20" नामक एक माइक्रोकम्प्यूटर इस्तेमाल किया गया । शैक्षिक और पेशेवर मार्गदर्शन के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों ने इन पैकेजों का प्रयोग किया । इस माइक्रोकम्प्यूटर को इस्तेमाल करके, एन आई ई के विभिन्न विभागों और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के, शिक्षा और मनोविज्ञान के अनेक शोधकर्ताओं के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया ।

राष्ट्रीय टैस्ट विकास लाइब्रेरी (एन टी डी एल)

राष्ट्रीय टैस्ट विकास लाइब्रेरी जो पहले नीति अनुसंधान नियोजन एवं प्रोग्रामन विभाग के साथ थी, सितम्बर 1987 में डी ई पी सी और जी में आ गई । यह लाइब्रेरी, संदर्भ टैस्ट लाइब्रेरी, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक टैस्टों के लिए सूचना केन्द्र, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक टैस्टों की समीक्षा और भारत में टैस्ट विकास में अंतरालों की पहचान करने वाली संस्था; सभी प्रकाशित भारतीय टैस्टों की आलोचनात्मक समीक्षा करने वाली एजेंसी और शैक्षिक एवं पेशेवर मार्गदर्शन के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों के लिए स्रोत केन्द्र के रूप में काम करती है ।

फिलहाल एन टी डी एल के पास 572 टैस्ट हैं । इनमें से 86 व्यक्तित्व के अधीन वर्गीकृत हैं, 76 रुचि और सामान के अधीन, 8 उपलब्धि के अधीन, 33 रवैये के अधीन और 171 विविध के अधीन ।

परामर्श सेवाएं

विभाग द्वारा दी गई परामर्श सेवाओं का विवरण सारणी 12.3 में दिया गया है ।

सारणी 12.3

दी गई परामर्श सेवाएं

क्र० सं०	जिन्होंने परामर्श किया	प्रयोजन
1	2	3
1.	समाजकार्य स्कूल, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ।	सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में विविध प्रकार के विश्लेषणों के कम्प्यूटरीकरण तरीकों पर व्याख्यान
2.	राष्ट्रीय जनसहयोग और बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली ।	बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षणों के डिज़ाइन और अनुक्रिया प्राप्त न होने में त्रुटियों पर व्याख्यान ।

1987-88

क्र० सं०	जिन्होंने परामर्श किया	प्रयोजन
1	2	3
3.	राष्ट्रीय जनसहयोग और बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली ।	असहाय बच्चों के कल्याण के लिए काम कर रही स्वैच्छिक संस्थाओं के निदेशकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना ।
4.	आई सी एस एस आर, नई दिल्ली ।	"स्कूली विद्यार्थियों में आधुनिकता की धारणा और मूल्यांकन" पर अनुसंधान परियोजना की रिपोर्ट की समीक्षा
5.	शिक्षा विभाग, दिल्ली प्रशासन	दिल्ली प्रशासन के शैक्षिक और मार्गदर्शन परामर्शदाताओं की, "नई शिक्षा नीति के संदर्भ में परामर्शदाताओं की भूमिका" पर दिया गया व्याख्यान ।
6.	केन्द्रीय विद्यालय संगठन, प्रशिक्षण स्कूल ।	प्रिंसिपलों के लिए शिक्षा पाठ्यक्रम में 3 मास में शैक्षिक और पेशेवर मार्गदर्शन तथा परामर्श पर व्याख्यान
7.	एन आई ई पी ए, नई दिल्ली	शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा व्यवस्थित संस्थाओं के शैक्षिक विकास के लिए प्रशिक्षण योजना के विकास पर व्याख्यान ।
8.	भारतीय विज्ञान कांग्रेस का 75वां सत्र	मनोविज्ञान अनुभाग में "इन सर्च आफ मीडिया टैक्सोनामी" नामक एक दस्तावेज़ प्रस्तुत किया ।
9.	आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुंआ, नई दिल्ली ।	पेशेवर सम्मेलन में विकासात्मक मार्गदर्शन पर व्याख्यान ।
10.	दूरदर्शन, नई दिल्ली ।	"मानव संसाधन विकास के लिए अध्यापक एक स्रोत के रूप में" वीडियो कार्यक्रम में भाग लिया ।
11.	ज्योति कन्या विद्यालय, अहमदाबाद	स्कूलों में शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए क्रिया-अनुसंधान अध्ययन करने के संबंध में प्रिंसिपल और संकाय सदस्यों से चर्चा की ।
12.	एस सी ई आर टी, उदयपुर, राजस्थान	परामर्शदाता, एस सी ई आर टी, उदयपुर में शैक्षिक और पेशेवर मार्गदर्शन के प्रभारी ने राजस्थान में स्कूल मार्गदर्शन कार्यक्रम के विकास के कुछ पहलुओं पर चर्चा की ।
13.	खोसला ट्रस्ट पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली ।	ट्रस्ट के अधीन स्कूलों में मार्गदर्शन और परामर्श केन्द्र स्थापित करने के संबंध में परामर्श दिया ।
14.	सी आई आर टी ई एस, डी जी ई और टी, नई दिल्ली	रोज़गार अधिकारियों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में व्यावसायिक मार्गदर्शन की धारणा और सिद्धांत पर व्याख्यान
15.	आई ए ए पी का 25वां वार्षिक सम्मेलन	"मेघालय के जनजातीय प्रथम पीढ़ी अधिगमि में पेशेगर नियोजन" पर दस्तावेज़ प्रस्तुत किया ।
16.	संदर्शन (परामर्श और वैयक्तिक बढ़ोत्तरी संस्थान)	परामर्श देने के कौशल में प्रशिक्षण के संबंध में परामर्श सेवाएं दीं ।
17.	जी बी एस एस स्कूल, रामकृष्णपुरम, सैक्टर 7,नई दिल्ली	प्रशिक्षित मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं से विहीन स्कूलों में न्यूनतम मार्गदर्शन कार्यक्रम स्थापित करने के संबंध में परामर्श सेवाएं दीं ।
18.	सावन पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली	स्कूलों में मार्गदर्शन सेवाएं स्थापित करने के बारे में परामर्श दिया
19.	सी० बी० एस० ई० दिल्ली	ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के लिए मनोविज्ञान के पाठ्यक्रम में संशोधन के लिए परामर्श दिया ।
20.	शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, सोलन	हिमाचल प्रदेश में मार्गदर्शन सेवाओं पर प्रशिक्षण तथा कार्यशाला में भाग लिया ।
21.	एस०सी० ई० आर० टी०, हिमाचल प्रदेश, सोलन	हिमाचल प्रदेश के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के प्रिंसिपलों के मार्गदर्शन पर हुए एक अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लिया।
22.	डी एस ई आर टी, कर्नाटक, बंगलौर	पेशेवर अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में व्याख्यान
23.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली ।	"एक अपेक्षा" वीडियो फिल्म के निर्माण में अकादमिक सलाहकार के रूप में काम किया ।
24.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली ।	राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए अध्यापकों का चयन करने के लिए, मंत्रालय के नामित व्यक्ति के रूप में विशेषज्ञ का काम करने के लिए ।

प्रकाशन

1987–88 में संकाय सदस्यों द्वारा प्रकाशित अनुसंधान लेख सारणी 12.4 में दिए गए हैं ।

सारणी 12.4

1987–88 के प्रकाशन

क्र० सं०	शीर्षक	प्रकाशन
1	2	3
1.	किशोरों की व्यावसायिक आकांक्षाओं के स्तर पर प्रभाव	इंडियन एजुकेशन रिव्यू, 1987 (जुलाई) में प्रकाशित ।
2.	ग्रेडिंग और स्केलिंग की कुछ समस्याएं	जर्नल आफ एजूकेशनल मेजरमेन्ट में प्रकाशनार्थ भेजा गया।
3.	अनुसूचित और गैर अनुसूचित जाति के हाई स्कूल लड़कों का, मूल्यों और पेशेवर परिपक्वता पर तुलनात्मक अध्ययन	इंडियन एजुकेशन रिव्यू में प्रकाशनार्थ भेजा गया ।
4.	अधिगम केन्द्रित अधिगम	एन सी ई आर टी द्वारा प्रकाशित विनिबंध (मोनोग्राफ) सेवारत अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम, खंड 1 व 2 में प्रकाशित ।
5.	टैस्ट और मापन प्रवृत्तियों की रिपोर्ट	एन सी ई आर टी द्वारा प्रकाशित किए जा रहे, शिक्षा में अनुसंधान के चौथे सर्वेक्षण में प्रकाशनार्थ भेजा गया।
6.	स्कूलों में पेशेवर मार्गदर्शन	सी बी एस ई का त्रैमासिक बुलेटिन, एनवोसेक, खण्ड 23, अंक 2
7.	सर्जनात्मक किशोरों की पेशेवर परिपक्वता : अनुसंधान के लिए प्रस्तावित ढांचा	इंडियन एजुकेशन रिव्यू के अक्तूबर 1988 के अंक में प्रकाशन के लिए स्वीकृत
8.	मेघालय में जनजातीय स्कूलों में पेशेवर नियोजन	आई ई आर में प्रकाशनार्थ भेजा गया ।
9.	पेशेवर पाठ्यक्रमों के चुनाव से संबंधित घटक : अनुसंधान की एक समीक्षा	इंडियन एजुकेशन रिव्यू में प्रकाशन के लिए स्वीकृत ।
10.	+ 2 चरण में पेशेवर और अकादमिक धाराओं के विद्यार्थियों की वैयक्तिक विशिष्टताओं, व्यावसायिक योजनाओं और मनोवृत्तियों का तुलनात्मक अध्ययन	आई ए ए पी के 25वें वार्षिक सम्मेलन के कार्यवृत में प्रकाश्य ।
11.	पेशेवर परिपक्वता : ग्रेड व लिंग की एक क्रिया	इंडियन साइकोलाजिस्ट, 1987, खण्ड 4, अंक 1, 19–31 में प्रकाशित ।
12.	लड़कियों की पेशेवर क्षमता : एक क्रिया कार्यक्रम	दिसम्बर 1987 में देहरादून में, समाज के वंचित अंशों के विकास के लिए नीतियां, पर हुई एक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट में इसके प्रकाशन पर विचार किया जा रहा है ।

1987-88

तेरह

क्षेत्रीय सेवाएं और समन्वय

क्षेत्र सेवा और समन्वय विभाग विभिन्न राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों और परिषद् के क्षेत्र कार्यालयों के कार्यकलापों का समन्वय करता है । यह परिषद् के क्षेत्र कार्यालय के ज़रिए राज्यों और संघशासित प्रदेशों के शिक्षा विभागों और अन्य संस्थाओं के साथ सम्पर्क बनाए रखता है और विद्यालय शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंध स्थापित करने में सहायता करता है ।

1987–88 में विभाग ने, स्कूली शिक्षा के बारे में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में चल रहे कुछ कार्यक्रमों के बारे में, आवश्यकताओं व समस्याओं तथा की गई प्रगति की जानकारी के लिए और राज्यों तथा संघशासित प्रदेशों द्वारा अपनाई गई नीतियों और उपायों की सूचना इकट्ठा करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठकें आयोजित कीं । क्षेत्र अधिकारियों की भूमिका और दायित्वों की भी पहचान की गई । अगरतला में 29 जुलाई से 1 अगस्त 1987 तक हुई पहली बैठक में 17 जिला शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया । लखनऊ में 6 से 9 दिसम्बर 1987 तक हुई दूसरी बैठक में 66 प्रतिभागी थे । तीसरी बैठक दिल्ली में 20 से 24 नवंबर 1987 तक हुई जिसमें 58 शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया ।

इनके अतिरिक्त, विभाग ने, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय से वित्तीय सहायता पाने वाले स्वैच्छिक और गैर सरकारी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों के निरीक्षकों के लिए क्षेत्र सलाहकार के कार्यालयों के माध्यम से राज्यों को सहायता दी ।

राज्यों में अजमाई जा रही विभिन्न गतिविधियों और नवाचारों के बारे में सूचनाओं के विस्तृत प्रसार और विचारों के विनिमय के लिए विभाग ने क्षेत्र कार्यालयों की गतिविधियों का संकलन भी किया ।

विभाग की प्रमुख विस्तार गतिविधियों में से एक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के संदर्भ में प्राथमिक शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए अध्यापकों के स्वैच्छिक संगठन को अकादमिक सहायता देना था । 1987–88 में अखिल भारतीय प्राथमिक अध्यापक संघ को अकादमिक सहायता का कार्यक्रम चार विभिन्न चरणों में आयोजित किया गया । 27 से 30 नवंबर, 1987 तक आयोजित, इस कार्यक्रम के पहले चरण में, ए आई पी टी एफ से सम्बद्ध संस्थाओं वाले लगभग सभी राज्यों और संघशासित प्रदेशों के 125 मूल व्यक्तियों ने भाग लिया । उन्हें प्रारंभिक बाल शिक्षा के तरीकों, शैक्षिक खेलों, कला और सर्जनात्मकता तथा अध्यापन–अधिगम को रोचक कार्य बनाने के लिए उद्यम अनुभव (वर्क एक्सपीरिएंस) में प्रशिक्षित किया गया । एन०सी०ई०आर०टी० ने यह कार्यक्रम सी सी आर टी के सहयोग से आयोजित किया । प्रतिभागियों को एन०पी०ई० और पी०ओ०ए० के अन्तर्गत सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से परिचित करवाया गया । एन०सी०ई०आर०टी० ने एक विशेष सत्र में आपरेशन ब्लैक बोर्ड, डी आई ई टी और पर्यावरण शिक्षा से परिचित कराया ।

दूसरे चरण में, कला और सर्जनात्मकता, शैक्षिक खेलों और वर्क एक्सपीरिएंस के माध्यम से प्रयोगात्मक अध्यापन और क्रियाविधियों पर 10 दिन के बृहत् प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एन०सी०ई०आर०टी ने बिहार के सभी जिलों से 30 स्रोत व्यक्तियों को आमंत्रित किया । यह कार्यक्रम एन सी ई आर टी ने सी सी आर टी के सहयोग से आयोजित किया । प्रतिभागियों को, ज्ञान, कौशल और सुरुचि के विकास के लिए अनेक प्रायोगिक कार्यों की जानकारी दी गई । स्रोत व्यक्तियों को, खेल व अन्य सर्जनात्मक क्रियाकलाप दिखाने के लिए, एन सी ई आर टी द्वारा छतरपुर में अपनाए गए एक परियोजना स्कूल में ले जाया गया । यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 5 से 14 दिसम्बर, 1987 तक आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का दूसरा चरण पूरा होने के बाद इन स्रोत व्यक्तियों को, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया और रांची नामक पांच केन्द्रों में से प्रत्येक में 50 अध्यापकों के क्षेत्र स्तरीय अभिविन्यास/प्रशिक्षण के आयोजन के लिए इस्तेमाल किया गया । प्रत्येक केन्द्र को एक स्टील का बक्स दिया गया जिसमें विभिन्न क्रियाकलाप आयोजित करने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कि पोस्टर, चित्र कार्ड, चार्ट, नक्शे, फोलियो, टेप रिकार्डर, कैसेट और अन्य ऐसी ही उपभोज्य सामग्री थी । प्रत्येक केन्द्र में तैयार वस्तुओं/पदार्थों की प्रदर्शनियां आयोजित की गईं । सर्जनात्मक कार्यों और खेलों के अलावा समूह गान कार्यक्रम, योग और स्वास्थ्य शिक्षा क्रियाएं भी आयोजित की गईं । 10 दिन के प्रशिक्षण के बाद अध्यापकों को, इन क्रियाओं को कक्षा–कक्षा में प्रचलित करने के लिए एक किट बैग दिया गया । ऊपर बताए गए इन पांचों केंद्रों में कार्यक्रम का तीसरा चरण 21 से 30 दिसम्बर 1987 तक साथ–साथ आयोजित किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल मिलाकर 183 प्राथमिक स्कूल अध्यापकों ने भाग लिया।

4 से 6 फरवरी 1988 के बीच हुए अखिल भारतीय प्राथमिक अध्यापकों के तीन दिवसीय द्विवार्षिक सम्मेलन में एन सी ई आर टी ने एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें 81 अध्यापकों ने और 325 विद्यार्थियों ने भाग लिया । डेढ़ लाख से अधिक अध्यापकों ने क्रियाकलापों की प्रदर्शनी और प्राथमिक शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए अध्यापन–अधिगम स्थिति का लाभ उठाया । देश के सभी भागों के अध्यापकों के लिए प्राथमिक स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों, पूरक पाठ्यसामग्री और अन्य अनुदेशी सामग्री की एक प्रदर्शनी लगाई गई जो एन पी ई – 1986 के प्रभावी कार्यान्वयन में लाभकारी सिद्ध हुई ।

समूह गान कार्यक्रम

विभाग का एक मुख्य कार्यक्रम समूहगान कार्यक्रम है । 1987–88 में समूह गान के कुल मिलाकर 29 शिविर लगाए गए, एक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया, 25 क्षेत्रीय स्तर पर और तीन वृन्दगान शिविर ।

स्वतंत्रता के 40 वें वर्ष की पूर्व संध्या पर बम्बई के क्रांति मैदान में

9 अगस्त 1987 को और दिल्ली में लालकिले पर 15 अगस्त 1987 को दो विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए । दूरदर्शन ने अपने राष्ट्रीय नेटवर्क पर इन दोनों कार्यक्रमों का प्रसारण किया ।

19 से 25 नवंबर 1987 के बीच, राष्ट्रीय एकता सप्ताह के दौरान 19 व 23 नवंबर 1987 को दो दिन के लिए समूह गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

एन सी ई आर टी ने 10 सितम्बर 1987 को स्वर्गीय पं० गोविन्द बल्लभ पंत की जन्म शताब्दी मनाई और इस अवसर पर समूह गान का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

प्राथमिक शिक्षा के सुधार के लिए अखिल भारतीय प्राथमिक अध्यापक संघ को अकादमिक सहायता देने की योजना के अन्तर्गत विभाग ने नई दिल्ली में 27 से 30 नवंबर 1987 और 5 से 14 दिसम्बर 1987 तक आयोजित विभिन्न अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समूह गान निदेश भी उपलब्ध कराया।

डी०ए०वी० व्यवस्थित स्कूलों के अध्यापकों के लिए नई दिल्ली में 4 जनवरी से 9 जनवरी 1988 तक हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी समूह गान का आयोजन किया गया ।

पटना में 4 से 6 फरवरी 1988 तक हुए अखिल भारतीय प्राथमिक अध्यापक संघ के द्विवार्षिक सम्मेलन के अवसर पर समूह गान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।

समूह गान कार्यक्रम की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित अध्यापकों से पुनर्निवेश प्राप्त करने और प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई किए जाने के लिए एक प्रश्नावली भेजी गई थी और प्राप्त उत्तरों को सारणीबद्ध किया जा रहा है ।

उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर दो विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए ताकि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में कम से कम दो स्रोत व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जा सके । उत्तर प्रदेश सरकार इस कार्यक्रम को विस्तृत आधार का बनाने के लिए तत्परता से सामने आई है । उन्होंने एक पुस्तक भी प्रकाशित की है जिसमें विभिन्न भाषाओं के समूह गान हैं, और वे इसे एक जन आंदोलन बनाने वाले हैं ।

इसी प्रकार से राजस्थान सरकार ने भी विस्तृत प्रसार के लिए उपयुक्त क्रियाकलाप शुरू किए हैं । अन्य राज्यों व संघशासित प्रदेशों में भी यह कार्यक्रम काफी प्रचलित होता जा रहा है ।

क्षेत्रीय कार्यालय

राज्यों और संघशासित प्रदेशों के शिक्षा विभागों/ निदेशालयों तथा अन्य संस्थाओं के साथ सम्पर्क बनाए रखने के लिए परिषद् ने 17 क्षेत्र कार्यालय स्थापित किए हैं । ये कार्यालय परिषद् के विभिन्न संघटक यूनिटों के कार्यकलापों और कार्यक्रमों से सम्बद्ध आवश्यक सूचनाएं राज्य के शिक्षा विभागों को देते हैं । ये कार्यालय अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले राज्यों/संघशासित प्रदेशों की विशिष्ट आवश्यकताओं से सम्बद्ध सूचनाओं को एकत्र करके परिषद् तथा इसके संघटक यूनिटों को देते हैं और साथ ही ये कार्यालय प्रशिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रमों को आयोजित करने में परिषद् के विभिन्न संघटक यूनिटों की आवश्यक सहायता करते हैं। ये कार्यालय विद्यालय के अध्यापकों द्वारा हाथ में ली गई लघु क्रिया अनुसंधान परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते हैं और राज्य शिक्षा विभाग के अनुरोध पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हैं ।

1987–88 में क्षेत्र कार्यालयों ने एन आई ई के विभिन्न विभागों, क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों और केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान को राज्यों और संघशासित प्रदेशों में उनके कार्यक्रमों को आयोजित करने में सहायता दी । इन्होंने राज्य/संघशासित प्रदेश के स्तर पर राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित करने में राज्य के शिक्षा विभागों/बोर्डों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता दी ।एक कार्य जो सभी क्षेत्र कार्यालयों को करना पड़ा, वह था, कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन करना, जिसमें वर्ष 1987–88 के कार्यक्रमों के प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया गया। इन कार्यकलापों के अतिरिक्त क्षेत्र कार्यालयों ने, स्कूल अध्यापकों के वृहत् अभिविन्यास के कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, नवोदय विद्यालय में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन, राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में नए नवोदय विद्यालय खोलना, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षाओं का आयोजन करना, साक्षात्कार और राज्य स्तर की खिलौने बनाने की प्रतिस्पर्धा आयोजित करना, जैसे काम भी किए ।

क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद

अहमदाबाद में स्थित क्षेत्र कार्यालय ने 1987–88 में निम्नलिखित कार्यकलाप किए :

- नवोदय विद्यालयों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों की दो बैठकें आयोजित की गई । प्रत्येक बैठक में 8 जिला अधिकारियों ने भाग लिया।
- चुनिंदा प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए रोलर बोर्ड गिनतारा (एबेक्स) के प्रयोग का प्रदर्शन/प्राथमिक स्कूलों में गणित के अध्यापन के लिए क्षेत्र कार्यालय ने एक सहायता सामग्री के रूप में रोलर बोर्ड गिनतारा का विकास किया ।
- क्षेत्र कार्यालय ने बलसार जिले के नवसारी तालुके के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को पेशेवर मार्गदर्शन देने की परियोजना के अन्तर्गत एक बैठक का आयोजन किया । बैठक में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों और ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों के लाभ के लिए स्कूलों में पेशेवर मार्गदर्शन कक्षों की स्थापना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई । इस बैठक में 25 प्रतिभागी थे ।
- अदलज गांधी नगर जिले में, अध्यापन सहायक सामग्री तैयार करने पर एक 5 दिन का अध्यापन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 40 अध्यापकों ने भाग लिया ।
- गुजरात में शिक्षा के व्यावसायीकरण को मज़बूत करने के लिए, उच्चतर माध्यमिक अध्यापकों के लिए, शिक्षा के व्यावसायीकरण पर 5 दिन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में 35 अध्यापकों ने भाग लिया ।
- गुजरात तथा दादरा और नागर हवेली के पूर्वप्राथमिक एवं

प्राथमिक स्कूल अध्यापकों के लिए खिलौने बनाने की एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वालों की संख्या 44 थी ।

– कक्षा कक्ष अध्यापन में प्रयोगात्मक परियोजनाओं और नवाचारों के लिए वित्तीय सहायता देने की योजना के अन्तर्गत क्षेत्र कार्यालय ने 1987–88 में 16 परियोजनाओं में वित्त लगाया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, इलाहाबाद

इलाहाबाद के क्षेत्र कार्यालय ने सेवाकालीन पाठ्यक्रम पर 13 से 17 फरवरी 1988 तक, अध्यापक शिक्षकों की एक कार्यशाला का आयोजन किया । सतत् शिक्षा के 12 केन्द्रों के प्रिंसिपलों/समन्वयकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, बंगलौर

क्षेत्र कार्यालय बंगलौर ने, मूल्यांकन को पुनर्निवेश के रूप में प्रयोग करके प्रारंभिक स्तर पर शैक्षिक विषयों में गुणात्मक सुधार पर एक कार्यशाला, 18 से 21 जनवरी, 1988 तक आयोजित की । इस कार्यशाला में 13 सहायक शिक्षा अधिकारियों और 10 विषय निरीक्षकों ने भाग लिया।

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल

भोपाल के क्षेत्र कार्यालय में किए गए मुख्य कार्यकलाप निम्नलिखित हैं :

– मध्य प्रदेश के जनजातीय स्कूलों में काम करने वाले शारीरिक शिक्षा अध्यापकों के लिए एक कार्यशाला ग्वालियर में 9 से 14 जून 1987 तक, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित की गई । इस कार्यशाला में शारीरिक शिक्षा के 23 अध्यापकों ने भाग लिया।

– नवोदय विद्यालयों के प्रिंसिपलों के लिए 14 से 16 जुलाई, 1987 तक एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किया गया ।

– प्राथमिक स्कूल अध्यापकों का एक राज्य स्तरीय सम्मेलन उज्जैन में 12 से 16 जनवरी, 1988 तक आयोजित किया गया । सम्मेलन में 55 अध्यापकों ने भाग लिया ।

– अध्ययन बोर्ड और मध्यप्रदेश के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सदस्यों के लिए, मूल्यांकन की आधुनिक धारणा पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम उज्जैन में 18 से 23 जनवरी, 1988 तक आयोजित किया गया ।

– इनके अतिरिक्त, "नवीं व दसवीं कक्षा को ज्ञान, भारत में जनसंख्या विस्फोट के बारे में विद्यार्थियों की प्रवृत्तियों और विश्वासों पर, जनसंख्या विस्फोट के अध्यापन के संचार माध्यम अधिगमों, अध्यापक प्रेरित, स्वतः अधिगम और सामूहिक चर्चा का प्रभाव" नामक अनुसंधान परियोजना पर कार्य पूरा कर लिया गया । "बिलासपुर डिवीज़न में जनजातीय विद्यार्थियों के सामाजिक और आर्थिक जीवन पर माध्यमिक स्कूल शिक्षा के प्रभाव का एक सर्वेक्षण" शीर्षक वार्ता एक अनुसंधान परियोजना पर भी काम शुरू किया गया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर

1987–88 में क्षेत्र कार्यालय भुवनेश्वर द्वारा किए गए मुख्य कार्यकलाप निम्नलिखित हैं :

– कालाहांडी जिले के भवानी पटना में, सार्वजनिक नामांकन और अभिग्रहण पर, खंड (ब्लाक) शिक्षा अधिकारियों के लिए एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम का आयोजन 14 से 19 दिसम्बर, 1987 तक किया गया । इस पाठ्यक्रम में 400 व्यक्तियों ने भाग लिया।

– ग्रामीण माध्यमिक स्कूलों में विज्ञान में जीवन आधारित और प्रक्रिया आधारित प्रयोगों के विकास पर एक कार्यशाला 28 दिसम्बर 1987 से 2 जनवरी, 1988 तक धेनकनाल में आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 300 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, कलकत्ता

1987–88 में क्षेत्र कार्यालय, कलकत्ता द्वारा किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित हैं :

– मनोभाषाविज्ञान और भाषा अध्यापन पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम 11 से 15 जनवरी, 1988 तक आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में 23 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

– माध्यमिक स्कूलों में भौतिकी प्रयोगशाला की व्यवस्था और रखरखाव पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम 9 से 12 फरवरी, 1988 तक आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम में 150 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

– पश्चिम बंगाल के स्वैच्छिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे ई सी ई केन्द्रों के अध्यापकों के लिए एक प्रशिक्षण तथा कार्यशाला का आयोजन 29 मार्च से 2 अप्रैल, 1988 तक किया गया । इस कार्यक्रम में 30 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, चण्डीगढ़

1987–88 में क्षेत्र कार्यालय, चण्डीगढ़ ने निम्नलिखित कार्यकलाप किए :

– सुरजपुर (हरियाणा) में 8 से 11 दिसम्बर, 1987 तक, सर्जनात्मकता और सर्जनात्मक अध्यापन–अधिगम नीतियों के बारे में जागरूकता विकसित करने पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी में 53 स्नातकोत्तर अध्यापकों ने भाग लिया ।

– क्षेत्र कार्यालय ने पंजाब व हरियाणा के अनुसूचित जाति के अध्यापकों के लिए एक अंतर्वस्तु तथा संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम में 36 अध्यापकों ने भाग लिया ।

– कक्षाकक्ष अध्यापन में प्रयोगात्मक परियोजनाओं और नवाचारों के लिए वित्तीय सहायता देने की योजना के अन्तर्गत क्षेत्र कार्यालय ने 1987–88 में 9 परियोजनाओं में वित्त लगाया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी

क्षेत्र कार्यालय, गुवाहाटी द्वारा किए गए कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :

– मूल्य शिक्षा पर एक संगोष्ठी छंगलांग (अरुणाचल प्रदेश) में 17 से 21 फरवरी, 1988 तक आयोजित की गई । इस संगोष्ठी में 21 व्यक्तियों ने भाग लिया ।
– पाठ्यक्रम भार और संवर्धित पाठ्यक्रम से निपटने के लिए उचित नीतियों पर एक संगोष्ठी 29 जनवरी से 2 फरवरी, 1988 तक आयोजित की गई । इस संगोष्ठी में 300 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद

क्षेत्र कार्यालय, हैदराबाद ने, हैदराबाद में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियों के लिए प्रत्याशियों ने साक्षात्कार आयोजित करने में सहायता प्रदान की ।इस कार्यालय ने हैदराबाद में 25 मई से 3 जून, 1987 तक और 27 सितंबर से 6 अक्तूबर, 1987 तक दो समूह गान शिविरों के आयोजन के लिए भी सहायता प्रदान की ।

क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर

क्षेत्र कार्यालय, जयपुर द्वारा किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :

– प्राथमिक कक्षाओं के लिए गणित पर एक कार्यशाला उसे 8 अगस्त 1987 तक कूचायन सिटी में आयोजित की गई । इस कार्यशाला में प्राथमिक स्कूल के 15 अध्यापकों ने भाग लिया।
– एकल अध्यापक स्कूलों के लिए अध्यापन नीतियों के विकास के लिए एक कार्यशाला उदयपुर में 21 से 26 दिसंबर, 1987 तक आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 17 व्यक्तियों ने भाग लिया ।
– अजमेर में 18 से 22 जनवरी 1988 तक, लिखित और बोली जाने वाली अंग्रेजी के अध्यापन की क्रियाविधियों पर एक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजत किया गया । माध्यमिक स्कूल के 16 अध्यापकों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया ।
– जयपुर में 21 से 26 मार्च 1988 तक, समाचार पत्रों के इस्तेमाल के ज़रिए अंग्रेजी में निपुणता विकसित करने पर एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 11 अध्यापकों ने भाग लिया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, मद्रास

क्षेत्रीय कार्यालय, मद्रास द्वारा किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :–

– परीक्षाओं में स्केलिंग और ग्रेडिंग पर एक कार्यशाला 16 से 19 फरवरी, 1988 तक आयोजित की गई । इस कार्यशाला में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के 36 अध्यापकों ने भाग लिया ।
– (यानम (पांडिचेरी) में 8 से 12 फरवरी, 1988 तक, प्रारंभिक) स्कूल अध्यापकों के लिए पर्यावरणीय अध्ययन अधिगम पर एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 41 अध्यापकों ने भाग लिया ।
– मदुरै में 7 से 11 मार्च, 1988 तक, प्रारंभिक स्कूल अध्यापकों के लिए पर्यावरणीय अध्ययन अधिगम पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 40 अध्यापकों ने भाग लिया ।
– कांचीपुरम में 21 से 25 मार्च, 1988 तक, प्रारंभिक स्कूल अध्यापकों के लिए पर्यावरणीय अध्ययनों पर एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 40 अध्यापकों ने भाग लिया ।
– कोयम्बतूर में 28 मार्च से 1 अप्रैल 1988 तक प्रारंभिक स्कूल अध्यापकों के लिए पर्यावरणीय अध्ययन अधिगम पर एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 40 अध्यापकों ने भाग लिया ।
– चिंगलपट में 4 से 8 अप्रैल, 1988 तक प्रारंभिक स्कूल अध्यापकों के लिए पर्यावरणीय अध्ययन अधिगम पर एक कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 41 अध्यापकों ने भाग लिया ।

आलोच्य वर्ष में क्षेत्र कार्यालय ने, तमिलनाडु में स्कूल अवस्था में पाठ्यक्रम संशोधन के कार्य में काफी नज़दीकी तौर पर मिल कर काम किया । क्षेत्र सलाहकार ने पाठ्यक्रम संशोधन और पाठ्यक्रम संबंधी सामग्री विकसित करने के काम में स्वयं को समन्वय के रूप में सम्बद्ध किया।

क्षेत्रीय कार्यालय, पटना

1987–88 में क्षेत्र कार्यालय, पटना ने निम्नलिखित कार्यकलाप किए:–

– पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए शैक्षिक खिलौने बनाने के लिए एक कार्यशाला भागलपुर में 3 से 5 मार्च 1988 तक आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 28 अध्यापकों ने भाग लिया ।
– पर्यावरण के माध्यम से विज्ञान अध्यापन पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम रांची में 9 से 12 मार्च 1988 तक आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में 19 अध्यापकों ने भाग लिया ।
– प्रयोगात्मक परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देने की योजना के अंतर्गत, क्षेत्र कार्यालय को 14 प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें से दो प्रयोगात्मक परियोजना प्रस्तावों को वित्तीय अनुदान के लिए चुना गया ।

1987-88

क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे द्वारा किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :–

- महाराष्ट्र व गोआ के उच्चतर माध्यमिक स्कूल अध्यापकों के लिए विज्ञान (भौतिकी) अध्यापन और मूल्यांकन पर एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम 21 से 25 मार्च 1988 तक आयोजित किया गया जिसमें 26 अध्यापकों ने भाग लिया ।
- ग्रामीण इलाकों में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक डिज़ाइन विकसित करने के लिए एक कार्यशाला 7 से 10 मार्च 1988 तक आयोजित की गई जिसमें 20 व्यक्तियों ने भाग लिया ।
- महाराष्ट्र में एस सी/एस टी विद्यार्थियों को जिन शैक्षिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है उन पर चर्चा के लिए एक बैठक 27 से 30 मार्च 1988 तक आयोजित की गई । इस बैठक में 16 व्यक्तियों ने भाग लिया ।
- इतिहास और विज्ञान में पूरक पठन सामग्री तैयार करने के लिए एक कार्यशाला 31 मार्च से 30 अप्रैल 1988 तक (एक माह के लिए, सप्ताह में दो बार) आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 12 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, शिलांग

क्षेत्रीय कार्यालय, शिलांग में किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :–

- उत्तर पूर्वी पहाड़ी राज्यों के मूल व्यक्तियों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम शिलांग में 14 से 16 अप्रैल 1987 तक, स्कूल अध्यापकों के वृहत अभिविन्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में 24 व्यक्तियों ने भाग लिया ।
- एन०सी०ई०आर०टी० के नवोदय विद्यालय प्रकोष्ठ द्वारा तैयार की गई सामग्री के अनुवाद के लिए एक कार्यशाला 25 से 28 मई, 1987 तक आयोजित की गई ।
- क्षेत्र कार्यालय ने, उत्तर पूर्वी क्षेत्र में क्षेत्र शिक्षा कालेज स्थापित करने के लिए, विशेषज्ञ समिति के दौरे 10 से 14 मई 1987 तक और 5 से 8 जून, 1987 तक आयोजित किए ।
- मीजो भाषा में पाठ्यपुस्तकें लिखने वालों के लिए एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एज़ाल में 14 से 18 दिसंबर, 1987 तक आयोजित किया गया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला

क्षेत्र कार्यालय, शिमला ने, अंग्रेजी अध्यापन की क्रियाविधि पर एक 6 दिन की कार्यशाला आयोजित की । इस कार्यशाला में 18 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, श्रीनगर/जम्मू

जम्मू और कश्मीर के क्षेत्र कार्यालय द्वारा किए गए कार्यकलाप निम्नलिखित हैं :

- जम्मू व कश्मीर में उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण पर एक कार्यशाला श्रीनगर में 6 से 9 अप्रैल, 1987 तक आयोजित की गई । लगभग 50 वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों और प्रिंसिपलों ने इस कार्यशाला में भाग लिया ।
- उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम श्रीनगर में 8 से 12 जून 1987 तक आयोजित किया गया । इस पाठ्यक्रम में 45 पुस्तकालयाध्यक्षों ने भाग लिया ।
- जम्मू व कश्मीर के नवोदय विद्यालयों के प्रिंसिपलों और जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम 14 से 16 जुलाई, 1987 तक आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान प्रवेश परीक्षाओं के संचालन और उससे संबद्ध मामलों के बारे में विभिन्न उपायों पर चर्चा हुई ।
- स्कूलों में वर्क एक्सपीरिएंस पर एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम श्रीनगर में 7 से 11 सितम्बर, 1987 तक आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम में 45 अध्यापकों ने भाग लिया ।
- उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं के सुधार पर एक कार्यशाला जम्मू में 18 से 21 जनवरी, 1988 तक आयोजित की गई । इस कार्यशाला में उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के 40 प्रिंसिपलों ने भाग लिया ।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कार्यान्वयन नीतियों पर एक कार्यशाला जम्मू में 28 से 30 मार्च, 1988 तक आयोजित की गई ।
- माध्यमिक स्तर पर नवाचारी प्रयोगात्मक परियोजनाओं के विकास के लिए एक तीन दिवसीय कार्यशाला श्रीनगर में आयोजित की गई । इस कार्यशाला में 35 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

क्षेत्रीय कार्यालय, त्रिवेन्द्रम

क्षेत्र कार्यालय, त्रिवेन्द्रम में किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :

- एन पी ई – 1986 की प्रमुख विशेषताओं पर एस सी/एस टी अध्यापकों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम ओट्टापलम में 8 से 11 दिसम्बर, 1987 तक आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में 31 व्यक्तियों ने भाग लिया ।
- प्रयोगात्मक परियोजनाओं पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवयूर में 21 से 24 दिसम्बर, 1987 तक आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में 31 अध्यापकों ने भाग लिया ।
- उत्पादक कार्यक्रमों पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम किलतन द्वीप (लक्षद्वीप) में 9 से 13 फरवरी, 1988 तक आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम में 37 व्यक्तियों ने भाग लिया ।

चौदह

प्रकाशन और प्रलेखन

परिषद् का एक अति महत्वपूर्ण कार्यकलाप पाठ्यपुस्तकों, अभ्यास पुस्तिकाओं, अध्यापकों के लिए अध्यापक गाइडों व अन्य अनुदेशी सामग्री, अनुसंधान मोनोग्राफ, पत्रिकाओं आदि का प्रकाशन है । एन सी ई आर टी का प्रकाशन विभाग, परिषद् के प्रकाशनों का मुद्रण, प्रकाशन और वितरण करता है । इस अवधि में, विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत 281 प्रकाशन निकाले गए । इनका विवरण सारणी 14.1 में दिया गया है ।

सारणी 14.1

1987-88 में निकाले गए प्रकाशन

प्रकाशन वर्ग	प्रकाशनों की संख्या
प्रथम संस्करण पाठ्यपुस्तक/अभ्यास पुस्तिका/ निर्धारित पूरक रीडर	22
पाठ्यपुस्तक/अभ्यास पुस्तिका/निर्धारित पूरक रीडर के पुनर्मुद्रण	161
अन्य सरकारी एजेंसियों के लिए पाठ्यपुस्तक/ अभ्यास पुस्तिका	20
अनुसंधान मोनोग्राफ/रिपोर्ट व अन्य प्रकाशन	58
पत्रिकाएं (अंक)	20
कुल	281

नई पाठ्यपुस्तकें

एन०सी०ई०आर०टी ने नई शिक्षा नीति के निर्देशों के अनुरूप, पहली से बारहवीं कक्षा तक की पाठ्यपुस्तकें तैयार करने का दायित्व लिया है। इस कार्यक्रम के पहले चरण में एन सी ई आर टी ने अकादमिक सत्र 1987-88 के लिए पहली, तीसरी और छठी कक्षाओं के लिए नई पाठ्यपुस्तकें/अभ्यास पुस्तिकाएं/अध्यापक गाइड निकाली हैं ।

आदर्श अनुदेशी सामग्री

एन०सी०ई०आर०टी ने स्कूली शिक्षा में वर्क एक्सपीरिएंस के प्रमुख क्षेत्रों पर आदर्श अनुदेशी सामग्री के 20 सैट तैयार किए हैं । इस परियोजना के अन्तर्गत अब तक 19 शीर्षक निकाले जा चुके हैं ।

रीडिंग टू लर्न सीरीज़

परिषद् ने "रीडिंग टू लर्न सीरीज" के अन्तर्गत विभिन्न स्कूली अवस्थाओं के लिए अंग्रेजी और हिन्दी में पुस्तकों की एक नई श्रृंखला की शुरूआत की है । इस श्रृंखला की पुस्तकों का ध्येय पुस्तकों के लिए प्यार पैदा करने और आश्चर्य और सुन्दरता से भरपूर विश्व के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए बच्चों को तैयार करना है । अब तक इस श्रृंखला में 7 शीर्षक प्रकाशित किए जा चुके हैं ।

पढ़ें और सीखें योजना

एन सी ई आर टी ने बच्चों के लिए रुचिकर और सूचनात्मक विषयों पर विभिन्न आयु वर्ग के लिए सरल हिन्दी में पुस्तकें निकालने का निर्णय किया है । कई विख्यात वैज्ञानिकों ने एन सी ई आर टी के लिए पुस्तकें लिखने की सहमति दे दी है ।

लोटस सीरीज़

परिषद् ने "लोटस सीरीज़" नामक लोकप्रिय पुस्तकों की एक नई माला चलाई है । इस माला का उद्देश्य 11-16 के आयु वर्ग के युवा पाठकों को विभिन्न विषयों की कम दामों की पुस्तकें उपलब्ध करा कर उन्हें ज्ञान के जगत से परिचित कराना है । संचार माध्यम ने इसे परिषद् का "एक रुपया पुस्तक क्रांति" कहा है । इस माला के अन्तर्गत प्रकाशित की जाने वाली पुस्तकों के दो संस्करण होंगे — पहला एक रुपया वाला पेपर बैक संस्करण और दूसरा अधिक मूल्य का दफ्ती की जिल्दवाला पुस्तकालय संस्करण होगा । इस माला के अंतर्गत निकाली गई पहली पुस्तक "द हिस्टोरिक ट्रायल आफ महात्मा गांधी" काफी लोकप्रिय सिद्ध हुई है । पेपरबैक संस्करण बिक चुका है और इसका पुनर्मुद्रित संस्करण निकाला जा रहा है । दूसरी पुस्तक "लिविंग थाट्स आफ जवाहरलाल नेहरू" का भी विमोचन हो चुका है ।

पुस्तक निर्माण में श्रेष्ठता के लिए पुरस्कार

एन०सी०ई०आर०टी के प्रकाशन अपनी अंतर्वस्तु और उत्पादन की उत्कृष्ट कोटि के लिए जाने माने हैं । परिषद् द्वारा निकाली गई पहली, तीसरी व छठी कक्षा की नई पाठ्यपुस्तकों की, उच्च कोटि के उत्पादन व डिज़ाइन के लिए काफी प्रशंसा की गई है ।

एन०सी०ई०आर०टी० के प्रकाशनों ने, भारतीय प्रकाशक संघ द्वारा दिल्ली में, मई, 1987 में आयोजित प्रतियोगिताओं में पुस्तक निर्माण में श्रेष्ठता के लिए आठ पुरस्कार जीते । प्रकाशन विभाग की इस उपलब्धि की प्रशंसा विभिन्न अग्रणी समाचारपत्रों द्वारा की गई ।

एन०सी०ई०आर०टी की "योगासन" शीर्षक वाली एक अध्यापक गाइड को, भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित, शारीरिक शिक्षा, खेल,

स्वास्थ्य शिक्षा, मनोरंजन और योग पर 16वीं राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दिया गया ।

आठवें विश्व पुस्तक मेले, नई दिल्ली में भारतीय प्रकाशक संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में चार पुस्तकों ने, पुस्तक निर्माण में श्रेष्ठता के लिए पुरस्कार जीते ।

प्रकाशन विभाग के स्टाफ के सदस्यों को पुरस्कार/प्रतिष्ठाएं

दिल्ली साहित्य अकादमी ने प्रधान संपादक श्री प्रभाकर द्विवेदी को "वही आदिम आँच" नामक उपन्यास पर रु. 5100/– का पुरस्कार दिया।

स्विट्जरलैंड में भारत की गौरवशाली "कला प्रदर्शनी" में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् ने श्री सांतो दत्ता, सम्पादक को कला आयुक्त के रूप में काम करने के लिए आमंत्रित किया ।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जानी मानी, हास्य लेखकों की संस्था – जिन्दा दिलां –ए– हैदराबाद ने नवंबर, 1987 में हैदराबाद में आयोजित एक समारोह में श्री मुजतबा हुसैन, सम्पादक को "अभिनंदन ग्रंथ" प्रस्तुत करके सम्मानित किया ।

श्री मुजतबा हुसैन को, उर्दू साहित्य को उनके साहित्यिक योगदान के लिए कर्नाटक उर्दू अकादमी ने भी सम्मानित किया ।

बिक्री

आलोच्य वर्ष में, एन सी ई आर टी के प्रकाशनों की बिक्री से रु० 6, 12,79, 993.83 पै० (रुपए छह करोड़ बारह लाख उन्नासी हजार नौ सौ तिरानवे और तिरासी पैसे) प्राप्त हुए ।

कापीराइट की अनुमति

राज्य स्तर की अनेक एजेंसियों ने एन सी ई आर टी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में अपनी अभिरुचि दिखलाई है । नीचे दी गई सारणी में उन एजेंसियों के नाम दिए गए हैं जिन्हें आलोच्य वर्ष में परिषद् ने अपनी पाठ्य पुस्तकों और अन्य प्रकाशनों के प्रकाशित करने के लिए स्वीकरण/अनुकूलन करने की अनुमति दी है ।

दिल्ली पाठ्यपुस्तक ब्यूरो, अलीगंज, कर्बला मार्केट, लोदी रोड, नई दिल्ली–3	पहली, तीसरी व छटी कक्षा की निम्नलिखित नई पुस्तकों के मुद्रण और वितरण के लिए कापीराइट अनुमति दी गई । 1. बाल भारती, भाग–1 2. अभ्यास पुस्तिका बाल भारती, भाग –1 3. गणित, कक्षा 1 4. बाल भारतीय, भाग–3 5. अभ्यास पुस्तिका बाल भारतीय भाग–3 6. गणित, कक्षा 3 7. परिवेशीय अध्ययन (विज्ञान) कक्षा 3 8. किशोर भारती, कक्षा 6 9. संक्षिप्त रामायण 10. गणित , कक्षा 6 11. प्राचीन भारत 12. हमारा नागरिक जीवन 13. देश और उनके निवासी 14. विज्ञान, कक्षा 6
सचिव, हि० पु० विद्यालय शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, जिला कांगड़ा	एन सी ई आर टी की निम्नलिखित पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण और वितरण के लिए कापीराइट अनुमति दी गई । 1. गणित, भाग 3, कक्षा 3 2. हम और हमारा देश, कक्षा 3 3. विज्ञान, कक्षा 3 4. इंगलिश रीडर बुक (एस० एस०), कक्षा 4 5. स्वस्ति, भाग 1, कक्षा 5 6. गणित, भाग 1, कक्षा 6 7. देश और उनके निवासी, कक्षा 6 8. हमारा नागरिक जीवन, कक्षा 6 9. हिंदी व्याकरण और रचना, कक्षा 7 व 8 10. प्राचीन भारत, कक्षा 6 11. सभ्यता की कहानी, भाग 1 कक्षा 9 12. मनुष्य और वातावरण, कक्षा 9 13. सभ्यता की कहानी, भाग 2, कक्षा 10

14. भारत विकास की ओर, कक्षा 10
15. मैथेमेटिक्स बुक 3 कक्षा 11 व 12
16. मैथेमेटिक्स बुक 4, कक्षा 12
17. मैथेमेटिक्स बुक 5, कक्षा 12
18. माडर्न इंडिया, कक्षा 12
19. आधुनिक भारत, कक्षा 12
20. संस्कृत काव्य तरंगिणी, कक्षा 12
21. संस्कृत गद्य मंदाकिनी, कक्षा 12
22. रसायन विज्ञान, भाग 1, कक्षा 9
23. संक्षिप्त रामायण, कक्षा 6
24. विज्ञान, कक्षा 6
25. भौतिकी भाग, कक्षा 9
26. आधुनिक जीव विज्ञान, भाग 1, खण्ड 1,
27. आधुनिक जीव विज्ञान, भाग 1, खंड 2, कक्षा 9
28. गणित, भाग 1, खंड 2,कक्षा 9
29. नागरिक और शासन, कक्षा 9–10
30. हिन्दी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, कक्षा 12
31. केमिस्ट्री, पार्ट 2, कक्षा 12
32. बायोलोजी, पार्ट 2, वाल्यूम 1, कक्षा 12
33. बायोलोजी, पार्ट 2, वाल्यूम 2, कक्षा 12
34. इंडियन कंस्टीट्यूशन एंड द गवर्नमेंट, कक्षा 12
35. –वही (हिन्दी)
36. इंडियन डेमोक्रेसी एट वर्क, कक्षा 12
37. –वही– (हिन्दी),कक्षा 12
38. मीडिवल इंडिया, भाग 2, कक्षा 12
39. –वही– (हिन्दी)
40. नेशनल इन्कम एकाउंटिंग, कक्षा 12
41. –वही– (हिन्दी)
42. एन इन्ट्रोडक्शन टु इकोनामिक थ्योरी, कक्षा 12
43. –वही– (हिन्दी)
44. बाल भारती, भाग 1, कक्षा 1
45. बाल भारती, भाग 3, कक्षा 3
46. किशोर भारती, भाग 1, कक्षा 5
47. फोर्थ स्टेप टु इंगलिश रीडर (बी कोर्स, कक्षा 9)
48. फोर्थ स्टेप टु इंगलिश सप्लीमेंटरी रीडर (बी कोर्स, कक्षा 9)
49. द वैब आफ अवर लाइफ, कक्षा 12
50. काव्य संचयन, भाग 2, कक्षा 12
51. गद्य संचयन, भाग 2, कक्षा 12

सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

एन सी ई आर टी को निम्नलिखित पाठ्यपुस्तकों के स्वीकरण और मुद्रण के लिए कापीराइट अनुमति दी गई ।

1. सभ्यता की कहानी, भाग 1, कक्षा 9
2. मनुष्य और वातावरण, कक्षा 9
3. रसायन विज्ञान, भाग 1, कक्षा 9
4. भारत विकास की ओर, कक्षा 10
5. सभ्यता की कहानी भाग 2, कक्षा 10
6. रसायन विज्ञान, भाग 1, कक्षा 10
7. साइकोलाजी, एन इन्ट्रोडक्शन टु ह्यूमन बिहेवियर, कक्षा 9
8. चाइल्ड साइकोलाजी, कक्षा 12
9. वर्कबुक टु स्टैप्स टु इंगलिश रीडर, बुक 4 (बी कोर्स) कक्षा 9
10. वर्कबुक टु स्टैप्स टु इंगलिश रीडर, बुक 5 (बी कोर्स), कक्षा 10
11. फोर्थ स्टेप टु इंगलिश रीडर, (बी कोर्स), कक्षा 11
12. फोर्थ स्टेप टु सप्लीमेंटरी रीडर (बी कोर्स), कक्षा 9
13. फोर्थ स्टेप टु इंगलिश रीडर (बी कोर्स), कक्षा 10
14. फोर्थ स्टेप टु इंगलिश सप्लीमेंटरी रीडर (बी कोर्स), कक्षा 10

15. अभिनव काव्य भारती, भाग 1, कक्षा 11
16. अभिनव गद्य भारती, भाग 1, कक्षा 11
17. अभिनव कथा भारती, भाग 1, कक्षा 11
18. द पीपुल, कक्षा 11
19. स्टोरीज़, प्लेज़ एण्ड टेबल्ज एण्ड एडवेंचर, कक्षा 11
20. फाइव वन एक्ट प्लेज़, कक्षा 11
21. अभिनव काव्य भारती, भाग 2, कक्षा 11
22. अभिनव गद्य भारती, भाग 2, कक्षा 11
23. द वैब आफ अवर लाइफ, कक्षा 12
24. द कोर्स इन रिटेन ईंगलिश, कक्षा 12
25. आधुनिक जीव विज्ञान, भाग 1, खण्ड 1
26. आधुनिक जीव विज्ञान, भाग 1, खण्ड 2
27. धरती की, भाग 1, खण्ड 2
28. गणित, भाग 1, खण्ड 1, कक्षा 9
29. गणित, भाग 1, खण्ड 2, कक्षा 9
30. नागरिक और शासन, कक्षा 9–10
31. आधुनिक जीव विज्ञान, भाग 2, कक्षा 10
32. गणित, भाग 2, कक्षा 10
33. भौतिक विज्ञान के आधार, कक्षा 11
34. भारत का सामान्य भूगोल, भाग 1, कक्षा 11

निदेशक, तेलुगु अकादमी, हैदराबाद — दसवीं कक्षा के लिए एन सी ई आर टी पाठ्यपुस्तक मार्डन इंडिया को तेलुगु में अनुवाद करवा कर प्रकाशित करवाने की कापीराइट अनुमति ।

सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, भोपाल, म० प्र० — एन सी ई आर टी निम्नलिखित पाठ्यपुस्तकों के स्वीकरण और मुद्रण के लिए कापीराइट अनुमति ।

1. रागिनी, कक्षा 11
2. संस्कृत काव्य तरंगिणी, कक्षा 11

वितरण

परिषद् के प्रकाशन, पिछले वर्षों की भांति, परिषद् के राष्ट्रीय वितरकों, सूचना व प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा, जिनके बिक्री निर्गम संघशासित प्रदेश दिल्ली के अतिरिक्त पूरे देश की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नई दिल्ली, कलकत्ता, बंबई, मद्रास, त्रिवेन्द्रम, पटना, लखनऊ और हैदराबाद में स्थित हैं, बेचे और वितरित किए जाते रहे । संघशासित प्रदेश दिल्ली में परिषद् के प्रकाशन, एन सी ई आर टी द्वारा नियुक्त किए गए 14 थोक एजेन्टों के माध्यम से बेचे और वितरित किए गए । उर्दू के प्रकाशन एकमात्र, दिल्ली प्रशासन की उर्दू अकादमी के माध्यम से बेचे और वितरित किए गए । एन०सी०ई०आर०टी० के विशेष प्रकाशन "फ्रीडम स्ट्रगल आफ इंडियाज़ इंडीपेंडेंस, विज़ुअल्स आफ डाक्यूमेंट्स एलबम" नई दिल्ली के लिए भी दिल्ली व मद्रास में दो वितरक नियुक्त किए गए ।

परिषद् की पत्रिकाएं, पिछले वर्षों की भांति सीधे परिषद् द्वारा ही बेची और वितरित की गई ।

बिक्री और वितरण की ऊपर बताई गई व्यवस्थाओं के अतिरिक्त, परिषद् की पुस्तकों की आपूर्ति के लिए, स्कूलों व अन्य शैक्षिक संस्थाओं से सीधे ही आर्डर भी लिए गए । इस वर्ष में केन्द्रीय विद्यालयों के 320, सैनिक स्कूलों के 35, तिब्बतियों के लिए केन्द्रीय विद्यालयों के 70, नवोदय विद्यालयों के 209, अन्य स्कूलों के 310 और अरुणाचल प्रदेश के स्कूलों व जिला शिक्षा अधिकारियों के 29 आर्डरों सहित कुल मिला कर 973 आर्डर सीधे प्राप्त हुए और उनकी पूर्ति की गई । विदेशों की कई शैक्षिक संस्थाओं से भी अनेक आर्डर मिले जिनकी पूर्ति मर्चेंट निर्यातकों के माध्यम से की गई । ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के लिए पाठ्यपुस्तकें, स्कूल शिक्षा बोर्ड, हरियाणा को सीधे ही दी गईं और ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा की कुछ चुनिंदा पाठ्यपुस्तकें स्कूल शिक्षा बोर्ड, हिमाचल प्रदेश को भी दी गईं ।

इसके अतिरिक्त, स्कूल शिक्षा बोर्ड, जम्मू व कश्मीर के लिए ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा की पुस्तकें परिषद् द्वारा मुद्रित करवाई और अपने राष्ट्रीय वितरकों के माध्यम से उपलब्ध कराई ।

इनके अतिरिक्त, अलग अलग व्यक्तियों से प्राप्त पोस्टल आर्डरों पर भी कार्रवाई की गई और हजारों व्यक्तिगत खरीदार भी हमारे बिक्री काउंटर पर आए । इस वर्ष में प्रकाशित अनेक शीर्षक, परिषद् द्वारा समय-समय पर अनुमोदित व्यक्तियों के और निःशुल्क वितरण की सूची के अंतर्गत आने वालों को भेजे / वितरित किए गए । परिषद् के निःशुल्क प्रकाशनों के बारे में, अनेक शैक्षिक संस्थाओं और शोधकर्ताओं से प्राप्त मांगों की भी आपूर्ति की गई।

पुस्तक मेला/प्रदर्शनी में भाग लेना

परिषद् ने निम्नलिखित पुस्तक मेलों/प्रदर्शनियों में अपने प्रकाशन प्रदर्शित किए :

- शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितम्बर 1987 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रकाशन विभाग द्वारा आयोजित पुस्तक प्रदर्शन ।
- एन०सी०ई०आर०टी० द्वारा नवंबर 1986 में जबलपुर में आयेजित विज्ञान प्रदर्शनी ।

– प्रकाशन विभाग द्वारा अक्तूबर 1987 में पटियाला हाउस, नई दिल्ली में आयोजित विशेष पुस्तक प्रदर्शनी ।
– एन बी टी द्वारा नवंबर 1987 में तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली में आयोजित बाल पुस्तक मेला ।
– एन बी टी द्वारा फरवरी 1988 में आयोजित आठवां विश्व पुस्तक मेला ।

इनके अलावा प्रकाशन विभाग ने एन०सी०ई०आर०टी० कैम्पस में भी अनेक अवसरों पर प्रदर्शनियां आयोजित कीं ।

परिषद् ने, एन सी ई आर टी के चुनिंदा प्रकाशन, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के माध्यम से भेज कर निम्नलिखित अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों/प्रदर्शनियों में भी भाग लिया :

– प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक उत्सव मन्नागुआ (निकारागुआ), 20 – 26 जुलाई 1987
– 19 वां सिंगापुर पुस्तक उत्सव और मेला 5–13 सितम्बर, 1987
– मलेशिया पुस्तक मेला, 21–30 अगस्त 1987
– 39 वां फ्रेंकफर्ट पुस्तक मेला, 1987
– भारत उत्सव, यू०एस०एस०आर०, 1987
– लंदन पुस्तक मेला, 28 से 30 मार्च 1988
– 20 वां काहिरा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला, जनवरी–फरवरी, 1988

पत्रिकाओं का प्रकाशन

पत्रिका कक्ष का मुख्य कार्य, परिषद् की 6 लक्ष्य अभिविन्यस्त पत्रिकाएं निकालने का है । पत्रिका कक्ष कुछ शैक्षिक कार्यक्रम और शोध कार्यकलाप भी अपने हाथ में लेता है । पत्रिका कक्ष द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं का विवरण नीचे दिया गया है :

इंडियन एजुकेशनल रिव्यू (त्रैमासिक)

इसमें शोध लेख, शिक्षा और सम्बद्ध विद्याशाखाओं में डाक्टरी तथा डाक्टरोत्तर अनुसंधान के संक्षिप्त विवरण, अनुसंधान टिप्पणियां और शिक्षा एवं अनुसंधान की पुस्तकों की समीक्षाएं होती हैं ।

जर्नल आफ इंडियन एजुकेशन (द्वैमासिक)

नवाचारों और बेहतर पढ़ाई की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए इसमें लेख, दस्तावेज़, पुस्तक समीक्षाएं आदि होती हैं । कभी–कभी किसी विशेष प्रकरण के अधिगम–अध्यापन के संवर्धन के लिए विशेष प्रकरण अंक भी निकाले जाते हैं ।

स्कूल साइंस (त्रैमासिक)

पत्रिका में, समुदाय के लाभ के लिए लोकप्रिय विज्ञान लेख छापे जाने के अलावा स्कूल विज्ञान के नवाचारों और प्रयोगों का प्रसार भी किया जाता है ।

द प्राइमरी टीचर (त्रैमासिक)

यह पत्रिका पूर्व–प्राथमिक और प्राथमिक स्कूल के अध्यापकों के लिए है, जो उन्हें कक्षाओं से सम्बद्ध समस्याओं को हल करने, प्रयोगों को आज़माने और अध्यापन में सुधार लाने में सहायक होती है ।

प्राइमरी शिक्षक (हिंदी में एक त्रैमासिक)

यह पत्रिका भी प्राथमिक स्कूल अध्यापकों के लिए है ।

भारतीय आधुनिक शिक्षा (हिंदी में त्रैमासिक)

यह पत्रिका शोधकर्ताओं और स्कूल अध्यापकों के लिए है, जो उन्हें कक्षाकक्ष में अध्यापन में सहायता करती है । इसमें शिक्षा में नवाचार स्थायी तौर पर छपते हैं । प्रकरण विशेष पर इसके विशेषांक भी निकाले जाते हैं ।

आलोच्य वर्ष में इन पत्रिकाओं के निम्नलिखित अंक निकाले गए :

इंडियन एजुकेशनल रिव्यु	चार अंक
जर्नल आफ इंडियन एजुकेशन	छ : अंक
प्राइमरी टीचर	चार अंक
प्राइमरी शिक्षक	चार अंक
स्कूल साइंस	चार अंक
भारतीय आधुनिक शिक्षा	चार अंक

पत्रिका कक्ष के शैक्षिक पत्रकारिता पर हस्तपुस्तिका के लिए लेख लिखने के लिए चार कार्यशालाएं, शैक्षिक पत्रकारिता पर इयर बुक (वार्षिकी) के लिए लेख लिखने पर दो कार्यशालाएं और शैक्षिक अनुसंधान और नीति निर्माण में संबंधों की समस्याओं पर एक संगोष्ठी आयोजित की। इन कार्यक्रमों का विवरण सारणी 14.2 में दिया गया है ।

इन अनुसंधान परियोजनाओं के अतिरिक्त पत्रिका कक्ष ने शैक्षिक पत्रकारिता पर राष्ट्रीय सर्वेक्षण भी किया ।

प्रलेखन

पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना विभाग, परिषद् के एक सूचना साधन केन्द्र के रूप में कार्य करता है । इसके मुख्य कार्य निम्नलिखित उद्देश्यों की दृष्टि से पठन सामग्री एकत्रित और आयोजित करने के साथ–साथ उनका प्रचार–प्रसार भी करना है :

(i) राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, केन्द्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी संस्थान के संकाय सदस्यों और देश भर के शिक्षा क्षेत्र से संबंधित विद्वानों को आवश्यकताओं की पूर्ति करना ।
(ii) शिक्षा संबंधी सूचनाओं के लिए एक वितरण केन्द्र का काम करना।
(iii) शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और अध्ययन का संवर्धन ।
